36 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-36 अंक-280 | रायपुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com



## फर्स्ट कालम

### पीएम मोदी इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर्स वाले पहले नेता, ट्रम्प से दोगुने

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन, यानी 10 करोड़ फॉलोअर्स हो गए हैं। इस प्लेटफॉर्म पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर और पॉलिटिशियन बन गए हैं। पीएम मोदी 2014 में इंस्टाग्राम से जुड़े थे। यहां उनके अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प से दोगुने से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं। ट्रम्प 43.2 मिलियन फॉलोअर्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दुनिया के 5 बड़े लीडर्स के कुल फॉलोअर्स की संख्या मोदी के अकेले फॉलोअर्स की संख्या से कम है। ट्रम्प के बाद इंडोनेशिया के प्रेसिडेंट प्रबोवो सुबियांटो 15 मिलियन फॉलोअर्स का नंबर आता है। ब्राजील के प्रेसिडेंट लूला 14.4 मिलियन फॉलोअर्स के साथ चौथे नंबर पर हैं। तुर्की के प्रेसिडेंट एर्दोगन के 11.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

### रिटायर्ड आईएएस गणेश शंकर मिश्रा बनाए गए राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने



सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गणेश शंकर मिश्रा को राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस संबंध में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग ने आदेश जारी किया है। यह नियुक्ति उनके कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी।

### वॉट्सएप 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

### 1 अप्रैल से 20% एथेनॉल मिक्स पेट्रोल अनिवार्य

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से देशभर में ई20 पेट्रोल की बिक्री अनिवार्य कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। इसके अनुसार, अब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेल कंपनियों को 20% एथेनॉल मिला हुआ पेट्रोल ही सप्लाई करना होगा। हालांकि, देश के कई हिस्सों में ई20 (20% इथेनॉल मिक्स) पेट्रोल की शुरुआत 2023 से ही हो चुकी है, लेकिन ये ऑप्शनल था।

### 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत

**नागौर।** राजस्थान के नागौर के प्राइवेट स्कूल में 9 साल की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह ग्राउंड में खेलते समय गिर गई थी। स्कूल स्टाफ उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना नागौर के गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में 23 फरवरी की सुबह करीब 7.48 बजे हुई थी। इसका वीडियो गुरुवार को सामने आया है। छात्रा के बड़े भाई की भी 4 महीने पहले ऐसे ही हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। स्कूल डायरेक्टर रामकुंवार ओला ने बताया- तालनपुर के रहने वाले राजेंद्र बापेडिया की बेटी दिव्या पांचवीं क्लास की स्टूडेंट थी।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़

**वॉशिंगटन डीसी।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वॉरशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

---

**विधानसभा बजट सत्र : राज्य की जेलों में एक साल में 66 कैदियों की मौत, 48 मामलों में जांच लंबित**

# जेल अभिरक्षा में आदिवासी नेता की मौत पर विपक्ष का हंगामा, वाकआउट

### गृह मंत्री ने सदन में दी जानकारी

**समवेत शिखर न्यूज**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को जेल अभिरक्षा में आदिवासी नेता की मौत पर विपक्षी सदस्यों ने प्रश्नकाल में हंगामा किया। सदन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक आदिवासी नेता की मौत को हत्या करार देते हुए मामले की जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग की। इस मुद्दे पर सदन में जमकर नारेबाजी हुई। गृह मंत्री के जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस सदस्यों ने सदन से वाकआउट कर दिया।

प्रश्नकाल में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सवाल के जवाब में गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की केंद्रीय एवं जिला जेलों में जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 तक कुल 66 कैदियों की कस्टोडियल डेथ हुई है। उन्होंने बताया कि 66 मामलों में से 18 प्रकरणों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 48 मामलों में जांच की प्रक्रिया अभी जारी है। प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि मृतकों के नाम और संबंधित जेलों का विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने पूछा कि क्या कवर्धा जेल में बंद पंकज साहू की कस्टोडियल डेथ इस सूची में शामिल है? साथ ही जीवन ठाकुर का मामला उठाते हुए कहा कि वे कांकेर जेल में बंद थे, लेकिन उनकी मृत्यु रायपुर में हुई। क्या यह प्रकरण भी 66 मामलों में शामिल है?

इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि पंकज साहू की मृत्यु मांगी गई अवधि से पहले की है, इसलिए वह इस आंकड़े में शामिल नहीं है। वहीं जीवन ठाकुर को कांकेर से न्यायालय की अनुमति के बाद रायपुर लाया गया था। इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि जीवन ठाकुर आदिवासी समाज के प्रमुख नेता थे और गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे, लेकिन जेल में उन्हें समुचित उपचार नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी समाज ने प्रदर्शन भी किया था।



इस पर गृह मंत्री ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जीवन ठाकुर के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के प्रमाण मिलने पर कार्रवाई की गई थी। 12 अक्टूबर 2025 को उन्हें जेल लाया गया था। उन्हें शुगर की बीमारी थी और तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल भेजा गया था, जहां परिजन उनसे मिलते रहे। उन्होंने यह भी बताया कि जेल अधीक्षक ने न्यायालय को सूचित किया था कि वे उपचार में सहयोग नहीं कर रहे थे। जेल अस्पताल की रिपोर्ट के अनुसार शुगर के मरीज होने के बावजूद वे आवश्यक परहेज नहीं करते थे। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर उनका स्थानांतरण रायपुर किया गया। इस पर भूपेश बघेल ने सवाल उठाया कि कोई भी शुगर का मरीज जानबूझकर अपनी हालत क्यों बिगाड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि उस समय उनका बेटा भी उसी जेल में था, लेकिन दोनों को अलग रखा गया। उनका तर्क था कि बेटा बेहतर देखभाल कर सकता था। साथ ही कांग्रेस विधायकों को भी मिलने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया।

भूपेश बघेल ने मामले की जांच विधानसभा की समिति से कराने की मांग की। इस पर गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि जब किसी मामले में पहले से मजिस्ट्रेट जांच चल रही हो, तो समानांतर जांच का औचित्य नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति किसी न किसी समाज से जुड़ा होता है, इससे कानून की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हो सकती।

### आरोपियों की सूची से ड्रग पैडलर नव्या मलिक का नाम गायब क्यों?

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल उठाया कि बहुचर्चित ड्रग पैडलर नव्या मलिक का नाम आरोपियों की सूची से गायब है। प्रश्न के उत्तर में दी गई जानकारी में नव्या मलिक का नाम क्यों नहीं है?, आखिर नव्या का नाम क्यों छुपाया गया? इसके लिए जिम्मेदार कौन है?, नव्या मलिक किसके साथ, कितनी बार विदेश गई है?, क्या इस लापरवाही पर कोई कार्रवाई होगी? इस पर गृहमंत्री ने कहा कि वह इस संबंध में अलग से जानकारी प्राप्त कर अवगत कराएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में हत्या, लूट और फिरौती जैसे जघन्य अपराधों में 35 प्रतिशत वृद्धि के संबंध में सवाल उठाया। इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने जवाब दिया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराधों में कमी आई है।

---

# पश्चिम एशिया में शांति-स्थिरता के साथ भारत के हित जुड़े है, विवादों का समाधान संवाद से हो : मोदी

**यरुशलम, (ए)।** पश्चिम एशिया में तनाव और युद्ध के बढ़ते खतरों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि इस क्षेत्र के साथ भारत के हित सीधे हुड़े हुए है और क्षेत्र के मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीकों से निकाला जाना चाहिए।

ईरान के परमाणु कार्यक्रम और वहां मानवाधिकारों की स्थिति को ले कर उसके और अमेरिका के बीच टकराव की बढ़ती आशंकाओं के बीच श्री मोदी ने कहा कि भारत और दुनिया के विकासशील देश शुरू से चाहते हैं कि मसलों का समाधान संवाद और शांतिपूर्ण तरीके से हो। प्रधानमंत्री ने इजराइल की यात्रा के दूसरे और आखिरी दिन यहां इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ साझा संवाददाता सम्मेलन में कहा, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता से भारत के सीधे सुरक्षा हित जुड़े हैं। इसलिए हमने शुरुआत से ही संवाद और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है।÷ उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ (



विकासशील देश) और पूरी मानवता की पुकार भी यही है।

श्री मोदी ने कहा, भारत की सोच स्पष्ट है- मानवता कभी भी किसी लड़ाई के बीच न पिसे। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी पहल से गाजा क्षेत्र में शांति और विकास के लिए तय की गयी योजना के प्रति भारत के समर्थन को दोहराते हुए कहा, गाजा शांति योजना से शांति का एक रास्ता बना है। भारत ने इन प्रयासों का पूर्ण समर्थन किया है। भविष्य में भी हम सभी देशों के साथ संवाद और सहयोग जारी रखेंगे। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया के साथ भारत के सदियों पुराने आर्थिक , वाणिज्यिक , सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक संबंध है। नये युग में भारत अपनी ऊर्जा की जरूरतों और वाणिज्यिक आदान प्रदान, माल परिवहन और कई सामरिक महत्व के मामलों में पश्चिम एशियाई देशों के साथ गहराई से जुड़ा है। प्रधानमंत्री ने श्री नेतन्याहू के साथ आज प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद आयोजित इस संयुक्त सवादाता सम्मेलन में यह भी कहा, आज हमने क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। क्षेत्रीय सम्पर्क सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए, हम भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक कॉरीडॉर (आई-मेक) और भारत-इजराइल- यूएई- यूएसएस (अमेरिका) यानी 'आई-2-यू-2' पर नई गति से आगे बढ़ेंगे। श्री मोदी ने अपने वक्तव्य में आतंकवाद के प्रति भारत के कड़े रुख को दोहराते हुए कहा कि इजराइल भी इसी राय का है। उन्होंने कहा, भारत और इजरायल पूरी तरह से स्पष्ट हैं कि आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं है। किसी भी रूप में, किसी भी तरीके के आतंकवाद को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### भारत और इजराइल द्विपक्षीय मंत्री स्तरीय बैठकों की व्यवस्था पर सहमत

**यरुशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान दोनों देश भविष्य में नियमित तौर पर द्विपक्षीय मंत्री स्तरीय बैठकों की व्यवस्था पर सहमत हुए हैं। श्री मोदी की यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन गुरुवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसकी घोषणा की। दोनों देशों के बीच संबंधों में नवाचार को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो नवाचार करते हैं, और इजराइल तथा भारत नवाचार के लिए प्रतिबद्ध हैं। नियमित मंत्री स्तरीय बैठकों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा, हम प्राचीन सभ्यताएं हैं, अपने अतीत पर बहुत गर्व करने वाली, लेकिन भविष्य को अपनाने के लिए पूरी तरह दृढ़ संकल्पित - और हम इसे साथ मिलकर और बेहतर कर सकते हैं। हमने भारत में जी2जी (सरकारों के बीच) बैठक करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने ÷भारत के असाधारण रूप से प्रतिभाशाली लोगों और इजराइल के लोगों÷ के साथ सहयोग पर चर्चा की, और इसे ठोस रूप देने पर सहमत हुए।

---

# यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं, शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (ए)।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नॉर्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं। राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है।

उन्होंने पूछा जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां क्रूसवालों से डरते है? जहां असहमति को कुचलना



शासन का स्वभाव बनता जा रहा है? दरअसल, दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस मेंबर्स ने शर्ट उतार कर प्रोटेस्ट किया था। इस संबंध में दिल्ली पुलिस 3 सदस्यों को गिरफ्तार करने शिमला पहुंची थी। इसके बाद हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस को उन्हें ले जाने से रोक लिया था। राहुल ने ये बातें गिरफ्तार तीन यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिल्ली वापस लाने की इजाजत मिलने के बाद कही। सोचिए मुद्दा कोई भी हो, अगर आप सत्ता के खिलाफ संवैधानिक तरीके से आवाज उठाते हैं, तो लाठी, मुकदमा और जेल, यह लगभग तय है। पेपर लीक से त्रस्त युवाओं ने अपने भविष्य के लिए आवाज उठाई, जवाब मिला लाठियों से।

देश की गौरवशाली महिला पहलवानों ने बीजेपी के प्रभावशाली नेता पर लगे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनकी पुकार को बदनाम किया गया, आंदोलन को कुचला गया, और उन्हें सड़कों से जबरन हटाया गया।

---

# एसीबी की बड़ी कार्रवाई, 2 करोड़ गबन मामले में एसबीआई की कैशियर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बिलासपुर जिले के बिल्हा शाखा में दो करोड़ के गबन मामले में एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक की तत्कालीन कैशियर तेजवथ थीरापतम्मा को गुरुवार को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से संदिग्ध मोबाइल भी जब्त किया गया है, जिससे कई अहम खुलासे होने की उम्मीद जताई जा रही है।एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार बिल्हा स्थित एसबीआई शाखा में 19 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 के बीच कैशियर ने बैंक कर्मचारियों और अन्य लोगों के साथ मिलकर पद का दुरुपयोग किया। इस दौरान बैंक के रिकॉर्ड और खातों में छेड़छाड़ कर करीब 2.06 करोड़ रुपए की राशि का गबन कर बैंक को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया। इस मामले में शाखा प्रबंधक पीयूष बारा ने आर्थिक अपराध अन्वेषण/एसीबी मुख्यालय रायपुर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर 19 जनवरी 2026 को आरोपी कैशियर सहित अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।



---

# करप्शन इन ज्यूडीशियरी वाली एनसीईआरटी किताब पर सुप्रीम कोर्ट का बैन

### कहा- हार्ड कॉपी वापस लें डिजिटल कॉपी हटाएं

**नई दिल्ली (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर वाली एनसीईआरटी के 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब बैन कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि जो किताबें छप चुकी हैं, उसे जब्त कीजिए और डिजिटल कॉपियों को भी हटाइए।

कोर्ट ने इस मामले में एनसीईआरटी डायरेक्टर और केंद्रीय शिक्षा सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सिलेबस से जुड़ी बैठकों की कार्यवाही और विवादित चैप्टर लिखने वाले लेखकों के नाम और उनकी योग्यता बताने को भी कहा है।



सीजेआई ने कहा- यह न्यायपालिका को बदनाम करने की गहरी और सोची-समझी साजिश लगती है। जिम्मेदारों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गहराई से जांच होगी और केस बंद नहीं होगा। एनसीईआरटी पर अवमानना की कार्रवाई भी हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विवादित चैप्टर को तैयार करने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका का पूरा सम्मान करती है और उसका अपमान करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

---

# अनिल अंबानी पर 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी का नया केस

### बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

**नई दिल्ली (ए)।** अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी का



आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने साल 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी की है। बैंक की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशन के दफ्तरों पर छापेमारी की, जहां से लोन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे पहले अनिल अंबानी आज एक अन्य मामले में श्वष्ठ के सामने पेश हुए थे। फर्जी ट्रांजैक्शन के जरिए पैसा डायवर्ट करने का आरोप सीबीआई के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस ने बैंक से लोन लिया, लेकिन उस पैसे का इस्तेमाल तय काम के लिए करने के बजाय अपनी ही दूसरी कंपनियों (रिलेटेड पार्टीज) में फर्जी ट्रांजैक्शन दिखाकर डायवर्ट कर दिया। जांच में सामने आया है कि इस हेरफेर की वजह से बैंक ऑफ बड़ौदा को 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा का घाटा हुआ है।

### मनी-लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के सामने पेश हुए अनिल अंबानी, 3,716 करोड़ का बंगला 'अबोड' कुर्क

**मुंबई।** रिलायंस ग्रुप के पूर्व चेयरमैन अनिल अंबानी आज 26 फरवरी को दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। अंबानी सुबह करीब 11 बजे जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचे, जहां उनसे विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन और फंड के डायवर्जन को लेकर सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। मामला सरकारी बैंकों से उनकी कंपनियों को मिले लोन में कथित गड़बड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। सीबीआई की 2019 की स्नढ्डक्रके आधार पर श्वष्ठ इस मामले की जांच कर रही है। एक दिन पहले ही जांच एजेंसी ने मुंबई के उनके 17 मंजिला घर 'अबोड' को कुर्क कर दिया था।

---

# संबित पात्रा ने नेहरू को 'कंप्रोमाइज्ड चाचा' बताया

### कहा- उनकी सरकार में विदेशी एजेंसियों का प्रभाव था, कांग्रेस ने पैसे देकर एआई समिट को बदनाम किया

**नई दिल्ली (ए)।** भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का कंप्रोमाइज्ड चाचा बताया। पात्रा ने कहा कि मैं बताता हूं कि असली



समझौता किसने किया। इस सिलसिले में नेहरू का नाम सबसे पहले आता है। पात्रा ने कहा कि नेहरू के निजी सचिव रहे एम.ओ. माथाई को लेकर कहा जाता था कि वे अमेरिकी एजेंट थे। 1960 के दशक में सोवियत खुफिया एजेंसी केजीबी के एजेंट प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच रखते थे। पात्रा बोले- उस दौर में यह चर्चा आम थी कि विदेशी एजेंसियों को जो भी संवेदनशील दस्तावेज चाहिए होते थे, वे आसानी से मिल जाते थे।संबित पात्रा ने दिल्ली में प्रेस कॉफ्रेंस में ये बातें कहीं। उन्होंने ये भी कहा कि,द्ब समिट को बदनाम करने के लिए कांग्रेस ने इन्फ्लुएंसर्स को पैसे के ऑफर्स दिए।

---

# शराब पीकर गाड़ी चलाने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा रद्द : गडकरी

**नई दिल्ली (ए)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लाखों लोगों का जीवन बचाने के लिए सरकार सुरक्षा कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है और इसमें रोड इंजीनियरिंग, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग, सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करते हुए शिक्षा तथा जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री गडकरी ने गुरुवार को यहां हैबिटेट सेंटर में सीआईआई के तत्वावधान में आयोजित नेशनल कन्क्लेव ऑफ रोड सेफ्टी विषय पर अपने विचार पेश करते हुए गुरुवार को कहा कि देश में हर साल लाखों लोगों की जान सड़क दुर्घटनाओं में जाती है और उसे बचाना आवश्यक है इसलिए सड़क इंजीनियरिंग के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस को लेकर सख्त रुख नियम बनाए जा रहे हैं।

---

**युद्धाभ्यास** | **राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार लड़ाकू हेलिकॉप्टर में भरेंगी उड़ान**

# राजस्थान में 12000 किग्रा बारूद से दहल उठेगा पाकिस्तान बॉर्डर, 77 फाइटर जेट दिखाएंगे ताकत

**जैसलमेर (ए)।** पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज (जैसलमेर) में भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति-2026' कल (27 फरवरी) होगा।

युद्धाभ्यास में सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहेंगी। वे 2 दिवसीय (26 और 27 फरवरी) जैसलमेर दौरे पर हैं। वे गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे जैसलमेर पहुंचीं। यहां एयरफोर्स स्टेशन पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और सीएम भजनलाल शर्मा ने उनकी अगवानी की। इसके बाद काफिले के साथ वे आर्मी स्टेशन के लिए रवाना हुईं। तय शेड्यूल के अनुसार- राष्ट्रपति 27 फरवरी को कॉम्बैट हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगी। इस दौरान वे युद्धाभ्यास क्षेत्र का हवाई मुआयना करेंगी। यह पहली बार होगा, जब राष्ट्रपति जैसलमेर की सीमावर्ती एयरस्पेस में किसी लड़ाकू हेलिकॉप्टर की सह-पायलट बनेंगी। इसके बाद वे वायुसेना



स्टेशन पर अधिकारियों और जांबाजों के साथ संवाद कर उनका हौसला बढ़ाएंगी। 'वायु शक्ति-2026' में प्रचंड के अलावा राफेल, सुखोई-30 MKI और अपाचे जैसे विमान भी अपनी ताकत दिखाएंगे। राष्ट्रपति की इस यात्रा को सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।जैसलमेर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। चांधन से लेकर पोकरण तक पूरे इलाके को 'नो फ्लाई जोन' घोषित कर दिया गया है।

### दुनियाभर में जाएगा भारत के पराक्रम का मैसेज

भारत इस वायु शक्ति-2026 युद्धाभ्यास से दुनिया को वायुसेना की ताकत का मैसेज देगा कि वह अंधेरे में भी सटीक प्रहार करने में सक्षम है। इसके साथ ही C-130J सुपर हरक्यूलिस विमान भी इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे। ये विमान भारतीय वायुसेना के विशेष दस्ते 'गरुड़ कमांडो' को सीधे वॉर-जोन में उतारेंगे। भारतीय वायुसेना के पास अभी 12 से अधिक C-130J सुपर हरक्यूलिस विमान हैं। 24 फरवरी को इस कार्यक्रम की फुल ड्रेस रिहर्सल हुई थी, जिससे आसमान से लेकर जमीन तक कांप उठी थी। अब मुख्य कार्यक्रम 27 फरवरी को होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 4 मार्च को जिले के सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकानें, बार एवं अहाते रहेंगे बंद

**खैरागढ़।** होली के अवसर पर आगामी 04 मार्च 2026 (बुधवार) को जिले में पूर्ण शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में होली में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। आदेशानुसार जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों, प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों, कम्पोजिट दुकानों सहित एफएल.-3 बार तथा अहाते पूरी तरह बंद रहेंगे। इसमें खैरागढ़, मुढ़ीपार, साल्हेवारा, जालबांधा, पैलीमेटा, छुईखदान, ठेलकाडीह और गण्डई क्षेत्र की मदिरा दुकानें, बार एवं अहाते शामिल हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि 04 मार्च को मदिरा की बिक्री, क्रय-विक्रय एवं सेवन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित दुकानों एवं बार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि होली के अवसर पर जिले में पूर्ण शांति, सद्भाव और अनुशासन का वातावरण बना रहे।

### बेलगांव मे रोजगार गारंटी कार्य शुरू समुदाय के लिए बाढ़ डायवर्सन चैनल का पुनरुद्धार कार्य योजना



**खैरागढ़।** ग्राम पंचायत खैरानवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव रोजगार गरेन्टी योजना के तहत पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाढ़ डायवर्सन चैनल का पूंनरुद्धार कार्य शुरू किया गया है जिसमे मनरेगा कार्य मे रजिस्टर्ड सभी ग्रामीण शामिल हुवे। प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के द्वारा नारियल आरती दिया जला कर कार्य को शुरुवात किया गया इस कार्य मे उपस्थित पंचगण (राजमहंत) किशुन मिर्चे रामेश्वरी बेदराम मिर्चे उत्तर कुमार मिर्चे टोकेंद्र जंघेल संतोषी धर्मेंद्र जंघेल !गांव के कोटवार सोनादास मानिकपुरी जी गांव के पटईल रोहित जंघेल गाँव के मेंट सुरेंद्र जंघेल मुकेश मिर्चे काशीराम गांव के 13-14-15-वार्ड के सभी नागरिक उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण 27 एवं 28 फरवरी को

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी गोपाल वर्मा ने जानकारी दी है कि भारत की जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 01 मई से 30 मई 2026 की अवधि में संपन्न किया जाएगा। जनगणना कार्यो को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से कबीरधाम जिले में 27 एवं 28 फरवरी 2026 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा।

### होली के दिन 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने होली (जिस दिन रंग खेला जाये) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। 04 मार्च को कबीरधाम जिले की सभी प्रकार की मदिरा दुकाने अर्थात् देशी, विदेशी मंदिरा, कम्पोजिट मदिरा की दुकाने एफएल. 3 (ग) पर्यटन बार, मद्य भण्डारण तथ मदिरा दुकानों के संलग्न आहतों को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया है और शुष्क दिवस पर मदिरा का अवैध विक्रय, धारण एवं परिवहन नहीं हो सुनिश्चित किया जायें।

### स्टार्ट अप उद्यमिता कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा और शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज महराजपुर में स्टार्ट अप उद्यमिता कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को स्टार्टअप एवं शासन के विभिन्न संचालित योजनाओ की जानकारी व बैंकों द्वारा वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। स्टार्टअप उद्यमिता कार्यशाला, जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित हुए।

### हर वर्ग के सपनों को साकार करने वाला जनहितैषी बजट : शीला टाकेश सिन्हा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट को जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प पत्र बताया है।

# वनांचल क्षेत्र चिल्फी एवं रेंगाखारकला सहित सभी अस्पतालों में समय पर मिले स्वास्थ्य सुविधा : साहू

### नवनियुक्त सीईओ अभिषेक अग्रवाल की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के कार्यों की हुई समीक्षा

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** जिले के वनांचल क्षेत्र चिल्फी रेंगाखारकला एवं अन्य स्थानों के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो में डॉक्टर सहित स्टाफ अपनी सेवाएं निरंतर प्रदान करे।

शासन द्वारा निर्धारित सभी प्रकार की जांच एवं अन्य सुविधाएं ग्रामीणों को समय पर मिले तथा ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उक्त निर्देश जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने सामान्य सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। अध्यक्ष ने विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, सहित आयुष्मान कार्ड अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा का लाभ ग्रामीणों को मिले यह सुनिश्चित हो। स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग एवं जिला पंचायत का वार्षिक बजट 2026-27 पर सामान्य सभा में चर्चा की गई। जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष में गत दिवस सामान्य सभा का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीकाकरण संस्थागत प्रसव उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान सहित अन्य जानकारी सभी सदस्यों को दी गई।जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी द्वारा आयुष्मान योजनांतर्गत पंजीकृत अस्पतालों एवं स्वास्थ्य बीमा के लाभ पर चर्चा की गई।प्रधानमंत्री जन औषधी योजना अंतर्गत जेनरिक दवाईयों की उपलब्धता एवं अन्य स्थानों पर नए औषधि केंद्र खोलने पर चर्चा की गई।उप स्वास्थ्य केन्द्र चियाडाढ़ में स्टाफ नहीं होने का विषय सदस्य श्रीमती दीपा धुर्वे द्वारा उठाया गया। जिला पंचायत सदस्य श्री रोशन दुबे द्वारा जिला चिकित्सालय में श्रवण बाधित मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बनने का विषय उठाया गया, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट द्वारा सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ की उपलब्धता एवं उपस्थिति तथा आरोग्य मंदिर में उपलब्ध सुविधाओं का विषय रखा गया। सदस्य श्री विरेन्द्र कुमार साहू द्वारा ग्राम मानिकचौरी में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र के खुलने एवं एएनम सहित स्टाफके रूकने की व्यवस्था से संबंधित जानकारी चाही गई। सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्री राजकुमार मेरावी, अध्यक्ष जनपद पंचायत पण्डरिया श्रीमती नन्दनी साहू एवं अन्य सदस्यों ने अपने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को रखा। सामान्य सभा के बैठक की अध्यक्षता श्री ईश्वरी साहू द्वारा की गई जिसमें सीईओं जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्रवंशी, सदस्य श्रीमति दीपा धुर्वे, सदस्य श्रीमती अनुपूर्णा चन्द्राकर, श्री रामकुमार भट्ट, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमति पूर्णिमा साहू, श्रीमति ललिता धुर्वे, श्रीमती गंगाबाई साहू, श्री राजकुमार मेरावी, श्रीमती सुमित्रा पटेल, श्री विरेन्द्र कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

# दीक्षा और सूरज बने योगासना स्पोर्ट्स के नेशनल कोच

### छत्तीसगढ़ के योग साधकों की राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिए आज एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस), पटियाला, पंजाब में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की दो उभरती और प्रतिभाशाली योग विभूतियों, दीक्षा साहू (दुर्ग) और सूरज साहू (बिलासपुर) ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए 'योगासना स्पोर्ट्स' के नेशनल कोच बनने का गौरव हासिल किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से पूरे प्रदेश के योग प्रेमियों में हर्ष की लहर है। दीक्षा साहू योग के प्रति समर्पित परिवार से आती हैं। उनके पिता तिजऊ राम साहू (योगाचार्य, महामंत्री-पतंजलि योग समिति जिला दुर्ग एवं स्टेट जज योगासना स्पोर्ट्स) और माता यशोदा देवी साहू (योग शिक्षिका) के निरंतर मार्गदर्शन और संस्कारों ने उनकी सफलता की नींव रखी है। इसी तरह सूरज साहू ने बिलासपुर जिले का गौरव बढ़ाते हुए अपनी कड़ी मेहनत, अटूट निष्ठा और तकनीकी कौशल के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर कोच एवं जज के रूप में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। दोनों नवनियुक्त नेशनल कोचों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मार्गदर्शकों गोस्वामी जयंत विष्णु भारती (प्रेसिडेंट-छत्तीसगढ़ योगासना स्पोर्ट्स), अनुप बंसल (सह-राज्य प्रभारी-भारत स्वाभिमान न्यास, छत्तीसगढ़) के साथ मास्टर आनंद सिंह (डायरेक्टर - स्वालंबी योग एकेडमी) के विशेष तकनीकी मार्गदर्शन, कठिन प्रशिक्षण को दिया है।



# होली पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने पुलिस प्रशासन अलर्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार 26 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे पुलिस कंट्रोल रूम, सेक्टर-06 भिलाई में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि होली के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। प्रत्येक थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित कर आम नागरिकों को आवश्यक समझाइश देने के निर्देश दिए गए। पूर्व वर्षों में होली के दौरान घटित घटनाओं के आधार पर चिन्हित स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। संवेदनशील क्षेत्रों, बस्तियों, पॉश कॉलोनियों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों एवं प्रमुख मार्गो पर फिक्स पिकेट स्थापित करने के साथ-साथ पैदल पेट्रोलिंग एवं बाइक पेट्रोलिंग की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। दोपहिया वाहन में तीन सवारी, स्टंटबाजी, हुड़दंग, नशे की हालत में वाहन चलाने तथा अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट एवं अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों, निगरानीशुदा अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लंबित अपराध, चालान, मर्ग एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण पर भी विशेष जोर दिया, ताकि जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ बनी रहे। बैठक के समन्वय एवं सुरक्षा व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ऋचा मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) ममता देवांगन सहित समस्त राजपत्रित अधिकारी, रक्षित निरीक्षक दुर्ग एवं सभी थाना/चौकी प्रभारियों की सक्रिय सहभागिता रही। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि होली पर्व को शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं।

# जिला पंचायत दुर्ग में 'वॉटर सिक्योरिटी एंड कंजर्वेशन' पर कन्वर्जेंस कार्यशाला आयोजित

### वर्षा जल संचयन व भूजल संरक्षण को लेकर विभागीय समन्वय पर जोर

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में वॉटर सिक्योरिटी एंड कंजर्वेशन विषय पर एक महत्वपूर्ण कन्वर्जेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता बजरंग कुमार दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दुर्ग ने की। इस कार्यशाला का संयुक्त रूप से आयोजन वॉटरएड इंडिया एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के सहयोग से किया गया।

कार्यशाला में वॉटरएड इंडिया से डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सौरभ कुमार एवं मनरेगा के एपीओ अरदीप द्वारा संचालन किया गया। उन्होंने जिले में भूजल स्तर बढ़ाने, वर्षा जल संचयन को प्रोत्साहित करने तथा जल संरक्षण के प्रभावी एवं वैज्ञानिक तकनीकी उपायों पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत एवं शहरी स्तर पर जल संरक्षण को सुदृढ़ करना, भूजल स्तर में वृद्धि हेतु विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करना तथा सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, जल संसाधन (तांदुला) विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में ग्राम पंचायत स्तर पर सोक पिट निर्माण, वर्षा जल संचयन संरचनाओं के विकास एवं भूजल पुनर्भरण कार्यों की आवश्यकता तथा उनके तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जिले के लगभग 450 विद्यालयों में सोक पिट निर्माण सुनिश्चित किया जाए। वहीं लोक निर्माण विभाग को अपने सभी निर्माण कार्यों में सोक पिट को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम भिलाई, नगर निगम दुर्ग, नगर निगम चरोदा एवं नगर निगम रिसाली को भवनों एवं आवासीय परिसरों में 100-100 सोक पिट एवं रिचार्ज पिट निर्माण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए।

# होली के पहले किसानों को मिलेगी खुशियों की सौगात 28 को कृषक उन्नति आदान सहायता होगी जारी

### जिले के 1.17 लाख किसानों को मिलेंगे 461.82 करोड़

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** होली पर्व से पहले किसानों को बड़ी सौगात देते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि जारी करने का निर्णय लिया है।



कबीरधाम जिले के 1 लाख 17 हजार 344 किसानों को कुल 461.82 करोड़ रुपए की आदान सहायता प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 28 फरवरी को राज्य स्तरीय धान बोनस वितरण कार्यक्रम के माध्यम से आदान सहायता राशि का अंतरण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री किसानों से वर्चुअल माध्यम से संवाद भी करेंगे। कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही बोड़ला, सहसपुर लोहारा और पंडरिया विकासखंड में कार्यक्रम आयोजित होंगे। कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि त्यौहारी माहौल में न केवल किसानों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा, बल्कि वे आगामी खरीफसीजन की तैयारी भी बेहतर ढंग से कर सकेंगे। यह राशि किसानों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की व्यवस्था में सहायक सिद्ध होगी। राज्य शासन की यह पहल किसानों की खुशहाली और समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। होली से पहले सहायता राशि जारी कर सरकार ने यह संदेश दिया है कि अन्नदाता की आर्थिक सुदृढ़ता सर्वोच्च प्राथमिकता है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से सरकार कृषि क्षेत्र को मजबूत आधार प्रदान कर रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिल रही है।

# तीन साल का संघर्ष रंग लाया, शासकीय कर्मियों को मिला कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ

### छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने जताया शासन का आभार

समवेत शिखर संवाददाता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने राज्य शासन द्वारा शासकीय कर्मियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा दिए जाने पर आभार जताया है। संघ के साथ-साथ शासकीय विभागों के अन्य संगठनों ने भी विगत तीन वर्षो से इस संबंध में शासन से लगातार मांग की थी। अब राज्य सरकार के बजट में इस आशय की घोषणा से स्वास्थ्य कर्मियों में हर्ष का माहौल है।

संघ के प्रदेश महामंत्री सैयद असलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का बजट वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने पेश किया, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा की सौगात देते हुए इसके लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। संघ की ओर से प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी सहित कैबिनेट मंत्रियों और छत्तीसगढ़ के समस्त विधायक और सांसदों का इस पुनीत कार्य कैशलैस चिकित्सा सुविधा योजना के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए लगातार पत्राचार, संघर्ष, ज्ञापन, धरना-प्रदर्शन करते हुए शासन के विभिन्न पटलों पर मुद्दा रखा गया। उन्होंने बताया कि स्टील व कोल के सार्वजनिक उपक्रमों और केंद्र सरकार के कर्मचारियों को यह सुविधा पहले से उपलब्ध है किन्तु राज्य शासन के कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिलता था। राज्य के सरकारी कर्मचारी केवल शासकीय अस्पतालों के भरोसे रहते है। निजी अस्पताल में उपचार और बिल का भुगतान कर पाना उसके लिए दुर्लभ था। समय पर बेहतर उपचार व उचित चिकित्सा व्यवस्था नहीं होने की वजह से कई बार अपने परिजनों को खोना पड़ जाता था। वहीं जो लोग अपना एंव परिजनों का इलाज कर्ज लेकर करा भी लेते थे, उन्हें चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि (मेडिकल बिल) उतनी स्वीकृत नहीं होती थी। दोनों स्थितियों में शासकीय कर्मचारियों को कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा था। सैय्यद असलम ने बताया कि प्रदेश के सभी संगठनों द्वारा अपने अपनी मांगों में कैशलैस चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया और शासन के समक्ष रखा गया। इन सामूहिक प्रयासों और सार्थक प्रयासों से छत्तीसगढ़ सरकार ने उन सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श कर बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किया है। राज्य शासन की ओर से शासकीय कर्मियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई तीन में अधिकारी-कर्मचारियों ने खुशियां मनाते हुए एक दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटी।

# प्रदेश सरकार की आम बजट पर लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

समवेत शिखर संवाददाता

**थान खम्हरिया।** प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट का नगर के प्रबुद्ध लोगो ने अपनी मिलीजुली प्रतिक्रिया दी है। सत्ताधारी लोगो ने इसे समावेशी बजट कहा तो विपक्ष ने बेरोजगार, किसानों व महिलाओं को छलने वाला बजट करार दिया है।

मंगलवार को वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने संकल्प थीम के साथ विधानसभा मे पुनरीक्षित व अनुमानित बजट पेश किया जिसमे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, उर्जा, गृह व लोक निर्माण जैसे अहम विभागो के लिए 1.72 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है। परंतु स्थानीय स्थानीय राजनैतिक दलो व कुछ समाजिक लोगो ने उक्त बजट पर अलग अलग प्रतिक्रिया दी है।

### राज्य सरकार ने समग्र विकास परख बजट पेश किया : केशव पटेल



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया मे थान खम्हरिया भाजपा मण्डल अध्यक्ष केशव पटेल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट समावेशी व सर्वहारा वर्ग के विकास का बजट है,भाजपा सदैव किसान, मजदूर व गरीब तबको के विकास हेतु कटिबद्ध रही है जिसे विकासोन्मुख व जनकल्याणकारी बताया है जो अधोसंरचना,ग्रामीण विकास का पर्याय बनेगा उन्होंने कहा की शिक्षा के विकास के लिए सरकार ने सबसे अधिक 22360 करोड़ का प्रावधान रखा है।

### रोजगार की अवसर बढ़ाने कोई ठोस उपाय नहीं : महेन्द्र विरदी



जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के विशेष सलाहकार महेन्द्र विरदी ने अपनी प्रतिक्रिया मे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत आम बजट 1 करोड़ 72 लाख का बजट आंकड़ों के मकड जाल में जनता को खुश करना और खुद को जनता का हितैषी बताने का प्रयास है उन्होंने बजट को विभागीय आवंटन को मात्र स्पर्श करने वाला बजट निरूपित किया है,उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए ठोस योजना बजट मे दिखाई नहीं दिया युवा वर्ग को रोजगार की जरूरत है।

### दिशाहीन व निराशाजनक बजट : जितेन्द्र उपाध्याय



ब्लाक कांग्रेस कमेटी थान खम्हरिया के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र उपाध्याय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार का प्रस्तुत बजट किसानो, महिलाओ, बेरोजगारो व ग्रामीणो के लिए दिशाहीन व निराशाजनक है,भाजपा हमेशा इन वर्गो के साथ छल करती रही है आज प्रदेश मे एक भी रोजागारोन्मुख कार्यक्रम संचालित नही है।उन्होंने कहा कि बजट मे किसानो की आर्थिक दशा सुदृढ़ करने का कोई मसौदा नही है उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार केवल मोदी के भरोसे पर काम कर रही है।

### बजट केवल लोक लुभावन व अहितकर : फिरोज खान



नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमेन फिरोज खान ने बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जन आकांक्षाओं के विपरीत व बेरोजगारो के लिए अहितकर बताया है उन्होंने कहा कि बजट संकल्प का नही बल्कि विकल्प का है जहां के अनुमान ही दिख रहा है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित व समावेशी विकास के लिए बजट मे को बडी राशि का प्रावधान नही किया गया है। उन्होंने ने प्रस्तुत बजट को बेरोजगारो व महिलाओं के लिए केवल छलावा करार दिया है।

### ढांचागत व बुनियादी सुविधाओं को किया गया दरकिनार : गौरव बिन्दल



राज्य सरकार सही मायने मे समावेशी विकास और समाज की बुनियादी आवश्यकता पर कार्य नही कर रही है उक्त बातें नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव बिंदल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही है उन्होंने कहा कि आज प्रदेश मे सर्वहारा वर्ग के लिए मंहगाई व जीवन यापन की सुविधा जुटाने कडी संघर्ष करना पड़ रहा है ऐसे समय मे प्रस्तुत बजट मे ढांचागत सुधार करने की आवश्यकता थी परंतु सरकार केवल केन्द्र सरकार के कामो भरोसे चल रही है।

### आम जनता के अपेक्षाओं के विपरीत बजट : राजेश साहू

थान खम्हरिया कांग्रेस के मण्डल अध्यक्ष राजेश साहू ने राज्य सरकार के प्रस्तुत बजट पर कहा कि भाजपा के सत्ता मे आने के बाद से ही सबसे अधिक किसान वर्ग ही परेशान रहे है उनके समक्ष खाद,बीज का सदैव संकट रहा है, प्रस्तुत बजट मे उक्त समस्या के निदान हेतु कोई ठोस उपाय नही निकाला गया है।उन्होंने प्रतिक्रिया मे कहा कि किसानो की कृषि उपज का सीधे तौर पर मंडी के माध्यम से विक्रय किया जाना चाहिए आज समूचे प्रदेश मे कृषि उपज मंडी को मॉडल बनाकर रखा गया है,प्रस्तुत बजट मे कृषि उपज की एमएसपी दर तय कर किसानो की आर्थिक स्थिति मजबूत करने कोई बडी योजना नही बनाई गयी है इसलिए राज्य सरकार का बजट जन आकांक्षाओं के विपरीत है।



# शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी पर सरकार मौन : मनराखन देवांगन

समवेत शिखर संवाददाता

**खैरागढ़।** विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने विधानसभा में प्रस्तुत राज्य बजट को जमीनी हकीकत से कटा हुआ बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बजट का आकार बढ़ा देना विकास का प्रमाण नहीं होता, असली कसौटी यह है कि प्राथमिकताएं किसके हित में तय की गई हैं। यह बजट आंकड़ों में बड़ा जरूर है लेकिन आमजन की वास्तविक जरूरतों को पर्याप्त स्थान नहीं देता। देवांगन ने कहा कि प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, फिर भी किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और सिंचाई विस्तार के स्पष्ट लक्ष्य तय नहीं किए गए। गांवों की आर्थिक रीढ़ मजबूत किए बिना प्रदेश के विकास का दावा खोखला है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की गौठान योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना गोवंश सुरक्षा के साथ-साथ ग्रामीण स्वावलंबन का सशक्त माध्यम बनी थी। गौठानों के माध्यम से स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियां बढ़ी थीं, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने इसे बंद कर दिया। गोवंश को पूजनीय बताने वाली सरकार के बजट में गौठान या उसके विकल्प का उल्लेख तक नहीं होना ग्रामीण हितों की अनदेखी है। देवांगन ने शिक्षा क्षेत्र को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हजारों शासकीय पद रिक्त पड़े हैं, लेकिन भर्ती की ठोस योजना सामने नहीं आई। डी.एड. प्रशिक्षित अभ्यर्थी महीनों से राजधानी में प्रदर्शन कर रहे हैं, पर बजट में उनके लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी और अधोसंरचना की समस्याएं जस की तस बनी हुई है।



## न्यूज ब्रीफ

### वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में महान



क्रांतिकारी, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वीर सावरकर केवल एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी विचारक, समाज सुधारक, ओजस्वी लेखक-कवि और प्रखर इतिहासकार भी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम को नई वैचारिक ऊर्जा प्रदान की तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से प्रेस क्लब प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आज सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में प्रेस क्लब अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप साहू सहित पत्रकार सौरभ सिंह परिहार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रेस क्लब द्वारा आयोजित किए जाने वाले रंगोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को औपचारिक आमंत्रण दिया। साथ ही पत्रकार हित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए सकारात्मक पहल की अपेक्षा व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा सभी विषयों पर समुचित पहल करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार आर. कृष्णा दास तथा मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### ब्यूटी-पार्लर में स्पा की चाहत में चली गोली : आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित कटोरा तालाब इलाके में एक ब्यूटी पार्लर एंड स्पा में हवाई फायरिंग हुई है। घटना 25 फरवरी 2026 की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। दो युवक दुकान बंद होने के बाद स्पा करवाने की जिद करने लगे। जब स्पा सेंटर की मालकिन ने मना किया तो उन्होंने विवाद कर हवाई फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार, महिला संचालिका ने बताया कि दुकान बंद हो चुकी थी और स्टाफ घर जा चुका था। इसी दौरान दो युवक पहुंचे और स्पा कराने की मांग करने लगे। मना करने पर दोनों ने शराब के नशे में बहस शुरू कर दी। आरोप है कि इनमें से एक युवक ने अपने पास रखी लाइसेंसी पिस्टल से हवाई फायर कर दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना संचालिका ने अगले दिन दोपहर में सिविल लाइन में दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब दो घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक पिस्टल और एक एयर गन बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील कुमार पाण्डेय (46) निवासी शेखपुर, प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश, वर्तमान में प्राइवेट पीएसओ, और अंगद सिंह (33) निवासी आदर्श नगर मोवा, पेशा ड्राइवर के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हथियार लहराते युवकों ने मनाया बर्थडे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कुछ युवकों ने खतरनाक तरीके से बर्थडे मनाया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक गैंगस्टर गानों की धुन पर झूमते हुए हाथों में चाकू और शराब की बोतलें लहराते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वीडियो किसी कमरे या हॉल में आयोजित बर्थडे पार्टी का है। केक काटने के बाद माहौल अचानक बदल जाता है और युवक कथित रूप से हथियार निकालकर उनका प्रदर्शन करने लगते हैं। कुछ युवक बिना शर्ट के नाचते दिखाई दे रहे हैं, जबकि दो युवक आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं। एक-दूसरे को कंधे पर उठाकर और हवा में चाकू लहराते हुए वे वीडियो बनाते दिख रहे हैं।

# धान खरीदी पर विपक्ष का स्थगन, कांग्रेस सदस्य गर्भगृह में पहुंचकर निलंबित हुए

### विधानसभा बजट सत्र : सभापति द्वारा स्थगन अग्राह्य होते ही नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंचे कांग्रेस विधायक

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को शून्यकाल में विपक्षी सदस्यों ने धान खरीदी में अव्यवस्था का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार की नीति को फेल बताते हुए विस्तार से चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया। सभापति द्वारा स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करने पर कांग्रेस विधायक सदन में नारेबाजी करते हुए गर्भगृह में पहुंच गए और नियमानुसार सभी कांग्रेस सदस्य सदन से स्वमेव निलंबित हो गए।

नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने स्थगन प्रस्ताव पर कहा कि धान खरीदी के मामले में सरकार की नीति फेल रही है। किसान परेशान होते रहे। पहले दिन से ही किसानों को चोर समझा। किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया। किसानों को टोकन के नाम पर परेशान किया गया। अंग्रेजों के जमाने से भी बुरी स्थिति रही है। इस पर हमने स्थगन प्रस्ताव दिया है। इस पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। उमेश पटेल ने कहा कि किसानों का कर्ज माफकी जाए और नहीं तो फिर से किसानों से खरीदी की जाए। वहीं स्थगन पर



कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने कहा कि किसानों को धान का समपर्ण कराने मजबूर किया गया है। बालोद जिले में किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया। राघवेंद्र सिंह ने कहा कि किसानों को जांजगीर जिले में खरीदी के लिए बहुत परेशान होना पड़ा। किसान को प्रताड़ित होकर जहर पीना पड़ा। एक किसान को टॉवर पर चढ़ना पड़ गया। इसी तरह ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर जिले में 93 प्रतिशत किसान का ही धान खरीदा गया। किसानों को प्रताड़ित किया गया। किसानों को अपने हक के लिए लड़ना पड़ा है। उनके लिए एफआईआर हुई। द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि धान और किसान का मुद्दा छत्तीसगढ़ के हित से जुड़ा है। किसान आज भी उम्मीद में है कि फिर से खरीदी होगी, लेकिन किसानों को परेशान करने काम किया गया। वहीं रामकुमार यादव ने कहा कि किसान को समर्पण कराने के लिए मजबूर किया गया। किसानों को डराने के लिए पुलिस को भेजा गया। कांग्रेस सदस्य बालेश्वर साहू ने कहा कि जो किसान धान नहीं बेच पाए हैं, उनकी खरीदी होनी चाहिए। किसानों का कर्ज माफी होनी चाहिए। विक्रम मंडावी ने कहा कि किसानों का यह प्रदेश है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक किसान परेशान हैं। किसानों के हित में स्थगन पर चर्चा होनी चाहिए। इसी तरह भोलाराम साहू ने कहा कि धान खरीदी के नाम पर किसानों को प्रताड़ित किया गया। किसानों को डराने और धमकाने का काम किया गया। किसानों की स्थिति बहुत खराब है। लोन लेकर खेती करने वाले किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गए। अंबिका मरकाम ने कहा कि सिहावा क्षेत्र के किसान परेशान हुए। किसान इस बात दुःखी रहे कि उनका धान नहीं खरीदा गया।

कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि पूर्व विधायक को धान बेचने के लिए धरना देना पड़ा है। जनप्रतिनिधियों को, किसानों को परेशान होना पड़ा है। यशोदा वर्मा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र खैरागढ़ में किसानों को परेशान होना पड़ा है। किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा गया। एक किसान ने परेशान होकर कलेक्ट्रेट के सामने आत्महत्या की कोशिश की। ओंकार साहू ने कहा कि धमतरी जिले में भी किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। रकबा समर्पण से किसानों की हालत खराब हुई है। किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बहुत से किसान धान नहीं बेच पाए हैं। वंचित किसानों की सुध ली जानी चाहिए। वहीं अटल श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आज किसानों को हतोत्साहित करने का काम किया गया। किसान आज कर्जा में है। किसान को धान बेचने के लिए कई तरह से परेशान होना पड़ा है। सरकार किसानों के साथ नहीं है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार की मंशा पहले स्पष्ट है कि धान और किसान पर चर्चा नहीं करानी है। छत्तीसगढ़ में आज अधिकारी राज चल रहा है। किसानों के घर में, खलिहान में जबरदस्ती प्रवेश किया गया। धान बेचने के लिए टोकन मांगने पर किसानों के घर अधिकारी भेजे गए। किसानों को चोर समझा गया। यह बेहद गम्भीर मामला है। इस पर चर्चा होनी चाहिए। श्री बघेल ने कहा कि मेरे घर पर भी अधिकारी बलात तरीके से घुसे थे। इस मामले में अगर चर्चा नहीं होती तो कम से कम सरकार की ओर से जवाब दिया जाना चाहिए।

### 1496 इनामी सहित 2937 नक्सलियों ने किया है आत्मसमर्पण : गृह मंत्री शर्मा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के चौथे दिन गुरुवार को नक्सलियों के सरेंडर और नक्सल पुनर्वास का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के सवालों का गृह मंत्री विजय शर्मा ने आंकड़ों के साथ जवाब दिया। प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने पूछा कि नक्सल पुनर्वास नीति क्या है?



2023 से अब तक अब तक कितने नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया? इनामी नक्सलियों में से किन-किन को राशि दी गई और कितनी देना बाकी है? इस पर जवाब देते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा ने सदन में बताया कि 9 फरवरी 2026 तक 1496 इनामी नक्सलियों को मिलाकर कुल 2937 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि पुनर्वास नीति के तहत अब तक प्रारंभिक राशि के तौर पर नक्सलियों को 5 करोड़ 64 लाख रुपए दी गई है। इनाम के 49 करोड़ 34 लाख रुपए की राशि दिया जाना शेष है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को राशि दे रहे हैं, जिसे 3 साल बाद वे बैंक से पैसे निकाल सकेंगे।

# प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक हुई



### कुल 10 प्रकरणों पर की गई समीक्षा एवं सुनवाई, 04 प्रकरणों में आदेश जारी करने के दिए गए निर्देश

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में कुल 10 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई। इनमें जाति जांच प्रकरण से संबंधित 08 प्रकरणों में पक्षकार समिति के समक्ष उपस्थित हुए। 04 प्रकरणों में गुण-दोष के आधार पर विनिश्चय किए जाने का निर्णय करते हुए आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। इनमें एक डीजे स्तर के अधिकारी एवं एक ग्रामीण विकास विभाग में ईएनसी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं।

02 प्रकरणों में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई की गई एवं पक्षकार को 10 दिवस के भीतर समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपने पक्ष में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। 01 प्रकरण में विजिलेंस टीम को दुबारा मौके पर जाकर सोशल स्टेटस एवं अन्य प्रमाणित तथ्यों की गहन जांच कर 45 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जबकि 03 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र धारकों को सुनवाई का एक और अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आगामी बैठक में उपस्थित होकर अपनी जाति के संबंध में प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत करन के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा नियमित अंतराल में बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से संबंधी प्रकरणों का निपटारा किया जा रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय से संबद्ध प्रकरणों पर भी नियमानुसार पारदर्शी एक समयबद्ध तरीके से सुनवाई कर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है।

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकायों के आम-उपचुनावों की तैयारी प्रारंभ

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ समन्वय बैठक आयोजित

समवेत शिखर न्यूज





**रायपुर।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री यशवंत कुमार तथा राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे राज्य निर्वाचन आयुक्त ने स्थानीय निकायो के आगामी आम एवं उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने विशेष रूप से निर्वाचक नामावली के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि आगामी आम /अप निर्वाचन हेतु आवश्यक ,निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक नामावली का अद्यतन डाटा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उक्त नामावली प्राप्त होते ही जिससे स्थानीय निकाय के आगामी निर्वाचन हेतु समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी तथा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के नगरीय निकायो में अध्यक्ष के 6 एव पार्षद के 75 पद तथा ग्रामीण निकायों में जनपद पंचायत सदस्य के 06 पद, सरपंच के 70 पद तथा पंच के 977 पद रिक्त हैं जिन पर आम/उप चुनाव अपेक्षित हैं ।

# छत्रपति शिवाजी महाराज पर निबंध प्रतियोगिता आज

### महाराष्ट्र मंडल में मराठी भाषा दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल ने शुक्रवार, 27 फरवरी को मराठी भाषा दिवस के अवसर पर मराठी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया है। तीन भिन्न आयुवर्गों के आयोजित इस स्पर्धा में शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागी घर से



निबंध लिखकर महाराष्ट्र मंडल कार्यालय में 27 फरवरी को दोपहर 12 बजे तक जमा कर सकते हैं। महाराष्ट्र मंडल की साहित्य समिति प्रभारी कुमुद लाड ने बताया कि निबंध की भाषा मराठी होनी चाहिए। जिसे ए-फोर साइज के पेपर में एक तरफ लिखकर जमा करना है। निबंध की शब्द सीमा 200 शब्द तक निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता का पहला आयुवर्ग 10 से 17 वर्ष के लिए है। इसका विषय 'छत्रपति शिवाजी महाराज की युद्ध शैली की एक दिलचस्प घटना' निर्धारित है। लाड के अनुसार दूसरे आयुवर्ग में 18 से 30 वर्ष के प्रतिभागियों के लिए 'छत्रपति शिवाजी महाराज की न्याय व्यवस्था' विषय निर्धारित किया गया है। वहीं 31 वर्ष से ऊपर के आयुवर्ग वाले प्रतिभागियों के लिए 'छत्रपति शिवाजी महाराज का हिंदवी स्वराज्य' विषय निर्धारित है। प्रतिभागी मराठी में निबंध लिखकर निर्धारित शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक महाराष्ट्र मंडल कार्यालय में जमा करना होगा। महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में 27 फरवरी को शाम 6:30 बजे आयोजित मराठी भाषा दिवस समारोह में न केवल मराठी भाषा की गरिमा और आवश?यकता पर कई वक्ता अपने विचार रखेंगे। उसी आयोजन में निबंध स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। लाड के अनुसार महाराष्ट्र मंडल व मध्य प्रदेश मराठी साहित्य अकादमी की तर्ज पर महाराष्ट्र मंडल भी समय- समय पर संस्थागत स्तर पर मराठी निबंध, पत्र लेखन जैसी स्पर्धाएं आयोजित करते रहता है।

# तहसील कार्यालय में वकीलों का हंगामा नकल कॉपी नहीं मिलने पर हुआ विवाद

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के तहसील कार्यालय में नकल की कॉपी नहीं मिलने पर वकीलों द्वारा हंगामा किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना कल की है।

जानकारी के अनुसार, कुछ वकील हाईकोर्ट में अपील दायर करने के लिए तहसील कोर्ट से दस्तावेजों की नकल कॉपी मांग रहे थे। आरोप है कि समय पर नकल कॉपी उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे नाराज वकीलों ने तहसील कार्यालय में हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान तहसील कार्यालय के कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर बदसलूकी की गई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि वकीलों ने अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल



किया और तहसीलदार को भी गाली दी। इतना ही नहीं, एक कर्मचारी से नाम के साथ उसकी जाति बार-बार पूछे जाने और मारने की धमकी देने की भी बात सामने आई है। हंगामे के दौरान प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पर भी रिश्वत लेने का आरोप लगाए जाने की चर्चा है। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि यह मामला बुधवार को तहसीलदार ख्याति नेताम की कोर्ट का है। ख्याति नेताम वहां उपस्थित नहीं थी, किसी दूसरे की नेम प्लेग वहां लगा था। वहां कोई उमेश साहू करके व्यक्ति था। कल मेरी एसोसिकेट (जूनियर) वकील तहसील कार्यालय ऑर्डर की कॉपी लेने के लिए गई थी तो वहां के कर्मचारी ने कहा कि बिना खर्चे के काम नहीं होगा। इस पर विवाद खड़ा हुआ। मैंने सीधे रूप से कहा कि मैं पैसा नहीं दूंगा। मैं बिना पैसे के काम करने वाला व्यक्ति हूं।

### मामले की जांच की जाएगी : एसडीएम

इस मामले में एसडीएम नंद कुमार चौबे ने कहा कि वकीलों को अगर ऐसी कोई शिकायत थी तो मेरे संज्ञान में लाना था। संबंधित तहसीलदार से शिकायत करनी थी। एसडीएम ने इस पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है।

### कलेक्टर सिंह ने निर्माणाधीन तहसील कार्यालय और वर्किंग वीमेन हॉस्टल का किया निरीक्षण

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज रायपुर में निर्माणाधीन नए तहसील कार्यालय एवं सिद्धार्थ चौक स्थित वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। कलेक्टर ने नए तहसील कार्यालय के निर्माण स्थल पर उपयोग में लाई जा रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने साइट अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य स्वीकृत नक्शे के अनुरूप एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। इसके पश्चात कलेक्टर ने सिद्धार्थ चौक में निर्माणाधीन 250 सीटर वर्किंग वीमेन हॉस्टल का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि इस हॉस्टल का निर्माण नगर निगम रायपुर द्वारा कराया जा रहा है।

# पीएम राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा

### केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ली वर्चुअल बैठक

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज सभी राज्यों के परिवहन और स्वास्थ्य मत्रियों के साथ पीएम राहत योजना की बैठक ली। इस बैठक में परिवहन मंत्री श्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल वर्चुअल रूप से शामिल हुए और अपने सुझावों को रखा।

बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित पीएम राहत योजना के अंतर्गत अब दुर्घटना पीड़ितों को गोल्डन ऑवर में त्वरित और कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे के भीतर यदि पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो मृत्यु की संभावना 50 प्रतिशत तक कम हो सकती



**परिवहन मंत्री केदार कश्यप और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बैठक में हुए शामिल**

है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह योजना प्रभावी रूप से लागू की गई है। इस योजना के तहत भारत में कहीं भी मोटर वाहन से संबंधित सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ित को तत्काल निकटतम सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा।

यह उपचार आयुष्मान भारत (एबी-पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत पंजीकृत अस्पतालों में उपलब्ध होगा। पीड़ित या उसके परिजनों से किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं लिया जाएगा।

#### अस्पताल में प्रवेश एवं पंजीकरण

पीएम राहत योजना के तहत अस्पताल द्वारा पीड़ित की पहचान सत्यापित कर 24 घंटे के भीतर उसे टीएमएस 2.0 पोर्टल पर पंजीकृत किया जाता है।

#### उपचार की व्यवस्था

बैठक में केंद्रीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों तक ट्रॉमा/पॉलीट्रॉमा पैकेज के अंतर्गत 1.50 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

#### रिपोर्टिंग एवं सत्यापन

अस्पताल द्वारा 24 घंटे के भीतर स्थानीय पुलिस को सूचना दी जाती है तथा दुर्घटना का विवरण इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट प्रणाली में दर्ज किया जाता है।

#### दावा प्रसंस्करण एवं भुगतान

अस्पताल द्वारा दावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाता है। स्वीकृत राशि का भुगतान मोटर वाहन दुर्घटना कोष से किया जाता है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर स्टेशन पर रेलवे स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों की धरपकड़ अभियान

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के रायपुर स्टेशन पर रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुगम रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन पर रेलवे



प्रशासन ने स्थानीय निकाय के सहयोग द्वारा स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों की मानवीय तरीके से धरपकड़ का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।

यह अभियान रायपुर स्टेशन के सभी प्लेटफार्म सहित स्टेशन परिसर में दिनांक 25 एवं 26 फरवरी को चलाया गया जिसमें लगभग 20 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। यह अभियान स्थानीय नगर निगम के सहयोग से चलाया जा रहा है। स्टेशन परिसर में आवारा कुत्तों की उपस्थिति से यात्रियों, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को असुविधा का सामना ना करना पड़े। कई बार कुत्तों के झुंड के कारण प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक आवाजाही बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

# सावरकर ने हिंदुत्व को राष्ट्रीयता का आधार बनाया : काले

### महाराष्ट्र मंडल में मनाई गई विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर को भारतीयता के मूलस्वर हिंदुत्व के विचार को देश में स्थापित करने का श्रेय जाता है। सावरकर ने हिंदू और हिंदुत्व शब्द को उपासनापरक अर्थ से बाहर निकालकर उसे राष्ट्रीयतापरक अर्थ दिया। हिंदुत्व को राष्ट्रीयता का आधार बनाया, इसीलिए उन्हें हिंदू राष्ट्र का मंत्रदृष्टा कहा जाता है।

उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने गुरुवार, 26 फरवरी को विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि के मौके पर कही। बता दें कि वर्ष 1966 में आज ही के दिन 83 साल की उम्र में वीर सावरकर ने मुंबई में आखिरी सांस ली थी। दंडवते ने कहा कि मां भारती के परिश्रमी और समर्पित पुत्र वीर सावरकर के जीवन से हमें विपरीत परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्पित रहने की शिक्षा मिलती है। उनका साहस, संयम, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना देशवासियों का सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी। सावरकर के विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। वरिष्ठ रंगसाधक अनिल श्रीराम कालेले ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल की अपील पर आयुर्वेदिक कालेज मुख्य मार्ग के किनारे स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा नगर निगम की ओर से स्थापित की जाएगी। एमआईसी में इस आशय का प्रस?ताव पारित होने के बाद अब जितनी जल?दी हो सके, प्रतिमा स?थापित करनी चाहिए, ताकि उसका अनावरण 28 मई को वीर सावरकर जयंती पर किया जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत देशपांडे ने मुख्यमंत्री से प्रदेश के युवाओं को अंडमान-निकोबार के सेल?यूलर जेल भ्रमण कराने की महाराष?ट्र मंडल की अपनी मांग को फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि राज?य सरकार की यह पहल युवाओं को सावरकर के जीवन के बारे में जानने और समझने का मौका देगी। वरिष्ठ सभासद दीपक पात्रीकर ने कहा कि 1924 में सदाशिव राजाराम रानाडे ने 'स्वातंर्त्य वीर सावरकर यांचे संक्षिप्त चरित्र' नामक मराठी में उनकी लघु जीवनी लिखी थी।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### केरल अब केरलम

अपने देश के एक राज्य केरल का नाम अब केरलम हो जाएगा। केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले के बाद नामकरण की औपचारिकताएं पूरी करने की दिशा में तेजी आ गई है। केरल विधानसभा से प्रस्ताव प्राप्त करने के बाद केंद्र सरकार केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 को संसद में पेश करने के लिए राष्ट्रपति की सिफारिश मांगेगी, ताकि नाम विधिवत केरलम किया जा सके। वैसे, मलयाली साहित्य और संस्कृति में केरलम शब्द पहले से ही उपयोग में है। फिर भी यह आधिकारिक रूप से केरल नाम से जाना जाता है। केरली और केरलाइट जैसे शब्द प्रचलित हैं, पर अब केरलम शब्द भी कुछ नए विशेषण लिए सामने आएगा।

आश्चर्य नहीं, राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) ने इस निर्णय का स्वागत किया है। साल 2023 और 2024 में केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में केरल का नाम बदलकर केरलम करने के लिए प्रस्ताव पेश किए थे। लंबे समय से जारी एक मांग पूरी हुई है, तो जाहिर है, केरलम प्रेमियों में खुशी की लहर है। हालांकि, इसके पीछे की राजनीति भी चर्चा में है। क्या केरल में विधानसभा चुनाव को देखते हुए नाम बदला गया है? क्या इस नाम से कोई राजनीतिक लाभ किसी पार्टी को होगा? वैसे, चुनावी लाभ अपनी जगह है, लेकिन इतिहास में केवल यही लिखा जाएगा कि साल 2026 में भारत के एक सुंदर तटीय राज्य का नाम केरलम रखा गया था। राज्य का नाम बदलने की घटना विरल ही है।

दक्षिण भारत की बात करें, तो साल 2006 में केंद्र शासित राज्य पांडिचेरी का नाम पुडुचेरी रखा गया था और उसके पहले 1973 में राज्य मैसूर का नाम कर्नाटक रखा गया था। बीच में उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड और उड़ीसा का नाम ओड़िशा किया गया था। आमतौर पर राज्यों का नाम बदलने की मांग शायद ही होती है और अभी के दौर में केवल पश्चिम बंगाल ही ऐसा राज्य है, जहां से नाम बदलने की मांग हो रही है। साल 2018 में पश्चिम बंगाल की सरकार ने नाम बदलकर बंगाल रखने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था। यह प्रस्ताव भी विचारणीय है, क्योंकि बंगाल के आगे पश्चिम लिखने का कोई औचित्य नहीं है। देर-सबेर यह परिवर्तन होना ही है। बहरहाल, इस पर पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरू हो गई है। ध्यान रहे, वहां भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। वैसे, हर सरकार के समय यथासंभव नाम परिवर्तन हुए हैं। यह राजनीति नहीं, जरूरत है।

लोगों की मांग पर ही मद्रास को चेन्नई, बंगलौर को बेंगलुरु, बॉम्बे को मुंबई, कलकत्ता को कोलकाता, गुड़गांव को गुरुग्राम किया गया। नाम हर दौर में बदले हैं, पर हां, वर्तमान केंद्र सरकार के समय नाम बदलने के प्रयास ज्यादा हुए हैं। सरकार नीति के तहत गुलामी के संकेतों को मिटाना चाहती है, तो अनेक नाम बदलने की चर्चा है। गौर कीजिए, दिल्ली को इंद्रप्रस्थ करने की फिर मांग उठी है। अहमदाबाद का नाम अमरावती और हैदराबाद का नाम भाग्यनगर करने की भी मांग है। नाम बदलाव केवल बहुमत के अनुरूप नहीं, संविधान की भावना और स्थानीय संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए।

# अर्थव्यवस्था का एक नया नजरिया : भारत के जीडीपी के आधार में संशोधन को समझना

■ सौरभ गर्ग



सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी किसी देश की अर्थव्यवस्था के आकार और उसकी सेहत को आंकने का एक तरीका है। यह एक राष्ट्र का वह रिपोर्ट कार्ड है, जो हमें बताता है कि वह देश वस्तुओं और सेवाओं के लिहाज से कितना उत्पादन कर रहा है। जब जीडीपी बढ़ रही होती है, तो आमतौर पर इसका मतलब होता है कि कारोबार जगत वस्तुओं एवं सेवाओं का अधिक उत्पादन कर रहा है, अधिक संख्या में लोगों को रोजगार मिल रहा है और आय बढ़ रही है। वैश्विक स्तर पर भी जीडीपी का बेहद महत्व होता है। वर्तमान में भारत विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है और अनुमान है कि 2030 तक यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।




अर्थव्यवस्था को मापने के एक साधन के रूप में, जीडीपी को अर्थव्यवस्था की सही नब्ज को पहचानने के उद्देश्य से नियमित रूप से संशोधित करते रहने की जरूरत होती है। इस काम को बदलती अर्थव्यवस्था के साथ तालमेल बनाए रखने के इरादे से जीडीपी के आधार वर्ष को नियमित अंतराल पर अद्यतन करके पूरा किया जाता है। जैसे- जैसे अर्थव्यवस्था के स्वरूप बदलता जाता है और नए उद्योग उभरते हैं, उपभोग के पैटर्न बदलते हैं तथा आंकड़ों के नए स्रोत विकसित होते हैं, इन संशोधनों से आधिकारिक आंकड़ों को असली हकीकतों के अनुरूप ढालने में मदद मिलती है और अनुमान अधिक सटीक व ठोस बन जाते हैं।

आधार में पिछले संशोधन के बाद से आंकड़ों के नए स्रोतों की उपलब्धता ने हमें जीडीपी में अलग-अलग सेक्टरों और अलग-अलग क्षेत्रों के योगदानों को अधिक स्पष्ट रूप से देखने और बेहतर तरीकों को अपनाने में मदद की है। उदाहरण के लिए, अनौपचारिक क्षेत्र को भी व्यापक रूप से कवर करने वाले गैर-निगमित क्षेत्र द्वारा मूल्य वर्धन का अनुमान लगाने में संदर्भ में। जीडीपी के आधार में पिछले संशोधन के बाद से, कंपनियों के प्रबंधन एवं प्रशासन संबंधी आंकड़े (एमजीटी-7/7ए) जैसे कुछ नए किस्म के आंकड़े उपलब्ध हुए हैं। ये आंकड़े कंपनियों द्वारा की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों की संख्या, एनआईसी 2008 के अनुसार व्यावसायिक गतिविधि के विवरण और प्रत्येक वर्ष प्रत्येक व्यावसायिक गतिविधि (उद्योग) से प्राप्त प्रतिशत कारोबार (टर्नओवर) की जानकारी प्रदान करते हैं। इसलिए, आधार का पुनर्निर्धारण करते समय बहु-गतिविधियों वाले उद्यमों के लिए मूल्यवर्धन को अब पहले की तरह पूरी तरह से मुख्य गतिविधि को आवंटित करने के बजाय नए उपलब्ध एमजीटी-7 के आंकड़ों के आधार पर विभिन्न गतिविधियों में आवंटित किया जाता है। इस बदलाव से हमें अलग-अलग सेक्टरों के योगदानों को अधिक सटीक रूप से समझने में मदद मिलती है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि प्रत्येक व्यावसायिक गतिविधि अर्थव्यवस्था को किस प्रकार संचालित कर रही है।जिस प्रकार कंपनी स्तर के नए आंकड़े हमें अलग-अलग सेक्टरों के योगदानों को अधिक सटीक रूप से मापने में मदद करते हैं, ठीक वैसे ही नई श्रृंखला में जीएसटी आंकड़ों के बेहतर उपयोग से अन्य बातों के अलावा, निजी कॉरपोरेट सेक्टर से संबंधित क्षेत्रीय आवंटन में सुधार और राज्य स्तर पर व्यय-पक्ष के अनुमानों के बेहतर संकलन के जरिए जीडीपी में क्षेत्रीय योगदानों का अधिक सटीक और सूक्ष्म दृष्टिकोण हासिल होता है। एएसयूएसई और पीएलएफएस जैसे सर्वेक्षणों से हासिल वार्षिक आंकड़ों की उपलब्धता, जिसकी सुविधा पहले नहीं थी, ने हमें गैर-निगमित क्षेत्र द्वारा वार्षिक रूप से मूल्यवर्धन का अनुमान लगाने की एक बेहतर पद्धति अपनाने में समर्थ बनाया है। पहले हम अन्य संकेतकों से अप्रत्यक्ष रूप से जीडीपी में इसके योगदान का अनुमान लगाते थे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि लाखों घरेलू व्यवसायों, छोटी दुकानों और स्वरोजगार श्रमिकों से मिलकर बना यह सेक्टर अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है और रोजगार एवं आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जीडीपी के आधार में संशोधन महज आंकड़ों के नए स्रोतों के उपयोग से कहीं आगे की बात है। यह कार्यप्रणाली में सुधार से भी जुड़ा है और इस संदर्भ में, जीडीपी की नई श्रृंखला में कई कार्यप्रणालीगत सुधार देखे गए हैं।

पहले, कीमतों में बदलाव के अनुसार जीडीपी को समायोजित करने की दोहरी अपस्फीति (डबल डिफ्लेशन) विस्तृत विधि सिर्फ कृषि क्षेत्र में ही लागू होती थी। वर्ष 2022-23 की नई श्रृंखला में दोहरी अपस्फीति विधि का विस्तार करके इसे मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र तक ले आया गया है, जहां अब पर्याप्त आंकड़े उपलब्ध हैं और अन्य सभी क्षेत्रों में एकल बहिर्वेशन (सिंगल एक्सट्रपलेशन)/ मात्रात्मक बहिर्वेशन (वॉल्यूम एक्सट्रपलेशन) विधि का उपयोग किया जाता है। यह दृष्टिकोण उपलब्ध आंकड़ों का सर्वोत्तम उपयोग करता है, जिससे अनुमान सटीक और विश्वसनीय बने रहते हैं। दोहरी अपस्फीति में बहुत अधिक आंकड़ों की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसके लिए आउटपुट और इनपुट दोनों की कीमतों पर विस्तृत जानकारी की जरूरत होती है। जैसे-जैसे समय के साथ यह आंकड़ा और अधिक उपलब्ध होता जाएगा, हम इसके उपयोग का विस्तार और अधिक क्षेत्रों में कर सकेंगे। कार्यप्रणाली की दृष्टि से एक उल्लेखनीय सुधार यह है कि अर्थव्यवस्था के अनुमानों को उत्पादित वस्तुओं (उत्पादन पक्ष) और लोगों एवं कारोबार जगत द्वारा किए गए व्यय (खर्च पक्ष) के आधार पर ढाला गया है। ये दोनों पक्ष अक्सर पूरी तरह से मेल नहीं खाते, जो कि दुनिया के तमाम देशों में और खासकर तिमाही जीडीपी के मामले में, एक आम समस्या है। इस समस्या को दूर करने के उद्देश्य से नई श्रृंखला में 'आपूर्ति एवं उपयोग सारणी' के ढांचे का उपयोग किया जा रहा है ताकि प्रारंभिक अनुमानों में विसंगतियों को सीमित किया जा सके और अंतिम अनुमानों के समय पूरे आंकड़े उपलब्ध होने पर उन्हें पूरी तरह से दूर किया जा सके। जीडीपी के आंकड़ों को अद्यतन करना अर्थव्यवस्था को और भी स्पष्ट नजरिए से देखने जैसा है। हर आर्थिक गतिविधि, चाहे छोटी हो या बड़ी, स्पष्ट रूप से सामने आती है और राष्ट्र के विकास में उसके योगदान का सटीक तरीके से उजागर होता है। बेहतर आंकड़ों का उपयोग करके, विधियों को परिष्कृत करके और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के अनुरूप ढलकर, मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था को और भी स्पष्ट रूप से पेश किया है। नागरिकों के लिए इसका मतलब यह है कि अब नीतियां एवं सार्वजनिक सेवाएं अर्थव्यवस्था की कार्यप्रणाली की सटीक समझ पर आधारित हैं, जिससे विकास का असर सिर्फ कागजों पर ही नहीं बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी महसूस हो रहा है।

**इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।**

## प्रेरक प्रसंग

### मूर्ख गधा

एक बार दो गधे अपनी पीठ पर बोझा उठाये चले जा रहे थे, उनको काफी लंबा सफर तय करना था.. एक गधे की पीठ पर नमक की भारी बोरियां लदी हुई थीं तो एक की पीठ पर रूई की बोरियां लदी हुई थीं। जिस रास्ते से वो जा रहे थे उस बीच में एक नदी पड़ी, नदी के ऊपर रेत की बोरियों का कच्चा पुल बना हुआ था.. जिस गधे की पीठ पर नमक की बोरियां थीं, उसका पैर बुरी तरह से फिसल गया और वह नदी के अंदर गिर पड़ा.. नदी में गिरते ही नमक पानी में घुल गया और उसका वजन हल्का हो गया.. वह यह बात बड़ी प्रसन्नता से दुसरे को बताने लगा.. दुसरे गधे ने सोचा कि यह तो बढ़िया युक्ति है, ऐसे में तो मैं भी अपना भार काफी कम कर सकता हूँ और उसने बिना सोचे समझे पानी में छलांग लगा दी, किन्तु रूई के पानी सोख लेने के कारण उसका भार कम होने की जगह बहुत बढ़ गया, जिस कारण वह मुर्ख गधा पानी में डूब गया। एक संत यह सारा किस्सा अपने शिष्यों के साथ देख रहे थे, उन्होंने अपने शिष्यों से कहा- मनुष्य को सदा अपना विवेक जागृत रखना चाहिए, बिना अपनी बुद्धि लगाए दूसरों की नकल कर वैसा ही करने वाले सदा उपहास के पात्र बनते हैं। मित्रों हमारी असल जिंदगी में भी यही बात लागू होती है, हम किसी को एक क्षेत्र में सफल होते देख उसे कॉपी करना शुरू कर देते हैं, हमे लगता है कि यदि कोई बंदा अपने क्षेत्र में सफल हो गया तो हमे भी उस क्षेत्र में सफलता मिल जायेगी लेकिन हम शायद यह ध्यान नहीं देते कि उसके पीठ पर नमक वाली बोरी है मतलब उसका इंटरेस्ट अलग है और भूलवश हम रूई की बोरी को लादे छलांग लगा देते हैं मतलब दूसरा टैलेंट या इंटरेस्ट को लादे उस क्षेत्र में सफल होने का ख्वाब देखते है।

## धर्म-कर्म

### फाल्गुन मास का आखिरी प्रदोष व्रत 28 फरवरी को

सनातन धर्म में कई ऐसे व्रत होते हैं जिनका पौराणिक महत्व है और माना जाता है कि इनके जरिए जिंदगी में आने वाली हर बाधा खत्म होती है। ऐसे ही एक व्रत होता है जिसका नाम प्रदोष व्रत होता है। महीने में दो बार आने वाले प्रदोष व्रत की पूजा को काफी फलदायी माना जाता है। इसे हर महीने आने वाले कृष्ण शुक्ल और शुक्ल पक्ष के त्रयोदशी तिथि पर ही रखा जाता है। इस खास दिन पर भगवान शिव और मां पार्वती को पूजा जाता है। फाल्गुन का महीना अब खत्म होने वाला है और इसमें पड़ने वाले आखिरी प्रदोष व्रत का विशेष महत्व है। बता दें कि ये प्रदोष व्रत मार्च के महीने में पड़ रहा है।हिंदू पंचांग के हिसाब से अभी शुक्ल पक्ष चल रहा है और इस पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 28 फरवरी की रात से हो रही है और ये अगले दिन यानी 1 मार्च की शाम तक रहने वाला है। ऐसे में फाल्गुन महीने का आखिरी प्रदोष व्रत 1 मार्च को रखा जाएगा। नीचे विस्तार से जानें कि इसके लिए पूजा का शुभ मुहूर्त और विधि क्या है? कैलेंडर के हिसाब से फाल्गुन महीने का आखिरी प्रदोष व्रत रविवार को पड़ रहा है और इस वजह से इसे रवि प्रदोष व्रत कहा जाएगा। बता दें कि प्रदोष व्रत जिस दिन भी पड़ता है, उसका नाम उसी दिन के हिसाब से पड़ जाता है। अगर प्रदोष व्रत शुक्रवार को पड़ेगा तो इसे शुक्र प्रदोष व्रत कहा जाएगा। वहीं अगर ये सोमवार को पड़ेगा तो इसे सोम प्रदोष व्रत कहा जाएगा। हिंदी पंचांग के हिसाब से त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 28 फरवरी की रात 8.05 पर शुरू हो रहा है। वहीं इस तिथि का समापन 1 मार्च को शाम 6.30 बजे तक रहेगा।

## आंचलिक

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीकाकरण पर विशेष जोर

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली, उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने स्वास्थ्य केंद्रों की रात्रि काल में उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को रात्रि में निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एएनसी जांच एवं संस्थागत प्रसव सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिन स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की औसत 5 से कम होने की स्थिति में, वहां के संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफ़िसर को नोटिस जारी करने को कहा और खराब प्रदर्शन वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ की ड्यूटी जिला अस्पताल में रोस्टर के अनुसार लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल समस्या के समाधान पर जोर देते हुए प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने मातृ- शिशु मृत्यु दर की पृथक से विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा स्टील बर्थ के प्रत्येक प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। सर्वेक्षण सूची के आधार पर सभी बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने तथा जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में बीसीजी का शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने कहा गया।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीबी, हायपर टेंशन, मानसिक स्वास्थ्य और जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए एक्टिव सर्विलांस, डेंगू के पीक सीजन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा सूअरपालन वाले क्षेत्रों में जापानी इंसेफेलाइटिस रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा। टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार हेतु ई-संजीवनी के माध्यम से जिला अस्पताल स्तर पर प्रमुख सेवाएं शुरू करने तथा एआरवी रजिस्टर के सुव्यवस्थित संधारण पर बल दिया गया। अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग में संस्था स्तर पर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर नियमित ब्लॉकिंग तथा डे-केयर पैकेज की ब्लॉकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के तहत जून माह तक प्रत्येक ब्लॉक में 02 नए पीएचसी और 05 एसएचसी तैयार करने, वय वंदन योजना के शेष हितग्राहियों के कार्ड समयबद्ध बनाने, एनसीडी स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूर्ण करने तथा अस्पतालों में दवाइयों के ऑनलाइन-ऑफलाइन स्टॉक का शत प्रतिशत मिलान करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, डीपीएम रीना लक्ष्मी सहित सभी ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईटीआई जगदलपुर के प्रशिक्षणार्थियों का नवाचार-स्क्रेप से बनाया 'इंडिया' का आकर्षक नक्शा

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जगदलपुर के व्यवसाय वेल्डर के प्रशिक्षणार्थियों ने नवाचार और कुशल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्था के फिटर व्यवसाय के प्रायोगिक परीक्षा उपरांत निकले अनुपयोगी लोहे के स्क्रेप का रचनात्मक उपयोग करते हुए भारत का आकर्षक नक्शा तैयार किया है। इस रचनात्मक कार्य में संस्था के प्राचार्य सह संयुक्त संचालक श्री परमेश्वर ईड़पाचे, वेल्डर व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी श्री पीएस बारिक तथा फिटर व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी श्री कन्हैयालाल नायक का मार्गदर्शन एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा।

प्राचार्य सह संयुक्त संचालक श्री ईड़पाचे ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार से न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ती है, बल्कि संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है। उल्लेखनीय है कि तैयार किया गया इंडिया का नक्शा वर्तमान में संस्था परिसर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इससे पूर्व भी संस्था परिसर में पहाड़ी मैना का मॉडल तैयार किया जा चुका है, जो प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल का प्रमाण है।

## आज का इतिहास

- ✳2005 - मारिया शारापोवा ने 'कतर ओपन' खिताब जीता।
- ✳2007 - लान्साना कोयटे गुयाना के नये प्रधानमंत्री बने।
- ✳2008 - *लगातार सातवें साल विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए 25 महिलाओं को 'जी. आर- 8 सम्मान' से नवाजा गया।
- ✳2009 - भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी लोकसभा सीट का उत्तराधिकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता लाल जी टंडन को सौंपा।
- ✳2010 - भारत ने आठवीं राष्ट्रमंडल निशानेबाज़ी प्रतियोगिता में 35 स्वर्ण, 25 रजत और 14 काँस्य सहित कुल 74 पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया। इंग्लैंड चार स्वर्ण सहित 31 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर और वेल्स चार स्वर्ण सहित 13 पदक जीतकर तीसरे स्थान पर रहा। ऑस्ट्रेलिया ने तीन स्वर्ण सहित 19 पदक जीतकर चौथा स्थान हासिल किया।

# आम आदमी को नियमों के तहत वैध अधिकार दिलाने निगम कटिबद्ध : संजय पाण्डेय

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** नगर निगम कार्यालय में बुधवार को महापौर संजय पांडेय एवं आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध प्लॉटिंग के नियमितिकरण के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चर्चा उपरांत सभी पक्षों की सहमति से चरणबद्ध रोडमैप तैयार किया गया।

अवैध प्लॉटिंग के नियमितिकरण हेतु लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय एवं तैयार किया गया रोडमैप इस प्रकार है।

सर्वप्रथम संबंधित भूमि की वास्तविक स्थिति का निर्धारण राजस्व अभिलेखों के अधीन किया जाना आवश्यक होगा। इसके अंतर्गत संबंधित भूमि स्वामी अथवा क्रेता द्वारा पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर खसरा-खतौनी एवं सीमांकन के माध्यम से भूमि की वास्तविक स्थिति ज्ञात की जाएगी तथा उपलब्ध भूमि पर वास्तविक कब्जा सुनिश्चित किया जाएगा। जिन भू-खंडों का नामांतरण अभी भी ब्रोकरों के नाम पर दर्ज है उन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत या तो छत्तीसगढ़ शासन के अधीन स्थानांतरित कराया जाएगा अथवा संबंधित हितग्राहियों द्वारा एक पंजीकृत सोसाइटी का गठन कर उक्त भूमि को सोसाइटी के नाम हस्तांतरित किया जाएगा जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके साथ ही प्रभावित भू-स्वामियों एवं क्रेताओं द्वारा सामूहिक रूप से सोसाइटी का गठन कर उसके अंतर्गत सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे सदस्य सूची, भुगतान प्रमाण एवं भूमि से संबंधित अभिलेख संधारित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नियमितिकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, विभाग से संबंधित सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ, भू-उपयोग, ले-आउट स्वीकृति एवं अन्य तकनीकी औपचारिकताओं को पूर्ण किया जाएगा।

उपर्युक्त सभी चरणों की पूर्ति के पश्चात नगर निगम द्वारा नियमानुसार नियमितिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे संबंधित भूमि पर भवन निर्माण की अनुमति एवं मूलभूत नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता का मार्ग प्रशस्त हो सके।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि निर्धारित चरणों का विधिवत पालन करते हुए अवैध प्लॉटिंग के मामलों का स्थायी समाधान संभव है। नगर निगम द्वारा इस संपूर्ण प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया जिससे आम नागरिकों को उनके वैध अधिकार प्राप्त हो सकें।

# केंद्रीय नीति आयोग के अधिकारियों और कलेक्टर ने पीएम श्री विद्यालय तथा आकांक्षी ब्लॉक के स्वास्थ्य शिविर का किया अवलोकन

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** केंद्रीय नीति आयोग के द्वारा बस्तर जिले के लिए नामांकित सेंट्रल प्रभारी अधिकारी श्री शोभित जैन, कलेक्टर श्री आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन ने जिले के पीएम श्री विद्यालय केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय देऊरगांव तोकापाल तथा आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल के छापर भानपुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने पीएम श्री विद्यालय की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, खेल गतिविधियों एव अन्य कलात्मक गतिविधियों का संज्ञान लिया, जगदलपुर के केंद्रीय विद्यालय में बच्चों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों की प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई, उनके द्वारा विज्ञान के माडल, कलात्मक प्रदर्शनी की अधिकारियों ने बहुत सराहना की और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इसी प्रकार की गतिविधि देऊरगांव के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय में भी किया गया था। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चों के साथ न्यौता भोजन भी अधिकारियों ने किया ।

छापर भानपुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, लाभार्थियों की उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 12 सेवाओं के लिए करंजी हेल्थ सेंटर को मिले प्रमाण पत्र को प्रदाय किए। साथ ही टीबी के मरीजों को रेडक्रॉस के माध्यम से फूड बास्केट का वितरण किया, पात्र हितग्राहियों को चश्मा का वितरण भी किया। कार्यक्रम में उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन की प्रक्रिया को समझा और हितग्राहियों से चर्चा भी की । इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) की स्वास्थ्य सेवाओं का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, परामर्श एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक पहुंच एवं समन्वय व्यवस्था की समीक्षा की। भ्रमण के बाद जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में नामांकित सेंट्रल प्रभारी अधिकारी श्री शोभित जैन ने आकांक्षी जिले तथा विकासखंड तोकापाल में संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत समीक्षा बैठक में विभिन्न विकासात्मक संकेतकों, योजनाओं की प्रगति एवं लक्ष्यों की प्राप्ति पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं बुनियादी सुविधाओं से संबंधित गतिविधियों की प्रगति का आंकलन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### देवकुमार जंघेल कांग्रेस के प्रदेश मीडिया कोर्डिनेटर बनाए गए

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रदेशाध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की अनुशंसा पर दुर्ग



नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष देवकुमार जंघेल को कांग्रेस का प्रदेश मीडिया कोर्डिनेटर नियुक्त किया है। गौरतलब है कि तीन बार पार्षद और एक बार नेता प्रतिपक्ष रह चुके देवकुमार जंघेल इसके पहले भी 2010 से 2015 तक कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता का दायित्व निभा चुके हैं। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और सेवा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने उन्हें बधाई दी है और उम्मीद जाहिर की है कि वे पार्टी की विचारधारा और नीतियों को मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का गुरुतर दायित्व पूरी कुशलता से निभाएंगे। श्री जंघेल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल सहित सभी शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया है। देवकुमार जंघेल की नियुक्ति का स्वागत करते जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियो, पार्षदों और पूर्व पार्षदों ने भी उन्हें बधाई दी है।

### भारतीय जनता पार्टी बुनकर प्रकोष्ठ ईश्वर देवांगन जिला संयोजक नियुक्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की सहमति से ईश्वर देवांगन को भारतीय



जनता पार्टी बुनकर प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बुनकर समाज में हर्ष का वातावरण है। नवनियुक्त जिला संयोजक ईश्वर देवांगन लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। वे बुनकर समाज के उत्थान एवं विकास के लिए निरंतर सक्रिय रहे हैं। संगठन का विश्वास है कि उनके नेतृत्व में बुनकर प्रकोष्ठ को नई दिशा एवं मजबूती मिलेगी तथा समाज के हितों को आगे बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान होगा। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ईश्वर देवांगन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य, सफल कार्यकाल तथा संगठन को सशक्त बनाने के उनके प्रयासों के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।

### अधिवक्ता आदित्य ताम्रकार बनाए गए नोडल अधिकारी

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा



अधिवक्ता आदित्य ताम्रकार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे मानव वन्य जीव संघर्ष (एचडब्ल्यूसी) के पीड़ितों के लिए बनाए गए न्याय तक पहुंच संबंधी योजना-2025 अंतर्गत पीड़ितों को विधिक सहायता का लाभ दिलवाएंगे। श्री ताम्रकार की नियुक्ति पर उन्हें अन्य अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

# नगर निगम की एमआईसी बैठक में कई प्रस्तावों को मिली मंजूरी

### मुक्तिधाम, पार्क व तालाबों के सौंदर्यीकरण पर निगम का फोकस

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** शहर के सर्वांगीण विकास पर व्यापक निर्णय नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की महत्वपूर्ण बैठक महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ सभी एमआईसी सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बारी बारी महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तृत चर्चा की गई और कई प्रमुख विकास कार्यों को मंजूरी प्रदान की गई। एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू,शिव नायक, लीलाधर पाल, शशि साहू, नीलेश अग्रवाल,हर्षिका संभव जैन,उपायुक्त मोहेन्द्र साहू,अभियंता अधिकारी विनीता वर्मा,मो सलीम सिद्दीकी, प्रकाशचंद थावनी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, सुरेश केवलानी,पंकज साहू, रेवाराम मनु, दुर्गेश गुप्ता,शोएब अहमद, अभ्युदय मिश्रा, थानसिंग यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मेयर इन काउंसिल की बैठक में नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आधारभूत संरचना के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण स्वीकृतियाँ प्राप्त हुई हैं।दुर्ग में विभिन्न विभागों से जुड़े अहम प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट एवं 2026-27 के अनुमानित वार्षिक बजट पर विचार करते हुए शहर के भविष्य के विकास कार्यों के लिए दिशा तय की गई। निगम की प्राथमिकताओं में नागरिक सुविधाओं का विस्तार, बुनियादी ढाँचे का उन्नयन और पेयजल-नाली-सड़क जैसी जरूरतों पर विशेष ध्यान केंद्रित रहा।

**जल प्रबंधन को नई मजबूती :** 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट के लिए बड़ा निर्णय। जलगृह विभाग ने 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वर्टिकल टर्बाइन पंप की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके अलावा 24 एमएलडी इंटेकवेल में पंप लगाने के लिए 194.64 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में 8 निविदाएँ प्राप्त हुईं, जिनमें परीक्षण के बाद मेसर्स पी.एन. इंटरप्राइजेस, बिलासपुर की 1.21 करोड़ की न्यूनतम दर को स्वीकार किया गया। इन योजनाओं से शहर की जलापूर्ति व्यवस्था अधिक सुचारू और मजबूत बनने की उम्मीद है। सड़क संधारण व नाली निर्माण कार्यों में तेजी, 62 कार्यों को मंजूरी लोककर्म विभाग द्वारा वार्ड 30 में पूर्व स्वीकृत सड़क कार्य के स्थल परिवर्तन को मंजूरी दी गई। अब तहसील कार्यालय से ज्योति ऑप्टिकल तक बी.टी. रोड संधारण कराया जाएगा।इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र के 1 से 60 वार्डों में 62 नाली निर्माण कार्यों हेतु 738.54 लाख रुपये का प्रस्ताव पारित हुआ है। ये कार्य शहर की जल निकासी और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाएँगे। वार्ड 01 शिवनाथ नदी मुक्तिधाम, वार्ड 11 हरना बांधा मुक्तिधाम,वार्ड 52 बोरसी मुक्तिधाम, के उन्नयन हेतु 50-50 लाख रुपये प्रस्तावित किए गए। इसी तरह वार्ड 07 लुचकी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 81.12 लाख रुपये तथा वार्ड 29 दादा-दादी नाना-नानी पार्क के विकास हेतु 96.35 लाख रुपये का प्रस्ताव पारित हुआ। इन कार्यों से शहर में सार्वजनिक स्थलों की सुंदरता व सुविधा दोनों बढ़ेंगी।

## सीईओ ने पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक ली, 31 मार्च तक सभी अपूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत (सीईओ) श्रीमती प्रेमलता पद्माकर ने बेमेतरा, बेरला एवं नवागढ़ विकासखंड के पंचायत सचिवों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा तथा अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति पर गहन चर्चा करते हुए समय-सीमा में लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की सचिववार समीक्षा की गई। जिन पंचायतों में प्रगति अपेक्षाकृत कम पाई गई, वहां कारणों की जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वर्ष 2016 से 2023 तक स्वीकृत ऐसे आवास जो अब तक पूर्ण नहीं हुए हैं, उनके संबंध में नियमानुसार वसूली हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया गया। सीईओ ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे सभी निर्माण कार्यों के मस्टर रोल (डत) 30 मार्च से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपूर्ण आवासों एवं निर्माण कार्यों को हर हाल में 31 मार्च तक पूर्ण किया जाए। इसके लिए दैनिक मॉनिटरिंग एवं सतत समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल सके।



## धान उठाव में तेजी लाने के सख्त निर्देश, कल तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाएं : कलेक्टर सिंह



### कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राइस मिलर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धान उठाव की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने कहा कि डीओ कटने के बाद भी धान का उठाव अपेक्षित गति से नहीं हो रहा है, जिससे समितियों में धान का भंडारण बढ़ रहा है। उन्होंने 28 फरवरी तक शत-प्रतिशत डीओ कटवाकर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही 15 मार्च तक सभी समितियों से धान उठाव पूर्ण करने की समय-सीमा तय की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि उठाव के समय जिन स्थानों के लिए टैगिंग की जा चुकी है, उसमें किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए। इस संबंध में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में एफआरके (फोर्टिफाइड राइस कर्नेल) के वितरण एवं उठाव की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मिलिंग के साथ-साथ एफआरके की निर्धारित मात्रा का भी समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में मिलर्स ने डीओ कटवाकर उठाव में तेजी लाने पर सहमति जताई और प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी मिलर्स को निर्देश दिए कि मार्च माह में पीडीएस के तहत चावल वितरण सुनिश्चित करने के लिए दो दिवस के भीतर टैगिंग अनुसार चावल संबंधित गोदामों में जमा कराएं। इसके अलावा उसना मिलिंग की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने शेष लक्ष्य अनुसार डीओ के लिए आवेदन प्रस्तुत करने को कहा, ताकि धान उठाव एवं मिलिंग कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो सके। इस अवसर पर खाद्य नियंत्रक अनुराग भदौरिया, जिला विपणन अधिकारी राहुल कुमार, नागरिक आपूर्ति निगम से नीलिमा ठक्कर उपस्थित थी।

## महिलाओं तथा बच्चों के अनैतिक व्यापार की रोकथाम के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

समवेत शिखर संवाददाता



**दुर्ग।** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभा कक्ष में आज महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों पर जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महिलाओं तथा बच्चों के अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 तथा शी-बाक्स पोर्टल के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के. जाम्बुलकर द्वारा अतिथियों एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यशाला में अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 के संबंध में एडिशनल एस.पी. श्रीमती चित्रा वर्मा ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के विषय में विषय विशेषज्ञ श्रीमती रचना नायडू ने अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, कारखानों, दुकानों, प्रतिष्ठानों एवं शॉपिंग मॉल आदि में, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक महिला को सुरक्षित कार्यस्थल का अधिकार, घटना के तीन माह के भीतर शिकायत दर्ज करने का अधिकार, गोपनीयता का अधिकार (नाम सार्वजनिक नहीं किया जाएगा), जांच के दौरान सुरक्षा (स्थानांतरण, अवकाश आदि) तथा निष्पक्ष जांच का अधिकार प्राप्त है। नियोक्ताओं की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि आंतरिक शिकायत समिति का गठन, कर्मचारियों को पॉश प्रशिक्षण प्रदान करना, शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही, वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना तथा कानून का पालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। समिति का गठन न करने पर 50,000 रुपये तक जुर्माना एवं लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रावधान है।

## संयंत्र कर्मी सेवानिवृत्त के बाद अपने अनुभवों को परिवार, समाज, युवा पीढ़ी और राष्ट्रहित में निरंतर साझा करें : पंकज गौतम



समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इलेक्ट्रिकल बिरादरी के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मिलन समारोह भिलाई निवास काफी हाउस सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए, जिन्होंने 25-30 वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर पुरानी यादों को ताजा किया। वे आपस में गले मिले, भावुक हुए, खुशियां बांटी, पुरानी यादें एवं अनुभव साझा किए। आयोजन में प्रमुख रूप से संयंत्र के पूर्व सीईओ पंकज गौतम, पूर्व वरिष्ठ उच्च अधिकारी गण एस. एस. वर्मा, वी. एन. पाल, बाला सुब्रह्मण्यम, उत्तम चंद देवांगन, घनश्याम कुमार देवांगन, बी. सी. तिवारी, ए. के. पति, सी. एस. शेषू, एस. के. श्रीवास्तव, ए. वी. आर. मूर्ति, सुशील कुमार सिंह, अखिलेश वर्मा आदि सहित 50 से अधिक पूर्व अधिकारी एवं कर्मियों की भागीदारी रही। संयंत्र के पूर्व सीईओ पंकज गौतम ने कहा कि संयंत्र कर्मी सेवानिवृत्त के बाद किसी संस्था-समिति से जुड़कर अपने अनुभवों को परिवार, समाज, युवा पीढ़ी और राष्ट्र हित में निरंतर साझा करें। उन्होंने कहा कि समय के साथ तकनीक बदलती है, लेकिन मूल्य, निष्ठा और कर्मठता जैसे गुण सदैव स्थायी रहते हैं।

# खुशहाली की खुशहोली, किसानों को मिलेगी धान की एकमुश्त अंतर राशि

### समय पर सहायता से मजबूत होगा किसान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था

समवेत शिखर संवाददाता



**कवर्धा।** होली का त्योहार इस बार जिले के किसानों के लिए सिर्फरंगों की नहीं, बल्कि समृद्धि और खुशहाली की सौगात लेकर आया है।

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अंतर राशि होली से पहले एकमुश्त देने के निर्णय ने गांव-गांव में उत्साह का माहौल बना दिया है। यह राशि किसानों के जीवन में आर्थिक राहत के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा रही है। ग्राम खिरशाली के किसान श्री मूलचंदन पाटिल के लिए यह निर्णय किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने इस वर्ष धान खरीदी केंद्र में 31.20 क्विंटल धान बेचा था, जिसकी समर्थन मूल्य की राशि उन्हें समय पर बैंक खाते में मिल गई। अब अंतर राशि भी होली से पहले मिलने की खबर से उनके परिवार में खुशियों की लहर दौड़ गई है। श्री पाटिल बताते हैं कि इस बार खरीदी केंद्र में पूरी प्रक्रिया सहज और व्यवस्थित रही, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। वे कहते हैं कि इस राशि से वे अपने बच्चों के लिए नए कपड़े, घर की आवश्यक सामग्री और त्योहार के लिए रंग-गुलाल खरीद सकेंगे। ग्राम छांटा के किसान श्री भोलाराम चंद्रवंशी ने बताया कि 5.57 एकड़ में धान तथा शेष भूमि में गन्ने की खेती करते हैं। इस सीजन उन्होंने 84.40 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। वे बताते हैं कि समय पर भुगतान मिलने से उन्हें आर्थिक चिंता नहीं रही और अब होली से पहले अंतर राशि मिलने से घर की आवश्यक जरूरतें पूरी करने के साथ-साथ खेती के कामों में भी सुविधा होगी। उनका कहना है कि त्योहार के समय यह राशि मिलना परिवार के लिए बहुत बड़ी राहत है। इसी तरह ग्राम मोटियारी के किसान श्री मेलनराम जायसवाल ने भी सरकार के इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस वर्ष लगभग 212 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा है। मूल भुगतान उन्हें पहले ही मिल चुका है, लेकिन अंतर राशि होली से पहले मिलने की घोषणा ने उनकी आर्थिक योजनाओं को नया बल दिया है। उनका कहना है कि होली के बाद खेती का नया सीजन शुरू हो जाता है।

## आज जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, होली पर्व को लेकर व्यवस्थाओं पर होगी चर्चा

समवेत शिखर संवाददाता

**बेमेतरा।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार, 27 फरवरी को शाम 5:30 बजे जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक पुराना रेस्ट हाउस स्थित मीटिंग हॉल में संपन्न होगी। बैठक में विभिन्न समाज एवं धर्म प्रमुखों, गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारी संघ विशेषकर होली सामग्री विक्रेताओं, पुलिस प्रशासन तथा बेमेतरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (ष्टरूह्) को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी बेमेतरा, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, तहसीलदार बेमेतरा एवं एसडीओपी सहित संबंधित अधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोबरा नवापारा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /तह./वाचक-2/2026

ग्राम दुलना प.ह.नं. 24

नवापारा, दिनांक 24/02/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप साहू पिता लालकुमार साहू निवासी ग्राम दुलना, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर के द्वारा आवेदक अपने पुत्र धनराज साहू का दिनांक 18.11.2012 को स्थान ग्राम दुलना का जन्म प्रमाण पत्र जारी करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 05/03/2026 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में आये दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

कार्यपालन दंडाधिकारी
गोबरा नवापारा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 13/02/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रिका प्रसाद पिता श्री घासी बघेल निवासी गोतियारडीह द्वारा आवेदित भूमि ग्राम गोतियारडीह प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 753, रकबा 0.110 हेक्टेयर का सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 02/03/2026 को समय 3.00 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि के पूर्व पटवारी हल्का नंबर 26 के गोतियारडीह स्थित कार्यालय में या नियत दिनांक को स्थल पर अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
अभनपुर

# दुर्ग को मिलेगा नया फ्लाईओवर, संगीत महाविद्यालय और आधुनिक सर्किट हाउस

### मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** 24 मार्च को विधानसभा में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत ÷छत्तीसगढ़ संकल्प÷ बजट में दुर्ग शहर के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। यह उपलब्धियाँ दुर्ग शहर विधायक एवं कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के सतत प्रयासों का परिणाम हैं।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। दुर्ग के नागरिकों ने भाजपा पर जो विश्वास जताया है, उसी का परिणाम है कि शहर में विकास कार्यों की रफ्तार अब और तेज होगी।

मंत्री गजेन्द्र यादव लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता की समस्याएँ सुनते रहे हैं और उन्हें



प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। महाराजा चौक और पोटिया चौक पर नए फ्लाईओवर का निर्माण से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी और आवागमन सुगम होगा। विजय नगर से उरला मार्ग पर अंडरब्रिज निर्माण से रेल फाटक की समस्या से राहत मिलेगी और समय की बचत होगी। दुर्ग से पोटियाकला होते हुए हनोदा तक फोरलेन सड़क से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों का बेहतर संपर्क होगा। नेशनल हाईवे तक एप्रोच रोड निर्माण से बाहरी क्षेत्रों से आने-जाने में सुविधा बढ़ेगी। शहर में नई स्ट्रीट लाइट व्यवस्था से सुरक्षा और सौंदर्यीकरण को बढ़ावा मिलेगा। संगीत महाविद्यालय की स्थापना कला और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं को शिक्षा का नया अवसर मिलेगा। नए सर्किट हाउस का निर्माण से शहर में आने वाले अतिथियों और अधिकारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त व्यवस्था तैयार होगी। इन सभी विकास कार्यों से दुर्ग शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। आने वाले समय में दुर्ग विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रदेश के अग्रणी शहरों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

### बजट में शामिल किए गए कार्य

- दुर्ग विधानसभा अंतर्गत 7वीं बटालियन के आंतरिक सड़क निर्माण 6.50 किमी ।
- दुर्ग नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत महत्वपूर्ण सड़क चौड़ीकरण, उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण तथा चौक चौराहो का उन्नयन कार्य 10 किमी।
- दुर्ग के परेतिन चौक से उरला फाटक तक सड़क निर्माण।
- दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग से करहीडीह पहुंच मार्ग 1.50 किमी।
- रायपुर नाका से सिंधी कॉलोनी होते हुए ठगड़ा बांध पहुंच मार्ग निर्माण 3 किमी तथा मोहन ओम परिसर से उरला मेन रोड तक पहुंच मार्ग।
- दुर्ग कर्मचारी नगर के आंतरिक सड़क का डामरीकरण 1.50 किमी।
- दुर्ग जयंती नगर से नेशनल हाईवे तक सड़क एवं नाली निर्माण 1.50 किमी तथा बेलौदी एनिकट से प्रेमनगर होते हुए धमधा बेमेतरा मुख्य मार्ग तक पहुंच मार्ग 3 किमी।
- दुर्ग साइंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन केनाल रोड तक चौड़ीकरण
- दुर्ग के पुलगाँव नाला का डायवर्सन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।
- दुर्ग विकासखंड के तिरगा जलाशय का जीर्णोधार एवं लाईनिंग कार्य।
- दुर्ग जिले के गनियारी जलाशय का जीर्णोधार एवं लाईनिंग कार्य।
- दुर्ग विधानसभा अंतर्गत गाँधी चौक से हेमचंद विश्वविद्यालय पोटियाकला तक फोरलेन सड़क, सड़क निर्माण 03 किमी एवं हेमचंद वि.वि.से बोरसी हनोदा मार्ग तक 02 किमी तक।
- दुर्ग के अंतर्गत नवीन सर्किट हाउस भवन का निर्माण कार्य।
- दुर्ग में शासकीय संगीत महाविद्यालय निर्माण।
- साइंस कॉलेज दुर्ग में अतिरिक्त कक्ष निर्माण ।
- दुर्ग विधानसभा अंतर्गत महाराजा चौक से ईरानी डेरा चौक तक 1.80 किमी स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**बेमेतरा।** जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पद्माकर की उपस्थिति में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की वर्तमान प्रगति, चुनौतियों एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बाल विवाह की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर सतत निगरानी, जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाइजरों एवं संबंधित विभागों के समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से विवाह सीजन के दौरान सतर्कता बढ़ाने, संदिग्ध मामलों की त्वरित सूचना देने तथा आवश्यकतानुसार तत्काल हस्तक्षेप सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

**सार्वजनिक नोटिस**

इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि श्रीमंत कुमार साहू 07/02/2026 से ओम गोविंद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की साझेदारी से सेवानिवृत्त हो गए हैं, जिसका कार्यालय बाहेती टावर, मेन रोड, कटोरा तालाब, रायपुर छत्तीसगढ़ में है। इसके अलावा, शेख सईद अहमद को उसी तारीख से उक्त फर्म में भागीदार के रूप में भर्ती किया गया है। फर्म का व्यवसाय उसी नाम और उसी पर जारी रहेगा। सेवानिवृत्ति की तारीख तक फर्म के सभी दायित्वों और देनदारियों निपटान चालू और नए भागीदारों द्वारा किया जाएगा।

**ओम गोविंद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

## न्यूज ब्रीफ

### सिकासेर कोडार लिंकिंग, सिरपुर बैराज से किसानों का सपना होगा पूरा : राठी

**महासमुन्द।** छ.ग. शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओ.पी. चैधरी ने 2026 के लिए 1 लाख 72 हजार करोड़ का सर्वस्पर्शी सर्वसमावेशी ऐतिहासिक संकल्प बजट पेश करने पर न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है किसान, उद्योग युवा, महिलाओं सभी के लिए कल्याणकारी साबित होगा। क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चैधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा और भाजपा के क्षेत्रिय नेताओं के प्रयासो से सिकाशेर कोडार नहर लिकिंग परियोजना के लिए 3047 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दिलायी है। साथ दी महानदी पर सिरपुर बैराज के लिए 690 करोड़ की स्वीकृति बजट में कराया गया। जो महासमुन्द क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है सभी वर्गो को लाभ प्राप्त होगा । विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा लगातार क्षेत्र के विकास के लिए लगे रहे जिसका यह परिणाम है अब तक की सबसे बड़े विकास की स्वीकृति दिलाने में कामयाब हुये हैं सांसद विधायक का आभार है। राठी ने आगे बताया कि प्रदेश के युवाओं के उच्च शिक्षा में आर्थिक सहयोग के लिए 35 करोड़ प्रावधान किया गया प्रदेश की बेटियों को 18 साल होने पर डेढ़ लाख देने की घोषणा से महिला सशक्तिकरण को ताकत मिलेगी। भूमिहिन कृषको के लिए 600 करोड़ का प्रवधान किया गया है महासमुन्द को एक नई सौगात नर्सिंग कॉलेज खोले जाने का प्रावधान किया गया है 6 साल से छोटे नन्हे बच्चो के लिए 500 आंगनबाड़ी केन्द्रो के निमार्ण के लिए 42 करोड़ की स्वीकृती दी गई मातृ शक्ति के लिए 75 करोड़ की राशि से 250 महतारी सदन बनाने की घोषण कि गई निर्श्चित ही 2047 तक विकसित छ.ग. बनने की दिशा में यह बजट मिल का पत्थर साबित होगा । छ.ग. की जनता आत्मविश्वास से भरी हुई है चारो तरफ बजट को लेकर खुशी की लहर है।



### मिनी स्टेडियम में हॉकी स्पर्धा कल से

**महासमुंद।** जिला हॉकी संघ खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद के तत्वावधान में राज्य स्तरीय चन्द्रोदय हॉकी कप 2026 हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 28 फ़रवरी से 02 मार्च तक स्थानीय मिनी स्टेडियमए कॉलेज रोड महासमुंद में किया जा रहा है। प्रतियोगिता दिन व रात चलेगी। प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार 25 हजार रु द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रु व तृतीय पुरस्कार 10 हजार रु विजेता टीमों को प्रदान किए जाएंगे। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर एवं सचिव राजेश दीवान ने बताया कि प्रथम दिन 28 फ़रवरी को दोपहर 2 बजे से महासमुंद और बलौदाबाजार टीम के बीच स्पर्धा होगी। 3 बजे स्मार्ट हॉकी व बलौदाबाजार, 4.30 बजे बिलासपुर व दुर्ग, 7 बजे राजनांदगांव तथा बिलासपुर के बीच मुकाबला होगी। वहीं 8.30 बजे महासमुंद व जशपुर के बीच हॉकी का जबरदस्त मुकाबला होगा। 1 मार्च को दूसरे दिन रायगढ़ व जगदलपुर, 8.30 बजे रायपुर व कुरूद, 10 बजे रूद्राक्षम वेलफेयर राजनांदगाँव व जांजगीर हॉकी टीम के बीच मुकाबला होगी। अध्यक्ष श्री चंद्राकर ने बताया कि जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित 7.ए.साइड हॉकी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और हॉकी को प्रोत्साहित करने के लिए किया जा रहा है। इस आयोजन से खेलों को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच प्राप्त होगा। खेलों में अनुशासन और टीम भावना हमें जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

## टीबी मुक्त पंचायत सत्यापन समिति की हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।**जिले को टीबी से मुक्त करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आज टीबी मुक्त पंचायत सत्यापन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ आई नागेश्वर राव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने की।

इस अवसर पर जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव ने कहा कि टीबी को पूरी तरह खत्म करने के लिए गांव स्तर पर समय पर जांच और पूरा इलाज जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ काम करेंगे तभी हर पंचायत टीबी मुक्त होगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे ने बताया कि वर्तमान में जिला महासमुंद की 305 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। शेष पंचायतों को भी टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से मुक्त करने की योजना बनाई जा रही हैं। बैठक में सी बी नॉट टेस्ट एवं टीबी के संदेह वाले मरीजों की समय पर पहचान, एक्स.रे जांच और इलाज जल्द शुरू करने पर चर्चा की गई। साथ ही जिले में जल्द शुरू होने वाले 100 दिन के टीबी अभियान की जानकारी दी गई। बैठक में डॉ एच बी कलिकोटी अध्यक्ष, आईएमए महासमुंद, डॉ हरजोत सिंह गुरुदत्ता सचिव, आईएमए महासमुंद, डॉआशीष बघेल मेडिकल कॉलेज, कम्युनिटी मेडिसिन, डा छत्रपाल चंदकर नर्सिंग होम एक्ट नोडल अधिकारी, डॉ घनश्याम साहू आरएमओ, जिला अस्पताल, डॉ विकास चंद्राकर जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी, उत्तम श्रीवास टी बी सलाहकार, हरिशंकर साहू हेल्थ एजुकेटर सहित जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्ड 9 में बोर खनन के लिए किया भूमिपूजन



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।**शहर के वार्ड क्रमांक 9 ओवर ब्रिज के बोर खनन होने से आसपास के निवासियों को अब राहत मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने ओवर ब्रिज के नीचे वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सूरज नायक के साथ नवीन बोर खनन कार्य के लिए विधिवत भूमिपूजन किया।

श्री साहू ने कहा वार्ड वासियों को अब पेयजल की समस्या से निजात मिल जाएगा। क्योंकि पेयजल की समस्याओं को देखते हुए वार्ड क्रमांक 09 में बोर खनन किया गया है। शहर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का संकल्प लेकर पालिका कार्य कर रही है। बोर खनन के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांसे ली है। वहीं, जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नागरिकों ने पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का अभार जताया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान, हाफिज़ कुरैशी, राहुल आवड़े, वार्डवासी अनुराधा साहू, माया सुरजाल, राहना बेगम, रोशन टांडी, ललित कुमार, रितिका टांडी, ऊषा दयाल, आनंदा कुजूर, लक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में भूमिका अव्वल

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** विकसित भारत यूथ संसद कार्यक्रम के अंतर्गत आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर जिला स्तरीय वाद.विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद में किया गया।

जिसमें जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने आपातकाल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके प्रभाव एवं उससे प्राप्त लोकतांत्रिक शिक्षाओं पर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती रुपकुमारी चैधरी उपस्थित रहीं। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सजग नागरिकता और सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर सांसद श्रीमती चौधरी ने विजेताओं को प्रमाण.पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विकसित भारत यूथ संसद अंतर्गत जिला स्तरीय वाद.विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा भूमिका दुबे ने प्रथम स्थान, हिमांशी चन्द्राकर ने तृतीय स्थान व सुषमा साहू ने दसवां स्थान प्राप्त किया। जिसे सांसद श्रीमती रुपकुमारी चैधरी ने पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार हर्षित व गौरवांवित है। इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर, उपाध्यक्ष चन्द्रपाल चन्द्राकर, द्रोण चन्द्राकर, सचिव कमलेश चन्द्राकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चनन्द्राकर, स्टाफ मेनका चन्द्राकर, नारायण चक्रधारी, देवेन्द्र चन्द्राकर, गायत्री चन्द्राकर, हीना चन्द्राकर, शत्रुघन पटेल, रेशम लाल साहू, आर्शि सालोमन, भूमिका दुबे, नरेन्द्र ताण्डी, देवानंद चन्द्राकर, गुलाब चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चन्द्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चन्द्राकर, मानिक पटेल ने पुरस्कृत छात्राओं को शुभकामनाएं दी है।

## कलेक्टर ने लिया परीक्षा व्यवस्था का जायजा

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छग सहित महासमुंद जिले में शैक्षणिक सत्र 2025.26 अंतर्गत हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा का आयोजन छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा निर्धारित समय.सारणी के अनुसार किया जा रहा है। जिले में इस वर्ष कुल 254 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 10वीं के 12 हजार 839 विद्यार्थी तथा 168 विद्यालयों के कक्षा 12वीं के 10 हजार 724 विद्यार्थी 115 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। कक्षा 10वीं की परीक्षा 3 मार्च से 24 मार्च तक तथा कक्षा 12वीं की परीक्षा 1 मार्च से 23 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज हाई स्कूल परीक्षा की व्यवस्था का निरीक्षण करने महासमुंद स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेलसोंडा एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों में अनुशासन, शांति व्यवस्था, पर्यवेक्षकों की उपस्थिति, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण रहें। कलेक्टर श्री लंगेह ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बिरकोनी में लो.विजन 70 प्रतिशत दिव्यांगता से पीड़ित परीक्षार्थी कु आस्था पांडेय सह.लेखक कु केशरी निषाद के माध्यम से परीक्षा दे रही है, जिसका भी अवलोकन किया और दिव्यांग विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं का संचालन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन के साथ किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आत्मविश्वास एवं लगन के साथ परीक्षा देने का संदेश दिया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा मौजूद थे।

## मोहमेला-सिरपुर बैराज निर्माण के बाद संचालन का दायित्व महासमुंद कलेक्टर व जल संसाधन विभाग को मिलें : अमर

### डॉ. रमन सिंह कार्यकाल में हरदी एनीकट व समोदा, अछोला बैराज निर्माण के बाद किसानों से हुआ छल

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।**जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने सिरपुर.मोहमेला बॅराज निर्माण के लिए बजट में 690 करोड़ का प्रावधान के स्वागत करते हुए कहा कि यदि इस बॅराज को किसान व गरीब, मजदूर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है तो इसका संपूर्ण संचालन की जिम्मेदारी महासमुंद जिला कलेक्टर व जल संसाधन विभाग को मिलना चाहिए। चूंकि इससे पूर्व रमन सरकार के कार्यकाल में इसी तरह से किसानों के लिए हरदी एनीकट का निर्माण 8 करोड़ की लागत से किया गया था। जिसमें यह कहा गया था कि महासमुंद जिले के पीढ़ी के 120 हेक्टेयर, गढ़सिवनी के 120 हेक्टेयर खेतों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा। लेकिन, उक्त एनीकट से ना ही किसानों को पानी मिला और ना ही उसका उपयोग किसी अन्य



प्रयोजन के लिए हुआ। उक्त एनीकेट का उद्घाटन तब के जल संसाधन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद चंदूलाल साहू सहित बड़े. नेताओं, अधिकारियों द्वारा किया गया था। आज उक्त एनीकट कबाड़ में तब्दील हो गया है। अमर ने कहा कि वर्तमान बजट में मोहमेला.सिरपुर बैंराज के लिए 690 करोड़ रू का प्रावधान किया गया है। बैराज निर्माण होने से किसानों को खरीफव रबी सीजन में पानी देने की बात कही जा रही है। लेकिन, इसके विपरीत एक और खास मकसद सरकार छुपाने का प्रयास कर रही है, जो अडानी पावर को वॉटर सप्लाई करना है। बॅराज निर्माण का मुख्य उद्देश्य अडानी पॉवर लिमिटेड रायपुर को औद्योगिक प्रयोजन के लिए जल आपूर्ति करना है। सरकार के अनुसार इस बॅराज से पानी देने पर अडानी कंपनी की ओर से 27 करोड़ प्रतिवर्ष सालाना राजस्व जलकर के रूप में शासन को मिलेगा। अमर ने कहा कि मोहमेला.सिरपुर बॅराज निर्माण पश्चात बॅराज का संपूर्ण दायित्व कलेक्टर व जल संसाधन महासमुंद को मिलना चाहिए। ताकि भविष्य में इस बॅराज का उपयोग महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के गाँवों के विकास के लिए किया जा सके। बॅराज का उपयोग आधुनिक मॉडर्न तरीके से किया जाए जिसमें किसानों के लिए सिंचाई जलए बिजली उत्पादनए पर्यटन सहित आवश्यक होने पर औद्योगिक प्रयोजन के लिए इसका उपयोग हो सके। मोहमेला.सिरपुर बॅराज का निर्माण किसान हित, आम जनों के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है तो क्षेत्र के ग्रामीण इस योजना का हार्दिक स्वागत करते हैं, लेकिन यदि हरदी एनीकट तथा समोदा . अछोला बॅराज की तरह किसानों के साथ छल व अन्याय किया गया तोए क्षेत्र के किसानों के साथ मिलकर सड़क की लड़ने को बाध्य होंगे।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले ने राज्य में हासिल किया दूसरा स्थान

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** जिले में फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 से 25 फ़रवरी तक विशेष अभियान का सफ़ल आयोजन किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बेहतर समन्वय से निर्धारित लक्ष्य कुल 10 लाख 42 हजार 760 हितग्राहियों के विरूद्ध कुल 10 लाख 32 हजार 588 पात्र नागरिकों को एमडीए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन दवा का सेवन कराया गया। जो निर्धारित लक्ष्य का 98.92 प्रतिशत है। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के आधार पर महासमुंद जिला फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में पूरे छग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव ने बताया कि जिले में महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 2 लाख 49 हजार 906 नागरिकों को दवा का सेवन कराया गया। इसी तरह बागबाहरा अंतर्गत 2 लाख 31 हजार 348, पिथौरा अंतर्गत 2 लाख 6 हजार 31, बसना अंतर्गत एक लाख 66 हजार 755 और सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत एक लाख 78 हजार 548 पात्र नागरिकों को दवा का वितरण एवं दवा सेवन निर्धारित समय.सारणी एवं दिशा.निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में कराया गया। कलेक्टर श्री लंगेह ने अभियान की सफ़लता पर कहा कि यह उपलब्धि जिले के सभी विभागों, मैदानी अमले, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन एवं स्वयंसेवकों के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास किया जाए ताकि जिले को शीघ्र फ़ाइलेरिया मुक्त घोषित किया जा सके। कलेक्टर श्री लंगेह ने जिलेवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा अभियान में सहयोग देने वाले सभी स्वास्थ्य कर्मियों, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कर्मचारी संघ ने मनाया राष्ट्रीय मांग दिवस, सौंपा मांगों का ज्ञापन

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** छग तृतीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा राष्ट्रीय मांग दिवस का आयोजन किया गया इस मौके पर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को अनेक मांगों का ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ द्वारा कर्मचारियों, श्रमिकों, पेंशनरों के लिए केंद्र स्तरीय मांगों को लेकर 26 फरवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय मांग दिवस का आयोजन किया गया है। इसी तारतम्य में पीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांगें पूरी करने निवेदन किया गया। मांगों में सभी संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने, आउससोर्स दैनिक वेतन बंद करने के साथ राज्य सरकार के विभागों में पीएसयू में सभी रिक्त पद नियमित आधार पर भरे जाने की मांग की है। इसी तरह पीएफआरडीए, युपीएस समाप्त करने की मांग के अलावा पेंशनअधिनियम 1925 को निरस्त कर ओपीएस के तहत पेंशनरों के अधिकार बहल करने की मांग शामिल है।

श्री तिवारी ने बताया कि चारों श्रम संहिताएं निरस्त करने आठवें वेतनमान के संदर्भ में शर्तो की समीक्षा करने और हर 5 साल में नियमित वेतन संशोधन सुनिश्चित करने की मांग की गई। कर्मचारियों के सरकार के सहयोग से एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने जिसमें सभी अस्पतालों में कैशलेस उपचार सुनिश्चित करने तथा पेंशनरों कर्मचारियों,संविदा कर्मचारियों को इसमें शामिल करने की मांग की है। इसी तरह संविधान के अनुच्छेद 310 व 311 के विभिन्न प्रावधानों को निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में दीपक तिवारी समेत अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## नपाध्यक्ष बघेल ने करोड़ों के विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** नगर पालिका परिषद में प्रेसिडेंट इन काउंसिल की नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल की अध्यक्षता बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में विकास कार्यो पर चर्चा हुई और करोड़ों के विकास कार्यो के निविदा दरों स्वीकृति प्रदान की गई। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने कहा कि शहर में विकास कार्य के लिए कोई कमी नहीं आनी चाहिए। शहर को महा नगर की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है।

नगर पालिका के सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान दो दर्जन से अधिक कार्यों को निविदा दरों स्वीकृति प्रदान की गई है।

वार्ड क्र. 01 में पार्षद घर से लखन घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण ,वार्ड क्र. 02 व्यापारी तालाब में सामुदायिक भवन से राजकुमार पटेल घर तक सी.सी. रोड निर्माण, जैन इलेक्ट्रानिक से जगत राम साहू घर तक सी.सी., वार्ड क्र. 03 में आशा घर से कन्हैया पटेल घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण ,

वार्ड क्र. 03 में जुगरू देवांगन घर से जयेश साहू के खेत तक सी.सी. रोड निर्माण ,वार्ड क्र. 04 में कुंदकेश्वर महादेव मंदिर से लालपुर पहुंच मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण ,वार्ड क्र. 05 में अशोक होटल से चौहान घर तक, राजा तांडी घर से मुख्य नाली तक, सोहन घर से सकुन घर तक, मुर्रा फैक्ट्री से मेंन नाली तक, पाल बाबू घर से मेंन नाली तक आर. सी. सी. नाली निर्माण, वार्ड क्र. 06 में हरिसिंह घर से बृजभान घर तक नाली निर्माण कार्य ,वार्ड क्र. 06 में डीला साहू घर से कुमार घर तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य , वार्ड क्र. 07 में बस स्टैण्ड से फ़िरोज खान घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ,वार्ड क्र. 08 में गौतम तांडी घर से कर्रापारा मेन रोड तक, सामुदायिक भवन से हबीब घर तक, जगजीत सलूजा घर से उषा ठाकुर घर तक एवं महेश घर से केजू घर तक आर. सी.सी. नाली निर्माण., वार्ड क्र. 09 में पानी टंकी से शंकर घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ,वार्ड क्र. 11 में कमलेश बघेल घर से नया चण्डी मार्ग तक आर. सी.सी. नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 11 में पानी टंकी के पास शेड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 12 में लोमश मिश्रा घर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 13 में नयकिन तालाब से राजकुमार महानंद घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य ,वार्ड क्र. 14 में राजकुमार किराना स्टोर्स से बेलो बाई यादव के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 14 में आनंद साहू घर से अनिल अग्रवाल घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य ,वार्ड क्र. 15 में कमल सहिस घर से दिलीप साहू घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम दर की स्वीकृति संबंध में विचार एवं निर्णय।आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट को ध्यान में रखते हुए निकाय अंतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 वार्डो में 01 मार्च 2026 से नया नल कनेक्शन पर प्रतिबंध लगाये जाने संबंध निर्णय लिया गया बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल,उपाध्यक्ष देवेश साहू, सभापति गण शैलेश साहू,मंता यादव,मेनका साहू,मिथुन अमीर,रमेश ठाकुर, शिवा जगत ,सीएमओ गिरीश चंद्रा, उप अभियंता दीपक अग्रवाल व लेखापाल चंद्र मिर्धा उपस्थित थे।

## विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण नपाध्यक्ष बघेल के हाथों हुआ

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** नगर पालिका परिषद बागबाहरा में आज क 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल के हाथों संपन्न हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल व पार्षद गण ने विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर फीता काटकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी तानम्रध्वज बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर में वार्ड क्रमांक 12 तेन्दूलोथा में मुक्तिधाम 34 लाख ,डा भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थापना 19 लाख, कुल 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया।नपा अध्यक्ष श्रीमती बघेल आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन कार्य किया। उनकी विचारधारा आज भी समाज को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है।

प्रतिमा की स्थापना से नई पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। बाबासाहेब जीवन ÷संघर्ष की पाठशाला÷ है और उनकी प्रतिमा समानता, शिक्षा और अधिकारों की प्रेरणा देती रहेगी। अनावरण समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने संविधान निर्माता के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

श्रीमती मति बघेल ने आगे कहा कि नगर क्षेत्र का बहुमुखी विकास हो रहा है। जनता के हितों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करते हुए उनकी खुशहाली के लिए सतत प्रयास जारी है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद सविता दीवान, शैलेष साहू, प्रीति गुप्ता, रमेश ठाकुर,मंता यादव, मोनिका साहू, मिथुन अमीर, प्रेम साहू, श्यामा चन्द्राकर,शिवा जगत,अनिता ताण्डी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चन्द्रा उप-अभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित थे

## ►► न्यूज ब्रीफ

### आम जनता, किसानों और युवाओं की अपेक्षाओं के विपरीत : पटेल

**नवापारा राजिम।** युवा कांग्रेस रायपुर ग्रामीण के जिला उपाध्यक्ष संजय पटेल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे आम जनता, किसानों और युवाओं की अपेक्षाओं के विपरीत बताया है। संजय पटेल ने कहा कि प्रदेश के युवा लंबे समय से रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसरों की मांग कर रहे हैं, लेकिन बजट में उनके लिए कोई ठोस और प्रभावी योजना नजर नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा व्यवस्था को लेकर स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों और मजदूरों के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए हैं। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और फसलों के उचित समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि बजट में बड़े-बड़े वादे जरूर किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचेगा या नहीं, यह बड़ा सवाल है। उन्होंने सरकार से मांग की कि युवाओं और ग्रामीण जनता के हित में ठोस कदम उठाए जाएं और बजट में आवश्यक संशोधन किए जाएं।



### अवैध शराब पर आबकारी विभाग घिरा कार्रवाई नहीं होने से बढ़ा आक्रोश

**नवापारा राजिम।** गोबरा नवापारा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के बढ़ते मामलों को लेकर आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ढाबों और अन्य स्थानों पर खुलेआम शराब परोसी जा रही है, बावजूद इसके विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार मौखिक शिकायतें देने के बाद भी आबकारी विभाग के अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। आरोप है कि ढाबों में बाहर से शराब लाकर ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है और देर रात तक शराबखोरी का दौर चलता है। इससे आसपास के रहवासी परेशान हैं तथा सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो अवैध कारोबार और बढ़ सकता है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर विशेष अभियान चलाने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। क्षेत्र में अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया लेकिन अब तक उनका पक्ष नहीं मिल पाया है।

### बौद्धिक सम्पदा विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आज

**गरियाबंद।** एम.एस.एम.ई.विकास कार्यालय,सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार रायपुर द्वारा बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 27 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे से होटल सिटी रेजेन्सी (सिटी जायका) गरियाबंद में आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में ट्रेडमार्क, पेटेंट, डिजाईन, जियोग्राफिकल इंडिकेशन तथा औद्योगिक नीति 2024-30 पर जानकारी दी जायेगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक दीनबंधु ध्रुव ने बताया कि कार्यशाला में स्थानीय उद्योग लगाने वाले सभी उद्यमी, स्थापित उद्योग के प्रोप्राइटर एवं स्व-सहायता समूह एवं कालेज के छात्र-छात्राएं कार्यशाला में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### मनीषा साहिबा का सामूहिक चरण बंदगी किया गया

**भाटापारा।** साहू समाज की मनीषा माता साहिबा का ग्राम रवान अंबुजा, भद्रापाली, अजुर्नी, एवं टोपा में आगमन हुआ। इस अवसर पर कबीर पंथीयों द्वारा सामूहिक चरण बंदगी कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया एवं शोभा यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। ग्राम टोपा में तीन दिवसीय सत्संग ग्रंथ का आयोजन किया गया। ग्राम के समस्त कबीरपंथी ग्रामवासीयो द्वारा कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित गुरु महिमा पाठ मन्नत आरती एवं भव्य शोभा यात्रा निकली गई। उक्त अवसर पर कुशल साहू, मोहित साहू, देवकन्या, कुंजराम साहू, पवन द्रोपति साहू, फुलेश्वरी साहू आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए।



### कलेक्टर की अध्यक्षता में जल उपयोगिता समिति की बैठक 2 मार्च को होगी

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक सोमवार 2 मार्च को दोपहर 2 बजे से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई है। जिसमें जलाशयों में उपलब्ध जल की मात्रा एवं रबी सिंचाई और वर्ष 2025-26 में खरीफसिंचाई का लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा की जाएगी।

# नन्हे भैरया-बहनों ने बिखेरी प्रतिभा की चमक

### स्कूल का भव्य सांस्कृतिक आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,गरियाबंद में गुरुवार 26 फरवरी को शिशु नगरी (कक्षा अरुण से चतुर्थ तक) के भैय्या-बहनों का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी सजावट,आकर्षक मंच और उत्साहित विद्यार्थियों की उपस्थिति से उत्सवमय वातावरण में बदल गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती,ओंकार एवं सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बघेल ने विद्यालय का विस्तृत वृत्त वाचन प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक उपलब्धियों, संस्कारपरक गतिविधियों एवं सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित (जिला अध्यक्ष भाजपा) ने अपने विस्तृत उद्बोधन में कहा कि शिशु मंदिर की शिक्षा प्रणाली केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है,बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व,चरित्र और राष्ट्रप्रेम को भी गढ़ती है।उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में जहां भौतिक शिक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है,वहीं शिशु मंदिर संस्कार और अनुशासन के माध्यम से संतुलित शिक्षा का आदर्श प्रस्तुत कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि यहां भोजन से पूर्व मंत्रोच्चार, गुरुजनों का सम्मान, माता-पिता के प्रति आदर और राष्ट्र के प्रति समर्पण जैसे मूल्य बच्चों के जीवन में प्रारंभ से ही रोपे जाते हैं। यही कारण है कि शिशु मंदिर के विद्यार्थी आगे चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुरेन्द्र सोनटेके (सभापति,नगर पालिका ) ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन शिक्षा को जीवंत बनाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लघु नाटिका, कविताएं एवं पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा पर गर्व व्यक्त किया।पूरे कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज से वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।कार्यक्रम में विजय सिन्हा, मानिक लाल साहू,लोकनाथ साहू सत्यप्रकाश मानिकपुरी प्रकाश निर्मलकर योगेश कुमार साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन गोविंद किशोर सिन्हा आचार्य ने प्रभावी ढंग से किया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त आचार्य/दीदी, समिति परिवार के पदाधिकारी, किशोर/कन्या/बाल भारती तथा स्काउट-गाइड के भैय्या-बहनों का सहयोग रहा।

# प्रदेश में विकास व खुशहाली वाला बजट : खान

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** प्रदेश में विकास व खुशहाली वाला बजट-खरोरा नगर भाजपा नेता व प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉक्टर अमीन खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की सर्वांगीण विकास ग्रामीण शहरी क्षेत्र संतुलित विकास पर जोर दिया है मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार का तीसरा बजट प्रदेश के माननीय वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत किया वित्त मंत्री ने कई सुधारो की नई पहल की है प्रदेश में विकास की रफ्तार में तेजी आई है प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास पर ध्यान दिया गया है जिसमें युवा रोजगार से जुड़ सकें देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प सबका साथ सबका विकास पर केंद्रित है यह बजट महिला किसान युवा मजदूर गरीब लोगों के हित में है साथ ही उद्योग सड़क विकास स्वास्थ्य शिक्षा आई और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं इस बजट में साय सरकार ने सभी वर्गों का ध्यान रखा है धर्म टूरिज्म के साथ सरकारी स्कूली छात्रों को भ्रमण करने युवा दर्शन योजना का प्रावधान किया गया है प्रदेश के आदिवासी अंचलों को विकसित करने का विशेष ध्यान रखा है इस बजट से सभी वर्ग के लोग खुशवा प्रसन्न हैं महतारी वंदन योजना साथ ही कृषि पशुपालन ग्रामोद्योग को इस बजट में बढ़ावा मिलेगाप्रदेश का किसान आर्थिक रूप से मजबूत होगा।

# 2 प्रकरणों में अवैध महुआ-शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

समवेत शिखर संवाददाता



**गरियाबंद।** जिले में पुलिस का नशे के विरूद्ध एक विशेष अभियान ''नया सवेरा'' के अंतर्गत अवैध शराब बेचने, पिलाने व अन्य नशीली पदार्थों पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देष दिया गया था।जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबीर एवं पेट्रोलिंग सक्रिय किया गया है। इसी दरमियान थाना प्रभारी फिंगेश्वर को जरिये मुखबीर सूचना मिला। जिसके आधार पर थाना फिंगेश्वर पुलिस टीम द्वारा अवैध देषी मसाला एवं कच्ची महुआ शराब के विरूद्ध धर पकड़ की कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी महादेव निषाद उर्फदेवा पिता स्व.बुधारू निषाद उम्र 40 वर्ष निवासी पसौद थाना फिंगेश्वर का होना बताया। आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 42 पौवा देशी मशाला शराब प्रत्येक में 180-180 एमएल भरा हुआ कुल 7.560 बल्क लीटर व तुलस कमार पिता स्व0 बल्लू कमार उम्र 22 वर्ष निवासी रक्शा थाना फिंगेश्वर के कब्जे से कुल 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब को कब्जा पुलिस लिया गया।आरोपियों का कृत्य धारा 34(2) छ.ग. आबकारी एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# कांग्रेस ने स्कूल में पेड़ों की कटाई के विरोध में की शिकायत

समवेत शिखर संवाददाता



**खरोरा।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी खरोरा ने तहसीलदार, तहसील कार्यालय खरोरा को ज्ञापन देकर पीएम श्री भरत देवांगन हाईस्कूल खरोरा में पेड़ों की कटाई के संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील अंतर्गत नगर खरोरा के पीजीएम श्री भरत देवांगन हाईस्कूल में विगत 15 से 20 वर्ष पहले जनप्रतिनिधि एवं स्कूल स्टाफ और छात्र-छात्राओं द्वारा सागौन, खैर एवं अन्य प्रजाति के पेड़ों का वृक्षारोपण किया गया था। ये सभी पेड़ विशाल रूप ले लिया गया था जोकि स्कूल की सुंदरता एवं छांव और ऑक्सीजन का आधार था।

हाल ही में इन पेड़ों की कुछ दिनों पहले शाला विकास समिति द्वारा उचित कारण नहीं होने पर भी कटाई की गई और न ही वन विभाग, शिक्षा विभाग से पूर्व अनुमति लिया गया। जो कि सरासर गलत है। सरकार का नारा है ÷एक पेड़ मां के नाम÷, वहीं सरकारी स्कूल में ही पेड़ों की कटाई की जा रही है।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने पेड़ों की कटाई का घोर निंदा करते हैं और संबंधित समिति एवं व्यक्तियों के ऊपर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने की मांग करते हैं।

साथ ही मांग की गई है कि कटी हुई पेड़ों को क्या किया गया आखिर वह कहां हैं ये ज्ञात नहीं है ये जानकारी तहसील, वन, शिक्षा विभाग के पास रहना चाहिये, और गलत कटाई पर नियमानुसार कार्यवाही होना चाहिये वरना ब्लॉक कांग्रेस खरोरा तहसील कार्यालय का घेराव करेगी।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमिटी खरोरा के अध्यक्ष अश्वनी वर्मा, वरिष्ठ कॉंग्रेसी एवं पार्षद डॉ सुरेंद्र गिलहरे, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत पन्ना देवांगन, पूर्व पार्षद कपिल नशीने, ब्लॉक् कांग्रेस कार्यालय प्रभारी धनेश वर्मा, ब्लॉक् कांग्रेस मिडिया प्रभारी भानुप्रताप भट्ट, छाया पार्षद वार्ड 07 छबिला सेन, परमेश्वर नायक सहित कार्यकर्त्तावो की उपस्तिथि रही.

# सिविक एक्शन का आयोजन



समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।**जिले में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन में अहम भूमिका निभाने वाली सीआरपीएफ नक्सल प्रभावित इलाके में सीधे जनता से भी जुड़ने समय समय पर जन कल्याण कार्यक्रम चलाते रहती है।इसके तहत सीआरपीएफ 211 बटालियन ने नक्सल प्रभावित गांव पायलीखण्ड में सिविक एक्शन कार्यकम का आयोजन किया।जहा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया,इस परीक्षण में पता चला कि ज्यादातर ग्रामीण खून की कमी से होने वाले एनीमिया के शिकार हैं।जवानों ने तत्काल सभी को दवा उपलब्ध कराया है।इसके अलावा सभी वर्गों के ग्रामीणों को उनकी दिनचर्या के कई जरूरी सामान भेंट कर जवानों ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ सीआरपीएफ का जुड़ाव एंटी नक्सल ऑपरेशन का एक हिस्सा भी है। ऐसे अभियान चला कर पुलिस व जवान अंदरूनी इलाके में अपनी सकारात्मक छवि के जरिए पैठ बनाती है।

### बजट युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है : साहू

**नवापारा राजिम।** एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्णानंद साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। पूर्णानंद साहू ने बयान जारी कर कहा कि प्रदेश के लाखों युवा रोजगार की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन बजट में उनके लिए ठोस प्रावधान नजर नहीं आता। शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, , छात्रवृत्ति बढ़ाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की अपेक्षा थी, जो पूरी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं पर गंभीरता नहीं दिखाई। बजट में बड़े-बड़े दावे किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इससे आम जनता को राहत मिलने की संभावना कम है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का खेल प्रतीत होता है, जिसमें युवाओं और मध्यम वर्ग की आवाज को अनदेखा किया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की कि युवाओं के हित में विशेष पैकेज और रोजगार सृजन की ठोस योजना लाई जाए।



# महाशिवरात्रि महोत्सव पर त्र्यंबकेश्वर धाम ओना-कोना में पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**धमतरी।** जिला बालोद के ओना-कोना स्थित श्री त्र्यंबकेश्वर धाम में भव्य पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रुद्र महायज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा यज्ञ में आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, वेद मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।



महोत्सव के सफल आयोजन के उपरांत त्रयंबकेश्वर धाम के संस्थापक श्री तीरथ राज फूटान (गड्डी) नगर निगम कार्यालय धमतरी पहुंचे, जहां उन्होंने महापौर श्री रामू रोहरा से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने महापौर को स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

महापौर श्री रामू रोहरा ने भी श्री तीरथ राज फुटान का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और आयोजन की सफलता पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने त्रयंबकेश्वर धाम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए धर्म और संस्कृति के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।



# कलेक्टर ने छुरा पहुंचकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

समवेत शिखर संवाददाता

**छुरा।** गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिँह उइके सोमवार को छुरा नगर पहुंचे और बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह के निवास पर पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय राजदुलारी शाह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वातावरण अत्यंत भावुक एवं शोकपूर्ण रहा।

कलेक्टर उइके ने दिवंगत राजदुलारी शाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजदुलारी शाह का जीवन सादगी, सेवा और समर्पण का प्रतीक था। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि समूचे क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है।

कलेक्टर ने पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह एवं परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का संबल देते हुए भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर समय उनके साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय राजदुलारी शाह के सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व एवं सामाजिक सरोकारों में उनकी सक्रिय भागीदारी को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधीश के साथ पारस ठाकुर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मौजूद थे।

# 450 एकड़ भूमि कर लिए कब्जा, गांव में शव दफनाने के लिए भी नहीं बची जगह!

### तालाब के मेड़ में दफनाते हैं लाश

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** राजधानी रायपुर से लगे ग्राम फरहदा के ग्रामीण पिछले कई दशकों से इस समस्या से जूझ रहे हैं, गांव में कई सरपंच बने और चले गए लेकिन किसी के भी द्वारा गांव के हित के लिए ये गांव की सरकारी भूमि को कब्जामुक्त करने वालों से छोड़वाने का निर्णय नहीं लिया गया।

**लाश दफनाने की जगह भी नहीं बची**

ग्रामीणों ने बताया की हमारे गांव में 450 एकड़ लगभग सरकारी भूमि है, जिस पूरी भूमि को गांव के कुछ रसूखदार लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। कई तो ऐसे भी लोग है जो 40-50 एकड़ सरकारी भूमि पर कब्जा करके रह रहे हैं। गांव की भूमि के साथ रसूखदारों ने गांव की श्मशान घाट की भूमि तक को कब्जा कर रखा है। गांव का आलम ये है कि जब भी किसी ग्रामीण की मौत होती है तो शव दफनाने के लिए जगह नहीं है। लोग तालाब के मेड़ में लाश दफनाने के लिए मजबूर है।

**खेल मैदान की भूमि पर भी कब्जा**

आज से 10-12 वर्ष पहले जब डॉ रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने इस गांव में पहुंचकर युवाओं के लिए खेल मैदान की भी घोषणा की थी, लेकिन उसके तत्काल बाद ही खेल मैदान की भूमि पर भी लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया, आज इस गांव में खेल के लिए एक इंच भी भूमि नहीं हैं,



**घास भूमि पर भी कब्जा**

आज लगातार लोग गांव से अपने पशुओं को बाहर छोड़ने को इसलिए मजबूर हो रहे है, क्योंकि गांव में पशु के चरने के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं बची है, रसूखदारों को जितना मन लगा उतनी जमीन पर उनके द्वारा कब्जा किया गया है, पशु चरागान या कहे घास भूमि के लिए सरकारी दस्तावेज में आज भी भूमि उपलब्ध है, लेकिन उसे भी रसूखदारों ने नहीं छोड़ा है।

**कोतवाली भूमि तक को किया कब्जा**

गांव में कोतवाल प्रणाली कई दशकों से चली आ रही है। गाँव के कोतवाल को गांव का पुलिस भी कहीं जाती है, लेकिन बाद इसके रसूखदारों का हौसला इतना बुलंद है की गांव के जो कोतवाल है उसकी भूमि पर भी इन लोगों ने कब्जा करके रखे हुए है, गांव का कोतवाल भी अपनी भूमि को इन रसूखदारों से कब्जामुक्त करवाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहें है, लेकिन अब तक इन लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है।

**गांव के नए युवा सरपंच ने कब्जामुक्त कराने की करी पहल**

गांव के नए सरपंच बनते ही युवा सरपंच ने गांव के सरकारी जमीनों पर जिन लोगों ने कब्जा किया है, उसे कब्जामुक्त कराने का पहल की है। ग्रामीण के बीच सबसे पहले ग्राम सभा बुलाया गया और ग्राम सभा में यह निर्णय लिया गया की जितनी भी सरकारी भूमि है उसे रसूखदारों से कब्जा मुक्त करवाया जाएगा और उसने यह भी कहा गया कि जिस भूमि में घर या मकान बने हुए है उसे छोड़कर जहाँ लोगों ने कब्जा कर रखा है, उसे ही कब्जामुक्त करवाया जाए। ताकि किसी भी ग्रामीण के घर ना टूटे, कोई बेघर ना हो, किसी को कोई परेशानी ना हो। और प्रशासन को आवेदन किया गया की जितनी भी सरकारी भूमि है सभी भूमि चिन्हांकित करके ग्राम पंचायत को इसकी जानकारी दिया जाये ।

**कई जगह लगा आवेदन उसके बाद भी नहीं हो रही सुनवाई**

ग्रामीणों ने बताया की ग्राम सभा में निर्णय लेने के बाद गांव की सरकारी भूमि को चिन्हांकित करके देने के लिए कलेक्टर एसडीएम और तहसीलदार सबको आवेदन दिया गया है, की सरकारी भूमि ग्राम पंचायत को चिन्हांकित करके दी जाए, लेकिन इसके बावजूद आज तक ग्राम पंचायत को सरकारी भूमि चिन्हांकित करके नहीं दिया जा रहा है।

**प्रशासन रसूखदारों को बचाने में लगी**

ग्रामीणों ने बताया अपनी गांव की भूमि को कब्जामुक्त करवाने के लिए पिछले 6 महीनों से सरकारी दफ्तरों और नेताओं के चक्कर काट रहे हैं। बावजूद इसके बाद भी गांव की सरकारी भूमि कब्जामुक्त नहीं करवाई जा रही है। नेताओं का साथ और आश्वासन तो ठीक मिल रहा है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी हमारी कोई बात नहीं सुन रहे हैं।

# गुरुसिंघ सभा खरोरा के सिख समाज का नया अध्यक्ष नियुक्त

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** समाज सेवा और समर्पण की भावना से जुड़े प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री भूपिंदर सिंह सलूजा को गुरुसिंघ सभा, खरोरा के सिख समाज का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



गुरुसिंघ सभा के वार्षिक समाजिक कार्यक्रम एवं बैठक में एक सर्वसम्मति निर्णय लिया गया, जिसमें समाज के सभी गणमान्य सदस्यों ने श्री भूपिंदर सिंह सलूजा को न केवल अध्यक्ष के रूप में चुना, बल्कि उनके नेतृत्व में समाज को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए समर्थन भी जताया।

इस मौके पर सभा के आयोजकों ने बताया कि श्री भूपिंदर सिंह सलूजा ने हमेशा ही समाज हित में काम किया है और वे समर्पण, भाईचारे तथा सेवा-भावना के प्रति समर्पित रहे हैं। उनकी अध्यक्षता में आगामी वर्षों में गुरुद्वारा एवं समाज के विकास, युवा सशक्तिकरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।चुनाव के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि सलूजा जी की अगुवाई से समाज में एकता, आपसी सहयोग और सामूहिक सेवा की भावना और भी प्रबल होगी, तथा समाज के विकास के लिए नए कार्यक्रम लागू किए जाएंगे।

नए अध्यक्ष श्री भूपिंदर सिंह सलूजा ने भी धन्यवाद प्रदान करते हुए कहा कि वे सभी सदस्यो के विश्वास और सहयोग से समाज को एक नई दिशा देंगे और लंगर, कीर्तन, सेवाभावी कार्यों को और विस्तारित करेंगे।

समाज के लोगों ने उनके चयन पर खुशी जताई और आगामी योजनाओं को लेकर उत्साह व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क-हादसे में युवा भाजपा नेता समेत 4 की मौत



**अंबिकापुर/सूरजपुर।** नेशनल हाईवे-43 पर शांतिपारा के पास दो बाइकों की भिड़ंत में युवा भाजपा नेता समेत दो युवकों की मौत हो गई। एक घायल का इलाज अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में किया जा रहा है। वहीं, अंबिकापुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर केरता के पास दो बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। घटना सरगुजा के बतौली और सूरजपुर के खड़गवां चौकी क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात 8.30 बजे नेशनल हाईवे-43 पर शांतिपारा पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में पोकसरी निवासी युवा भाजपा नेता कमला प्रसाद उर्फसंजय यादव पिता मोतिया यादव (32) की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बाइक पर सवार पोकसरी निवासी राजू सिंह (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे बाइक में सवार बतौली कालीपुर निवासी प्रमोद कुजूर (35) का भी पैर टूट गया है।

### प्रदेश शासन का बजट निराशाजनक : मंडावी

**भाटापारा।** ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अमर मंडावी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस बजट को बड़े गर्व से संकल्प का नाम दिया है वह दरअसल जनता की उम्मीदों पर कुठाराघात है। यह बजट किसानों, मजदूरों, युवाओं और ग्रामीण समाज की वास्तविक समस्याओं को हल करने के बजाय राजनीतिक दिखावे और खोखले वादों का पुलिंदा बनकर सामने आया है। खासकर भाटापारा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति देखें तो साफलगता है कि सरकार ने जमीन की आवाज सुने बिना कागज पर योजनाएं गढ़ दीं है। ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा, सिंचाई परियोजनाओं की धीमी गति और किसानों की लागत बढ़ने जैसे मुद्दों पर बजट मौन है। सरकार की सोच राज्य की जरूरतों के मुकाबले बेहद सीमित नजर आती है। जहां गांवों में पेयजल, स्वास्थ्य केंद्र और स्कूलों को मजबूत करने की जरूरत है, वहां संसाधनों का झुकाव दिखावटी योजनाओं की ओर है। यह असंतुलन आने वाले समय में और संकट पैदा करेगा। युवाओं को रोजगार के नाम पर आश्वासन, किसानों को राहत के नाम पर घोषणाएं लेकिन ठोस नीति कहीं नहीं। यह बजट उम्मीदों को तोड़ने वाला है। घोषणाओं की लंबी सूची है, पर पिछली योजनाओं का अधूरा क्रियान्वयन बताता है कि यह भी फाइलों में ही सीमित रह सकता है। सरकार ने बजट को उपलब्धि की तरह पेश किया, जबकि जमीनी स्तर पर बदलाव का कोई ठोस खाका नजर नहीं आता। यह ज्यादा प्रचार और कम काम का उदाहरण है। तात्कालिक राहत और आकर्षक घोषणाओं के जरिए जनता को भ्रमित करने की कोशिश की गई है, जबकि दीर्घकालिक समाधान गायब हैं। औद्योगिक निवेश, कृषि सुधार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोई साहसिक कदम नहीं दिखता यह बजट भविष्य की तैयारी में विफल है।

### सिंगरौली कोल ब्लॉक मुद्दे को लेकर बजट सत्र में हंगामा

**भोपाल।** विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सिंगरौली जिले के धिरौली स्थित अडानी के कोल ब्लॉक का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि परियोजना के लिए 8 गांवों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है और कलेक्टर की सूची के अनुसार 12,998 परिवार प्रभावित हैं।सिंघार ने आरोप लगाया कि प्रभावित आदिवासी परिवारों को पूरा मुआवजा नहीं मिला, जबकि कुछ बाहरी लोगों को भुगतान किया गया। उन्होंने दावा किया कि थाना प्रभारी जितेंद्र भदौरिया की पत्नी को 15,94,990 रुपए और यातायात प्रभारी दीपेंद्र सिंह कुशवाह की पत्नी स्वाति सिंह को 14,42,482 रुपए मुआवजा दिया गया है, और इस मामले की जांच विधानसभा समिति से कराने की मांग की। कांग्रेस विधायक जांच समिति गठित करने की मांग पर अड़े रहे। अध्यक्ष के आश्वासन के बावजूद वे संतुष्ट नहीं हुए और विरोध जारी रखा।

# प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना और अवसरों का विस्तार हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री साय

» मुख्यमंत्री साय और पीजीटीआई अध्यक्ष कपिल देव ने नवा रायपुर में विश्वस्तरीय गोल्फ सुविधाओं के विकास पर की चर्चा

» और नवा रायपुर को भविष्य के गोल्फ गंतव्य के रूप में विकसित करना रहा

समवेत शिखर न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री कपिल देव को बेल मेटल से बनी प्रतिकृति, पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना के विकास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह व पीजीटीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमनदीप जौहल उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना, प्रशिक्षण और अवसरों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है।

पूर्व कप्तान कपिल देव ने छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास के इस माहौल में प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट मंच प्राप्त होगा तथा छत्तीसगढ़ सुरक्षित, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा।

चर्चा का मुख्य फोकस छत्तीसगढ़ में गोल्फ को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्त्वपूर्ण साझेदारी के तहत नवा रायपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की गोल्फ सुविधाएँ विकसित करने पर रहा, ताकि आने वाले समय में यहाँ वैश्विक स्तर के टूर्नामेंट आयोजित किए जा सकें। इस बातचीत में यह सोच भी सामने आई कि गोल्फकेवल एक खेल नहीं, बल्कि किसी क्षेत्र की पहचान, पर्यटन, आतिथ्य क्षेत्र और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने का मजबूत माध्यम बन सकता है।

बैठक में नवा रायपुर में अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप स्तर का गोल्फ कोर्स विकसित करने के प्रस्ताव पर विशेष रूप से विचार किया गया। इस दिशा में राज्य सरकार भूमि उपलब्ध कराने और जरूरी संस्थागत सहयोग देने की भूमिका निभा सकती है, जबकि पीजीटीआई निजी निवेश, तकनीकी विशेषज्ञता और अंतरराष्ट्रीय गोल्फ साझेदारियों को जोड़ने की दिशा में काम करेगा। दीर्घकालिक लक्ष्य एक ऐसा केंद्र तैयार करना है, जहाँ बड़े पेशेवर टूर्नामेंट, प्रशिक्षण अकादमियाँ और गोल्फ पर्यटन से जुड़ी गतिविधियाँ हो सकें।

बैठक में इस संभावना पर भी चर्चा हुई कि रायपुर और आसपास के क्षेत्रों में अधिक पेशेवर गोल्फ प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँ। इससे भारत के मध्य भाग की पहचान पेशेवर गोल्फ के मानचित्र पर और मजबूत हो सकती है। पीजीटीआई नेतृत्व ने कहा कि महानगरों से बाहर टूर्नामेंट बढ़ाने से नए खिलाड़ियों को अवसर मिलेंगे, युवाओं की रुचि बढ़ेगी, पर्यटक आएँगे और खेल पर्यटन के जरिए क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल मिलेगा। चर्चा का एक और महत्त्वपूर्ण पहलू 72 द लीग में नवा रायपुर फ्रेंचाइज़ी की संभावना रहा। भारत के इस नए फ्रेंचाइज़ी-आधारित पेशेवर गोल्फ प्रारूप में नवा रायपुर की भागीदारी क्षेत्र को एक नई खेल पहचान दे सकती है, दर्शकों और प्रशंसकों का जुड़ाव बढ़ा सकती है, कॉर्पोरेट भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकती है और छत्तीसगढ़ को एक उभरते हुए खेल केंद्र के रूप में स्थापित कर सकती है। पीजीटीआई प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि दुनिया के कई उदाहरण बताते हैं कि गोल्फ का विकास और पर्यटन की वृद्धि अक्सर साथ-साथ चलती है। जहाँ अच्छी गोल्फसुविधाओं में निवेश हुआ है, वहाँ होटल, रियल एस्टेट, सम्मेलन गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों से जुड़ी नई आर्थिक संभावनाएँ भी बढ़ी हैं।

### भाटापारा क्षेत्र में 2 मार्च को होलिका दहन व 4 मार्च को होली खेला जाएगा

**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में लगभग 50 से अधिक स्थान पर सार्वजनिक रूप से होलिका दहन का कार्यक्रम होगा इसको लेकर युवकों में अपार उत्साह का माहौल बना हुआ है और वे लगातार होलिका दहन के लिए लकड़ी व अन्य सामग्री एकत्र करने के कार्य में जुटे हुए है। चन्द्रग्रहण व भद्रा के कारण होलिका दहन 2 मार्च दिन सोमवार को होगा जिसमें रात्रि 8 बजकर 30 मिनट पर विशेष शुभ मुहुर्त बताया गया है । वहीं 3 मार्च मंगलवार को अपरांन्ह 3 बजकर 20 मिनट पर ग्रहण प्रारंभ होगा और यह सांय 6 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगा । ग्रहण के कारण 9 घंटा पहले शहर व क्षेत्र के तमाम मंदिर व देवालय के कपाट सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर बंद हो जायेंगे और ग्रहण समाप्ति के बाद रात्रि 7 बजे मंदिर व देवालय के पट खुल जायेंगे होली के रंग व गुलाल खेलने का दिन बुधवार 4 मार्च को निर्धारित किया गया है इस दौरान लोग होली पुरी तरह खेल सकेंगे । होलिका दहन के पश्चात दुसरे दिन ग्रहण व भद्रा काल के चलते जहां मंदिर व देवालय के कपाट बंद रहेंगे वहीं होली का रंग भी लोग खेल नही पायेंगे। होलिका दहन 2 मार्च को गेंहू की बाली अग्नि में समर्पित करने का विधान है वहीं अनेक लोग लौंग , काले तिल , कपुर व सुखा नारियल भी होलिका दहन में समर्पित करते है। जिससे सुख समृद्धि व पितृ दोष दुर होने की मान्यता है।



## फाग महोत्सव की उमंग खेली फूलों की होली



समवेत शिखर संवाददाता

**कुरूद।** नगर के श्री अमृतेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को श्री गौरीशंकर भजन ग्रुप द्वारा लगातार दुसरे वर्ष भजनो की श्रृंखला के साथ फूलों की होली खेली गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ देवो के महादेव श्री भोलेबाबा के श्रृंगार से हुआ।मनमोहक रूप से शिव जी का श्रृंगार उपरांत आरती पूजन के साथ कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। इस दौरान भजन मंडली की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक फाग गीतों की श्रृंखला से वातावरण में फागुन की महक से सराबोर कर दिया।'मुख मुरली बजाए' सहित एक से बढ़कर एक गीतों ने इस कार्यक्रम को सजा दिया सभी मातृशक्तियों ने एक दूसरे को फूलो की होली से सराबोर कर दिया और समरसता के रंग से इसे और मोहक बना दिया। नन्ही बालिका मिस्टी अग्रवाल श्री कृष्ण का रूप धारण कर सबका मन मोहने लगी। वहीं राधा रानी मेघा महावर और संध्या गोस्वामी बनी थी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिभा अजय चंद्राकर रही , उन्होंने सभी को इस पर्व की बधाई देते हुए इस आयोजन की तारीफ की।इस दौरान निक्की अग्रवाल , किरण सिंह, वीणा खत्री , संगीता श्रीवास्तव, नेहा चंद्राकर, श्वेता अग्रवाल, नमिता चंद्राकर,रेखा सिन्हा, रेखा भारती, गायत्री जी ,हेमलता साहू ,पूर्वी सुखमणि, भारती सुंदरानी, रेखा चांडक, सुरेखा चंद्राकर, संध्या गोस्वामी ,संगीता अग्रवाल ,अंजू साहू ,सीमा कोस्टा ,दीप्ति साहू, रामा चंद्राकर ,पुष्पा तिवारी, अनीता महावर, करुणा देवांगन, मेघा महावर ,विमल अग्रवाल, सुषमा बजाज ,ईश्वरी देशमुख, शारदा अग्रवाल ,चंद्रलेखा साहू, रानू सोलंकी ,मंजू अग्रवाल, रचना अग्रवाल ,गीता केला,सरिता देवांगन,भारती साहू ,रश्मि केला, प्रीति केला, मनीषा, दिशा, सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां और बहने उपस्थित थी।

## उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व में उड़न गिलहरी शावक का सफल रेस्क्यू, मां से कराया पुनर्मिलन

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व की टीम ने शिक्षकों की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से उड़न गिलहरी के एक शावक का सफल रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित रूप से उसकी माँ से मिला दिया। यह संवेदनशील रेस्क्यू ऑपरेशन मानवीय संवेदना और वन्यजीव संरक्षण के समन्वय का उदाहरण बन गया।रक्षापथरा प्राथमिक स्कूल के प्रधान पाठक धनसिंह नेगी और सहायक शिक्षक संतोष निषाद ने 25 फरवरी को सुबह लगभग 11:50 बजे सूचना दी कि गोना मार्ग पर गिरे सूखे धावड़ा वृक्ष पर एक अज्ञात शावक (उड़न गिलहरी) अकेला बैठा है और चींटियों से घायल हो रहा है। सूचना मिलते ही तौरेंगा (बफर) परिक्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और शावक को सुरक्षित कस्टडी में लेकर निरीक्षण किया।

मौके पर सूखे वृक्ष में उड़न गिलहरी का कोटर (घोंसला) मिला,लेकिन माँ नहीं दिखी।

बिलासपुर के वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट अभिजीत शर्मा के सुझाव पर शावक को पीपल और बरगद के फल तथा पानी दिया गया। चूंकि उड़न गिलहरी निशाचर होती है, इसलिए टीम ने शाम तक प्रतीक्षा की ताकि रात में माँ के लौटने की संभावना बनी रहे।शाम होते ही शावक को जंगल के समीप साजा वृक्ष पर सुरक्षित छोड़ा गया और बिना फ्लैश के ट्रैप कैमरा लगाया गया। टीम ने सुरक्षित दूरी बनाकर निगरानी रखी। रात लगभग 10 बजे मादा उड़न गिलहरी की आहट दर्ज हुई और करीब 12 बजे वह शावक को लेकर घने जंगल की ओर चली गई।



रेस्क्यू ऑपरेशन में रेंजर केजूराम कोरचे,वनरक्षक सुधांशु वर्मा,पेट्रोलिंग श्रमिक सूरज पात्रा और राजेंद्र नागेश की सक्रिय भूमिका रही।वन विभाग की टीम अगले दो दिनों तक आसपास के क्षेत्र में निगरानी रखेगी ताकि माँ और शावक की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व प्रबंधन ने इस संवेदनशील ऑपरेशन में योगदान देने वाले शिक्षकों,वाइल्डलाइफ एक्सपर्ट और स्थानीय पत्रकार हसन खान की सराहना की है।

Uniglobe.
Star India Travel
STAR ELITE
LUXURY REDEFINED
PREFERRED HOTEL PARTNER
TAJ
ANANTARA HOTELS·RESORTS·SPAS
WORLD OF HYATT.
ACCOR
FOUR SEASONS
MANDARIN ORIENTAL THE HOTEL GROUP
ROSEWOOD HOTELS & RESORTS




Vision
ELEVATED PERSONAL SERVICE
Depend on us for peace of mind
UNRIVALED SME TRAVEL EXPERTS
We get you
LOCAL OWNERSHIP & GLOBAL RELEVANCE
You'll feel at home wherever
Purpose
To drive client Success through better travel
Essence
Travel Well
Differentiator
We see Possibilities other can't
T : + 917714070803
M : + 919893146333
M : + 9199301709211
E : mbansal@uniglobestar.in
E : pbansal@uniglobestar.in
A 602-604, 6th Floor, Babylon Tower, VIP Square, Raipur, CHHATTISGARH-492001
Uniglobestar.in

## सुरक्षाबलों को सर्च ऑपरेशन में भारी मात्रा में मिला हथियार



### नक्सलियों द्वारा डंप किए गए हथियार के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री मिली

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों द्वारा डंप किए गए भारी मात्रा में हथियार के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री तथा मेडिकल वस्तुएं बरामद की है।

नारायणपुर एसपी रॉबिंसन विकास गुड़िया ने बताया कि विश्वसनीय सूचना पर त्वरित एवं एवं सुनियोजित एडीपी ऑपरेशन संचालित करने के दौरान ग्राम कुमुराडी क्षेत्र में नक्सली ठिकाना से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, आधुनिक एवं इंप्रोवाइज्ड हथियार तथा मेडिकल सामग्री एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद हुए हैं।

25 फरवरी को विश्वसनीय सूचना प्राप्त होने पर कार्रवाई करते हुए सीओबी मंदोडा, 53 वीं बटालियन आईटीबीपी और पुलिस बल के जवानों की एरिया डॉमिनेशन पेट्रोलिंग पार्टी ग्राम कुमुराडी के जंगल पहाड़ की ओर रवाना हुई थी। इस दौरान सघन सर्च ऑपरेशन में जवानों ने नक्सलियों के एक ठिकाने में छिपाकर रखे गए डंप को बरामद किया।

#### नक्सलियों के डंप में मिली सामग्रियां

जप्त सामग्रियों में प्राइमा कॉर्ड, सेफ्टी फ्यूज, ऑरेंज फ्यूज, लगभग 35 किलोग्राम सुतली बम, 38 किलोग्राम उर्वरक पाउडर (भूरा), 18 किलोग्राम इम्प्रोवाइज्ड विस्फोटक, 2.5 किलोग्राम चारकोल, 5 एएमएन पाउच, 1 इम्प्रोवाइज्ड रॉकेट लॉन्चर, 13 रॉकेट लॉन्चर सेल, 19 मोर्टार सेल (भारी), 11 मोर्टार सेल (हल्का), 1 बीजीएल लॉन्चर (इम्प्रोवाइज्ड - बड़ा), 1 बीजीएल लॉन्चर (इम्प्रोवाइज्ड - छोटा), 8 बीजीएल कारतूस (मध्यम), 15 बीजीएल कारतूस (छोटा), 12 बीजीएल कारतूस (बड़ा), 70 लंबी दूरी बीजीएल राउंड, 55 छोटी दूरी बीजीएल राउंड, 2 इम्प्रोवाइज्ड हैंड ग्रेनेड और चिकित्सकीय सामग्री एवं दवाइयां शामिल है।

### समर्पण की तैयारी कर रहे नक्सली एरिया कमांडर की हत्या



**जगदलपुर।** पड़ोसी राज्य ओडिशा के कंधमाल जिले से माओवादी संगठन में अंदरूनी हिंसा का मामला सामने आया है। दरिंगबाड़ी थाना क्षेत्र के पाकरी रिजर्व फॉरेस्ट में केकेबीएन ग्रुप के एरिया पार्टी कमांडर अन्वेष (22 लाख इनामी) की उसके ही साथियों ने हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, अन्वेष समर्पण की तैयारी में था। इसी शक में उसे मारकर जंगल में दफ्ना दिया गया। जानकारी के अनुसार, अन्वेष अपने करीब 12 साथियों के साथ सरकार की समर्पण नीति के तहत मुख्यधारा में लौटना चाहता था। यह बात संगठन के भीतर पहुंच गई। इसके बाद मोस्ट वांटेड नक्सली सुकुरु और अन्य साथियों ने उसे समझाने के बजाय रास्ते से हटाने का फैसला किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2023-25 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## न्यूज ब्रीफ

### भारत नेपाल संसदीय मैत्री समूह में बस्तर सांसद महेश कश्यप नामित

**जगदलपुर।** 18वीं लोकसभा हेतु गठित 'भारत-नेपाल संसदीय मैत्री समूह' में बस्तर सांसद महेश कश्यप को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह बस्तर क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। सांसद महेश कश्यप ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति हृदय से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और नेपाल के मध्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ रहे हैं। इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए वे दोनों देशों के बीच संसदीय संवाद, आपसी सहयोग और मैत्री को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पूर्णतः संकल्पित हैं। उन्होंने आगे कहा कि बस्तर के एक जनसेवक को अंतरराष्ट्रीय पटल पर भारत का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत गौरव का विषय है। यह नामांकन न केवल सांसद महेश कश्यप के लिए, बल्कि सम्पूर्ण बस्तर अंचल के लिए सम्मान और गौरव का क्षण है।

### पीएम श्री स्कूल केशकाल के विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र, केरलापाल का किया शैक्षणिक भ्रमण

**नारायणपुर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय केशकाल के 75 छात्र-छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र नारायणपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञ डॉ. हरेंद्र, डॉ. आलिया अफरोज एवं डॉ. अंकिता सिंह ने विद्यार्थियों को केंद्र में स्थापित विभिन्न इकाइयों का अवलोकन कराया। विशेषज्ञों ने बच्चों को विशेष रूप से हर्बल गुलाल बनाने की विधि, वर्मी कम्पोस्ट, मशरूम उत्पादन और उन्नत नर्सरी प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। फूलों और प्राकृतिक संसाधनों से तैयार होने वाले हर्बल गुलाल की इकाई बच्चों के आकर्षण का केंद्र रही। इस एक्स्पोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों और ग्रामीण स्वरोजगार के वैज्ञानिक तरीकों से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना था जिसमें छात्रों का काफी रुचि देखा गया।

### रायपुर में आयोजित शिविर में नारायणपुर के तीन दिव्यांगजनों को निःशुल्क बायोनिक हाथ प्रदाय

**नारायणपुर।** अस्थिबाधित दिव्यांगजन जिनके हाथ कोहनी से नीचे कटे हुए हैं, उनके पुनर्वास एवं सशक्तिकरण हेतु प्दंसप थ्वनदकंजपवद द्वारा समाज कल्याण विभाग के समन्वय से 20 से 23 फरवरी तक रायपुर में निःशुल्क कृत्रिम बायोनिक हाथ वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाज कल्याण विभाग, जिला नारायणपुर द्वारा जिले से तीन चिन्हांकित अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को शिविर में उपस्थित कराया गया। इनमें ग्राम बावड़ी निवासी श्री जमदेर पोटाई, ग्राम गरांजी के निवासी श्री सुनिल कुमार तथा नयापारा के निवासी श्री जयचंद शामिल थे। तीनों लाभार्थियों के हाथ कोहनी से कलाई के बीच कटे हुए थे। शिविर के दौरान विशेषज्ञ टीम द्वारा परीक्षण एवं माप लेने के उपरांत इन दिव्यांगजनों को निःशुल्क बायोनिक हाथ प्रदान किए गए। कृत्रिम हाथ प्राप्त कर लाभार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा शासन-प्रशासन एवं संस्था के प्रति आभार प्रकट किया।

# स्वास्थ्य सेक्टर में समर्पित होकर करें दायित्व निर्वहन : कमिश्नर

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** कमिश्नर श्री डोमन सिंह ने कहा कि बस्तर संभाग जैसे आदिवासी बहुल अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण है, जहां अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर सतत निगरानी, समन्वय और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए हुए कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं ही सशक्त समाज की नींव होती है। इसे मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य सेक्टर में समर्पित होकर दायित्व निर्वहन करें। वहीं दूरस्थ इलाकों में सभी विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन कर हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु सकारात्मक प्रयास किया जाए, इस दिशा में समन्वय कर विशेष शिविर भी आयोजित किया जाए। साथ ही आगामी ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने पूर्व तैयारी अभी से शुरू कर गर्मी के दिनों में पेयजल की पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश कमिश्नर ने बुधवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने बैठक के दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने पर जोर देते हुए कहा कि चयनित योजनाओं के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किए जाने पर ध्यान केन्द्रित करें। निर्धारित लक्ष्य के आधार पर योजना क्रियान्वयन को वरीयता दी जाए। कमिश्नर ने मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के तहत संवेदनशीलता के साथ दो आंख में मोतियाबिंद पीड़ितों को पहली प्राथमिकता देकर ऑपरेशन किए जाने कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित एसओपी के अनुसार जिला अस्पताल में आपरेशन थियेटर एवं सुविधाओं की उपलब्धता के अनुरूप आपरेशन किया जाए और जरूरत के अनुसार मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जगदलपुर एवं कांकेर सहित महारानी अस्पताल के अंबक नेत्र चिकित्सालय में पीड़ितों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने दिव्यांजनों को उनकी जरूरत के अनुरूप कृत्रिम अंग उपकरण प्रदाय करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत से दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किए जाने कहा। इन चिन्हित दिव्यांगजनों को दंतेवाड़ा और जगदलपुर स्थित कृत्रिम अंग यूनिट से कृत्रिम उपकरण सुलभ कराया जाए। कमिश्नर ने वनाधिकार पट्टों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। उन्होंने इस दिशा में मैदानी अमले के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर सम्बन्धित वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालयों में सम्बन्धित ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि ग्रीष्मकाल आरंभ होने के साथ ही पेयजल की दिक्कत के मद्देनजर जल प्रदाय योजनाओं, सोलर ड्यूल पम्पों एवं हैंडपंपों का समुचित संधारण सुनिश्चित किया जाए। सुधार योग्य जल प्रदाय योजनाओं तथा हैंडपंपों को अभियान चलाया जाकर अनिवार्य रूप से मरम्मत करवाया जाए।

## महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर में ग्रंथालय विभाग एवं भौतिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर प्रश्नावली (क्विज) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिनमें हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स, एआई समिट, गगनयान मिशन, बीस रुपये के सिक्के, छत्तीसगढ़ के अंतरिक्ष केंद्र तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जनक से संबंधित प्रश्न शामिल थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के लाइब्रेरियन श्री संजय कुमार पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े सामान्य ज्ञान से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि प्रश्न ही विद्यार्थियों के जीवन में समझ विकसित करते हैं, जो उनके भविष्य निर्माण में सहायक होते हैं। वर्तमान समय में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग शिक्षा, चिकित्सा, रक्षा, व्यापार और उद्योग सहित लगभग सभी क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जा रहा है।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से ग्रंथालय का उपयोग करने तथा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से प्रतियोगिता दर्पण, विज्ञान प्रगति, टारगेट टाइम्स, योजना, कुरुक्षेत्र और इंडिया टुडे जैसी पत्रिकाओं के साथ-साथ समाचार पत्रों के नियमित अध्ययन पर जोर दिया, ताकि छात्र समसामयिक घटनाओं से अवगत रह सकें। लाइब्रेरियन ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करना, विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करना तथा वैज्ञानिक खोजों एवं नवाचारों के प्रति रुचि जागृत करना है। साथ ही देश की प्रगति में वैज्ञानिकों के योगदान को स्मरण कर उन्हें सम्मानित करना भी इस दिवस का प्रमुख उद्देश्य है।

## बस्तर के नवाचार देख उत्साहित हुईं बिलासपुर की दीदियां

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में आजीविका के नए आयाम गढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक से आए 50 सदस्यीय दल ने बस्तर जिले का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य बस्तर के जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा और तोकापाल ब्लॉकों में संचालित सफल कृषि और पशुपालन मॉडल्स का गहन अध्ययन करना था। इस भ्रमण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित एक विस्तृत तकनीकी सत्र से हुई, जहाँ पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के क्रियान्वयन, किसानों के चयन की वैज्ञानिक प्रक्रिया और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बिलासपुर से आए प्रतिभागियों, समूह सदस्यों और कार्यालय स्टाफ को उप-समिति के कार्यों के साथ-साथ आजीविका सेवा केंद्रों द्वारा महिला किसानों को दिए जा रहे तकनीकी सहयोग की जानकारी दी गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कैसे एक व्यवस्थित कार्ययोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बना सकती है। सैद्धांतिक जानकारी प्राप्त करने के पश्चात दल ने क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सदस्यों ने विशेष रूप से ब्रूडिंग सेंटर और उन्नत मुर्गी पालन की बारीकियों को समझा, जिसमें मुर्गियों के आहार प्रबंधन से लेकर टीकाकरण की महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## नियद नेल्लानार योजना अबूझमाड़ के अंतिम छोर तक पहुंचा सुशासन आपके द्वार ,कलेक्टर भी पहुंची जटवर

समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** राज्य शासन की प्राथमिकता वाली श्नियद नेल्लानार योजना और श्सुशासन आपके द्वारश् कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन नारायणपुर ने अबूझमाड़ के अत्यंत संवेदनशील और दूरस्थ क्षेत्रों में विकास की नई किरण पहुँचाई है। कलेक्टर नम्रता जैन स्वयं मोटरसाइकिल से दुर्गम पहाड़ों, घने जंगलों और नदी-नालों को पार कर जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम तोके ,कोड़ेनार और जटवर का दौरा किया। नियद नेल्लानार योजना के तहत प्रशासन की यह पहुँच नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं और विश्वास की बहाली की दिशा में एक कदम है।

ग्राम पंचायत घमंडी के आश्रित ग्राम जटवर में पहली बार आयोजित जिला स्तरीय शिविर श्सुशासन आपके द्वारश् अभियान का आयोजन हुआ ।ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुना और स्पष्ट किया कि शासन की मंशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर विशेष जोर देते हुए कोड़ेनार, तोके और घमंडी पंचायत के सभी आश्रित ग्रामों में नए आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक शालाएं खोलने की बात कही ।घमंडी के उस शिक्षा दूतश् शिक्षक की भी सराहना की, जो कठिन परिस्थितियों में गाँव के पहले स्कूल का संचालन कर रहे हैं।

श्नियद नेल्लानारश् योजना के तहत बुनियादी सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित करते हुए शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहाँ ग्रामीणों के 158 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। इस दौरान 21 राशन कार्ड, 34 नरेगा जॉब कार्ड, 60 जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और 08 जाति प्रमाण पत्र सहित आधार व पेंशन कार्ड जारी किए गए। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड और पीएम-किसान कार्ड के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाया गया, वहीं जिला निर्वाचन कार्यालय ने नए मतदाताओं का पंजीकरण किया। कलेक्टर ने जटवर में साप्ताहिक बाजार प्रारंभ करने की मांग को शीघ्र पूर्ण करने का भरोसा दिलाया, जिससे स्थानीय ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा

कलेक्टर ने पुलिस कैंप कोड़ेनार में ग्रामीणों को दैनिक उपयोग की सामग्री और बच्चों को स्वेटर वितरित किए। उन्होंने महिलाओं को आधार और राशन कार्ड बनाने के लिए विभाग को निर्देशित किया एवं स्वास्थ्य विभाग की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरे में एसडीएम ओरछा डॉ. सुमित गर्ग, जनपद सीईओ लोकेश चतुर्वेदी एपीओ जिला पंचायत , उप संचालक कृषि,उप संचालक समाज कल्याण , स्वास्थ विभाग की टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। श्सुशासन आपके द्वारश् के तहत किए गए इस प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया है कि भौगोलिक चुनौतियाँ अब विकास के मार्ग में बाधा नहीं बनेंगी और श् नेल्लानारश् के माध्यम से अबूझमाड़ का हर गाँव अब श्अच्छा गाँवश् बनेगा।



## भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और हैंस नीमन के बीच पहला मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त



**नई दिल्ली।** प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अमेरिका के हैंस नीमन के साथ अपना पहला मुकाबला ड्रॉ खेला। सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद, नीमन के आक्रामक खेल और शुरुआती बलिदान के कारण गुकेश को कड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन अंततः उन्होंने बाजी बराबर कर ली।

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने मिडिल गेम में कुछ तनावपूर्ण क्षणों से गुजरने के बाद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के पहले दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन के साथ ड्रॉ खेला। गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन नीमन ने बर्लिन डिफेंस अपनाया। दोनों खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले की यह अच्छी शुरुआत थी। नीमन ने आक्रामक रुख अपनाया और 13वीं चाल पर ही एक मोहरे का बलिदान कर दिया, जिससे सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद गुकेश बैकफुट पर आ गये। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद हावी होने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने भी अच्छा खेल दिखाया और आखिर में बाजी ड्रॉ करने में सफल रहा। गुकेश को छोड़कर सफेद मोहरों से खेल रहे अन्य खिलाड़ियों ने पहले दौर में जीत हासिल की। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम काले मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें पहले दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। अब्दुसत्तोरोव के हमनाम और हमवतन नोदिरबेक याकुब्बोएव ने स्पेन के डेविड एंटोन गुज्जरो को जबकि स्थानीय खिलाड़ी नवारा डेविड ने ईरान के परहम मगसूदलू को हराया। चैलेंजर्स वर्ग में महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख ने हंगरी के शीर्ष वरीयता प्राप्त बेंजामिन ग्लेडुरा के साथ ड्रॉ खेला, लेकिन सूर्य शेखर गांगुली को नीदरलैंड के थॉमस बीर्डसेन के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

## साउथ अफ्रीका की सुपर-8 में लगातार दूसरी जीत, वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया

**अहमदाबाद (ए)।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने गुरुवार के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 176 रन बनाए। 177 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.1 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। कप्तान ऐडन मार्करम ने नाबाद 82 और रायन रिकेल्टन 45 रन बनाए।वेस्टइंडीज के लिए रोमारियो शेफर्ड ने नाबाद 52 रन बनाए। जबकि जेसन होल्डर 49 रन बनाकर आउट हुए। साउथ अफ्रीका की ओर से लुंगी एनगिडी ने 3 विकेट झटके। कगिसो रबाडा और कॉर्बिन बॉश को 2-2 विकेट मिले। टीम ने एक समय 83 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने 8वें विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी करके टीम को 170 पार पहुंचा




दिया। यह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में 8वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम सेमीफाइनल के बेहद करीब पहुंच गई है। अफ्रीका के 2 मैच में 4 अंक हो गए हैं। टीम ग्रुप-1 पॉइंट्स टेबल के पहले स्थान पर है। वहीं, वेस्टइंडीज 2 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत तीसरे और जिम्बाब्वे चौथे नंबर पर है।

साउथ अफ्रीकाः ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रायन रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, कॉर्बिन बॉश, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी

वेस्टइंडीज : ब्रैंडन किंग, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), शिमरोन हेटमायर, रोवमन पॉवेल, शेरफन रदरफोर्ड, रोस्टन चेज, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोती और शमार जोसेफ।

### 40 साल का सफर और 'सूबेदार' का जोश!अनिल कपूर बोले- सिनेमा ने मुझे हमेशा चुनौती दी है

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास में अनिल कपूर एक ऐसे अभिनेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने समय की सीमाओं को मात देते हुए खुद को हर दौर में प्रासंगिक बनाए रखा है। उनकी सबसे बड़ी खूबी उनका अतुलनीय अनुशासन और कभी न खत्म होने वाला उत्साह है, जो चार दशकों के बाद भी उन्हें युवा कलाकारों के समकक्ष खड़ा करता है। अपनी फिटनेस के प्रति समर्पण हो या हर किरदार में जान फूँकने की कला, अनिल कपूर ने खुद को केवल एक 'सितारे' तक सीमित नहीं रखा, बल्कि एक 'वर्सेटाइल परफॉर्मर' के रूप में स्थापित किया। उनकी सहजता और काम के प्रति उनका 'झक्कास' जुनून ही है जो उन्हें बॉलीवुड का सदाबहार नायक बनाता है। अभिनेता अनिल कपूर ने अपने 40 से अधिक वर्षों के करियर में हर तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड सितारे का कहना है कि सिनेमा में उनका शानदार सफर उनके अंदर के अभिनेता को लगातार प्रेरित करता है और उसे चुनौती देता रहता है। कपूर अपनी अगली फिल्म ÷सूबेदार÷ में एक सेवानिवृत्त सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने कहा कि इस फिल्म के एक्शन दृश्यों ने उनकी खूब परीक्षा ली। उन्होंने यह पत्रकारों से कहा, ÷मैं दर्शकों, मीडिया, अपने सभी दोस्तों, सह-कलाकारों, अभिनेत्रियों और निर्देशकों का तहे दिल से आभारी हूं। यह अनुभव बेहद शानदार और संतोषजनक रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतनी फिल्में करूंगा और आप सबके सामने बैठूंगा। उन्होंने कहा, यह सब देखकर मुझे लगता है कि मुझे और मेहनत करनी चाहिए, अच्छी फिल्में करनी चाहिए और अच्छे लोगों के साथ काम करना चाहिए।



## मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर लेकर आया मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल डेस्टिनेशंस में से एक मिंत्रा अपने 19वें जन्मदिन के अवसर पर मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) लेकर आया है। यह ईवेंट 28 फरवरी से शुरू होगी। मिंत्रा इनसाईडर कस्टमर्स को 24 घंटे पहले यानी 27 फरवरी से इसकी अरली एक्सेस मिल जाएगी। इस एडिशन में फैशन, ब्यूटी और लाईफस्टाईल श्रेणियों में 20,000 से अधिक इंटरनेशनल और मेड-इन-इंडिया ब्रांड्स के 6 मिलियन से अधिक स्टाईल उपलब्ध होंगे।

जिन ब्रांड्स की मांग ज्यादा रहने की उम्मीद है, उनमें एचएंडएम, नाईक, मैंगो, लेवीज़, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, अनूक, लिबास, स्काईबैग्स, सेरावे, बाथ एंड बॉडी वर्क्स और मैक शामिल हैं।




मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट के तीसरे एडिशन के बारे में बात करते हुए, मिंत्रा के कैटेगरी और रेवेन्यू हेड, रितेश मिश्रा ने कहा, 'मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट देश में लाखों लोगों के साथ अपने सफर को खुशनुमा बनाने के लिए हमारी एक खास ईवेंट है। मिंत्रा के 19 वर्ष पूरे होने पर, हम अपने ग्राहकों के प्यार और हजारों ब्रांड पार्टनर्स के विश्वास के लिए आभारी हैं, जिन्होंने देश में फैशन के परिदृश्य में परिवर्तन लाने में मुख्य भूमिका निभाई है। जहाँ हम ई-कॉमर्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करते जा रहे हैं, वहीं हमारा ध्यान एक्सिलेंस बढ़ाते रहने और फैशन, ब्यूटी एवं लाईफस्टाईल शॉपिंग में आधुनिक ग्राहकों के अनुभव को लगातार बेहतर बनाने पर केंद्रित रहता है।' आगामी शादियों के सीज़न और ईद एवं होली जैसे त्योहारों को देखते हुए इस एडिशन में मेंस और वीमेंस एथनिक वियर, ब्यूटी और पर्सनल केयर एवं वॉच और वियरेबल्स की श्रेणियों में तेजी रहने की उम्मीद है। वीमेंस और मेंस वेस्टर्न वियर, मेंस एपरेल, स्पोर्ट्स वियर, और स्प्रिंग-समर एसेंशियल्स में भी अच्छी मांग रहेगी क्योंकि नए सीज़न में शॉपर्स अपनी वारड्रोब को रिफ्रेश करते हैं। इस दौरान लोगों से मिलना-जुलना बढ़ने और ट्रैवर बढ़ने के कारण ट्रैवल एसेंशियल्स, फुटवियर, किड्स वियर, एक्सेसरीज़ और उपहारों की श्रेणियों में भी मांग बढ़ेगी।

### इंडसइंड बैंक ने नेक्स्ट-जेन यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म को किया लाइव

**मुंबई (ए)।** इंडसइंड बैंक ने आज घोषणा की कि उसके डिजिटल बैंकिंग चैनल अब नेक्स्ट-जेन यूपीआई प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म पर लाइव हो गए हैं। यह कदम भारत के रियल-टाइम पेमेंट इकोसिस्टम में एक परिवर्तनकारी उपलब्धि है। यह नया प्लेटफॉर्म उन्नत गति, स्केलेबिलिटी और विश्वसनीयता को एक साथ जोड़ते हुए डिजिटल बैंकिंग में नया मानक स्थापित करता है और बैंक के लाखों ग्राहकों तथा देशभर के व्यापारियों को निर्बाध, उच्च-प्रदर्शन भुगतान अनुभव प्रदान करता है। यूपीआई 6.0 नाम से जाना जाने वाला यह प्लेटफॉर्म माइंडगेट सॉल्यूशंस द्वारा विकसित छठी पीढ़ी का अपग्रेड है, जो हाइपर-स्केलेबल, क्लाउड-रेडी और मजबूत आर्किटेक्चर पर आधारित है तथा अत्याधुनिक रियल-टाइम पेमेंट स्टैक प्रदान करता है। इंडसइंड बैंक इस नेक्स्ट-जेन प्रोसेसिंग प्लेटफॉर्म पर क्लाउड के माध्यम से जारीकर्ता और अधिग्रहणकर्ता दोनों सेवाओं के लिए लाइव होने वाला पहला निजी बैंक बन गया है। इस अपग्रेड से रिकवरी टाइम (आरटीओ) में 30 प्रतिशत की तेजी आई है और वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ 75 प्रतिशत तक अधिक स्केलेबिलिटी क्षमता उपलब्ध हुई है।

## सैमसंग ने लांच की गैलेक्सी एस26 सीरीज़, मिलेगा इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और एआई का शानदार अनुभव

**नई दिल्ली।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज गैलेक्सी एस26 सीरीज़ लॉन्च की है, जिसमेंकमाल की परफॉर्मेंस, इंडस्ट्री का अग्रणी कैमरा सिस्टम और गैलेक्सी एआई अनुभव हैं जो लोगों के रोज़मर्रा के फोन टास्क को आसान बनाएंगे। गैलेक्सी स26, एस26+ और एस26 अल्ट्रा सैमसंग की तीसरी पीढ़ी के एआई फोन हैं और यह बैकग्राउंड में बड़ी ही आसानी से जटिल टास्क संभालते हैं, जिससे यूज़र्स सिर्फ़ परिणामों पर फोकस कर सकते हैं।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ, प्रेसिडेंट और डिवाइस एक्सपीरियंस डिविजन के हेड, टीएम रोह ने गैलेक्सी एस26 सीरीज़ के



साथ, हमने एआई को इतना आसान बनाने पर फोकस किया है कि यह बैकग्राउंड मेंचुपचाप काम करे, ताकि लोग सिर्फ़ उन चीज़ों पर ध्यान दें जो मायनेरखती हैं। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा सैमसंग का अब तक का सबसे पतला सिर्फ़ 7.9 एमएम का अल्ट्रा डिवाइस है और इसमें मोबाइल फोन में दुनिया का पहलाबिल्ट-इन प्राइवेसी डिस्प्ले पेश किया गया है। रोज़मर्रा की स्थितियों जैसेट्रांसिट, कैफे और शेयर्ड जगहों के लिए डिज़ाइन किया गया प्राइवेसी डिस्प्ले, मोबाइल डिवाइस पर पहले कभी नहीं मिला - इसके हार्डवेयरऔर सॉफ्टवेयर मिलकर प्राइवेसी की रक्षा करते हैं और आपके व्यूइंगअनुभव पर भी कोई असर नहीं पड़ता। गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा स्नैपड्रैगन. 8 एलीट जेन 5 मोबाइल प्लेटफॉर्म फॉर गैलेक्सी से पावर्ड है – जो अब तक की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस देता है। इसमें सुपर फास्ट चार्जिंग 3.0 की भी खूबी है, जिससे फोन सिर्फ़ 30 मिनट में 75त्न तक चार्ज हो जाता है।

# विद्यालयों में प्रोजेक्ट मापन मेला का असर, गतिविधि आधारित शिक्षण को मिला विस्तार



समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** बम्हनीडीह विकासखंड के प्राथमिक विद्यालयों में 21 फरवरी को मापन संबंधी गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। 12 फरवरी को बीआरसी भवन में आयोजित उन्मुखीकरण बैठक के बाद पिछले तीन महीनों से कक्षाओं में चल रहे अभ्यास का यह सार्वजनिक प्रदर्शन रहा। यह केवल एक दिवसीय कार्यक्रम न होकर बच्चों द्वारा सीखी गई अवधारणाओं को साझा करने का अवसर बना।

विकासखंड के 100 से अधिक विद्यालयों में बच्चों ने लंबाई, वजन, धारिता, समय-कैलेंडर, आकृतियाँ, परिमाप-क्षेत्रफल तथा मुद्रा-बिल निर्माण जैसी अवधारणाओं को गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया। बीईओ, सीएसी एवं सीआरसी ने विद्यालयों का भ्रमण कर गतिविधियों का अवलोकन किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया, वहीं प्रधानपाठकों ने विद्यालय स्तर पर सफल नेतृत्व प्रदान करते हुए गतिविधियों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया।

गतिविधियों के दौरान बच्चों ने पहले वस्तुओं का अनुमान लगाया, फिर मानक इकाइयों से वास्तविक मापन कर तुलना की। तराजू-बाट से तौलना, स्केल-मीटर से नापना, घड़ी पढ़ना, कैलेंडर पहचानना तथा नकली नोटों से खरीद-बिक्री कर बिल बनाना प्रमुख अभ्यास रहे। गतिविधियाँ अलग-अलग स्टॉल तक सीमित न रहकर कक्षा में सीखे ज्ञान की निरंतरता के रूप में प्रस्तुत की गईं।

शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित नई पाठ्यपुस्तकों के दिशा-निर्देशों को केंद्र में रखते हुए शिक्षण किया। पाठ्यपुस्तक गतिविधियों, कार्यपुस्तिका अभ्यास और स्थानीय उदाहरणों को जोड़कर बच्चों को ÷करके सीखने÷ का अवसर दिया गया, जिससे गणित दैनिक जीवन से जुड़ सका।

कार्यक्रम में समुदाय की भागीदारी भी रही। घरेलू वस्तुएँ, बर्तन, अनाज तथा पारंपरिक माप-तौल की जानकारी को सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में शामिल किया गया और कई स्थानों पर अभिभावक भी बच्चों के साथ जुड़े।

अवलोकन में पाया गया कि नियमित अभ्यास वाले विद्यालयों में बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ गतिविधियाँ संचालित कीं तथा आगंतुकों को स्वयं समझाया। बीआरसी द्वारा संदेशों एवं प्रेरक वीडियो के माध्यम से लगातार मार्गदर्शन और सतत निगरानी की गई, वहीं सीएसी-सीआरसी के नियमित सहयोग से गतिविधियों का प्रभावी संचालन हुआ।

इस पहल के अंतर्गत ÷मापन मित्र विद्यालय÷ की अवधारणा भी विकसित की जा रही है, जिसमें बच्चे विद्यालय परिसर की वस्तुओं, कक्षाओं, बर्तनों तथा व्यक्तियों की ऊँचाई-वजन आदि का मापन अंकित कर आगंतुकों को विद्यालय का गणितीय परिचय देंगे। आगामी शैक्षणिक सत्र से इसे नियमित कक्षा-प्रक्रिया के रूप में सभी विद्यालयों में लागू करने की योजना है।

इस प्रक्रिया से बच्चों में गणित का भय कम होने, आत्मविश्वास बढ़ने तथा दैनिक जीवन में गणित के उपयोग की समझ विकसित होने की उम्मीद व्यक्त की गई।

## 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक में मिला पीलिया का लक्षण

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-40, मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक व्यक्ति के सैंपल में पीलिया के लक्षण मिले हैं। वार्ड से संकलित पानी के 35 सैंपलों की जांच में सिर्फ एक सैंपल में बैक्टीरिया एक्सेप्टेबल रेंज से ऊपर मिला है। शहर में दो फिल्टर प्लांट्स के माध्यम से 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।अंबिकापुर नगर निगम के आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 106 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से मिशन अमृत-1 के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति योजना लागू की गई है। इसका कार्य पूर्ण हो गया है एवं संचालन-संधारण का कार्य प्रगतिरत् है। योजना के तहत ग्राम सोहगा में इंटेकवेल का निर्माण कर कतकालो में 15 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र बनाया गया है। मिशन अमृत-1 के अंतर्गत 10 लाख लीटर क्षमता का ग्राउण्ड लेवल स्टोरेज रिजर्वायर (जीएलएसआर) बनाया गया है। 4 नवीन पानी टंकियों का निर्माण कर तथा विभिन्न साइजों के लगभग 241 कि.मी. पाइपलाइन बिछाकर जल प्रदाय किया जा रहा है। शहर के सभी 48 वार्डों में आवश्यकतानुसार पाइपलाइन का विस्तार किया गया है।आयुक्त ने बताया कि निगम क्षेत्रान्तर्गत कुल 32.5 एमएलडी जल प्रदाय किया जाता है। इसमें तकिया आधारित पुरानी जल प्रदाय व्यवस्था अन्तर्गत पीवीसी एवं एसीपी पाइपलाइन को बदला गया है। पुराने डीआई पाइप को परिवर्तित नहीं किया गया था। जिस स्थान पर डीआई पाइप खराब हो गया था, वहां पर इन्हें बदला गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण कर दिया गया है। निगम आयुक्त ने बताया कि मोमिनपुरा में 40-45 पीलिया के मरीज होने की सूचना के तत्काल बाद अंबिकापुर नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य विभाग से जानकारी प्राप्त की गई एवं तुरंत प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण व संदिग्ध घरों का चिन्हांकन करते हुए 23 फरवरी और 24 फरवरी को कुल 35 पानी के सैंपल एकत्रित कर अंबिकापुर शासकीय मेडिकल कॉलेज में ई-कोलाई बैक्टीरिया की जांच के लिए भेजा गया।

# सुकली में विज्ञान मेला का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता




**जांजगीर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुकली में विज्ञान मेला का आयोजन प्रधानपाठक तुलाराम कश्यप के सफल निर्देशन में आयोजित हुआ। मेला का शुभारंभ डीएम सी हरिराम जायसवाल ,एपीसी श्रीमती हेमलता शर्मा द्वारा सरस्वती माता के तेल चित्र पर धूप दीप पूजा अर्चना कर किया गया।

बच्चों ने विज्ञान के विविध माडल तैयार कर आकर्षक साज सज्जा के साथ मेला में उत्साह पूर्वक भाग लिए।विज्ञान प्रभारी श्रीमती धर्मिन गढ़वाल के मार्गदर्शन में बच्चे माडल बनाए हुए थे।तकनीकी सहायता में दीप्ति राठौर का सराहनीय योगदान रहा। बच्चे कुल 9 स्टाल लगाए हुए थे ।जिनमें वैज्ञानिकों को पहचानोनम्रता, नीलम, चांदनी ज्योति द्वारा, मॉडल बनाओ माही ,भूमिका ,योगेश्वरी द्वारा, चुंबकत्व लक्ष्मीन, मेघा, अनुराग,नंदनी द्वारा, प्रकाश का प्रतिबिंब वैष्णवी और चंचल , मापन रागिनी, भावना अमीषा , पदार्थ का पृथक्करण मयंक,हनी,प्रगति, सौरभ, सूक्ष्म संसार का अवलोकन आभा, आयुष, रितेश,निकिता अम्ल क्षार परीक्षणसाबिया, रेणुका,कविता,मानवी,विद्युत की चालकता का परीक्षणदेवराज,आकाश, दीपक, रुपेश ने विज्ञान मेला में बनाए माडल को उपयोग कर बताया।डी एम सी हरिराम जायसवाल,एपीसी श्रीमती हेमलता शर्मा, घनश्याम देवांगन प्रधान पाठक, डॉ.बोधीराम साहू प्रधान पाठक ,भुवनेश्वर देवांगन ,श्रीमती किरण परिहार ने माडल का अवलोकन कर बच्चों से प्रश्न पूछे। इस दौरान श्रीमती सावित्री सराफश्रीमती सेवती साहू,श्रीमती जानकी पटेल,प्रभा वैष्णव,श्रीमती शारदा राठौर मैडम सहित विद्यालयीन स्टॉप उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक रंगों से महकेगी होली: सांसद ने बिहान की दीदियों द्वारा निर्मित 'हर्बल गुलाल' को सराहा

### सांसद ने नागरिकों से की सुरक्षित ईको-फ्रेंडली होली की अपील

समवेत शिखर संवाददाता

**अम्बिकापुर।** होली के पावन पर्व पर रंगों के उत्सव को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सरगुजा जिले के 'बिहान' (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस वर्ष भी भारी मात्रा में हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। सांसद महोदय ने महिलाओं के इस इको-फ्रेंडली रंगों की सराहना करते हुए नगर वासियों से स्वदेशी और प्राकृतिक रंगों के साथ होली मनाने की अपील की है।




**फूलों और सब्जियों से तैयार हो रहे चटख रंग**

बिहान योजना अंतर्गत कार्यरत अम्बिकापुर विकासखण्ड के राधे कृष्ण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाएं गेंदे के फूल, पलाश के फूल, चुकंदर, पालक भाजी, हल्दी, चंदन, बेसन सहित अन्य प्राकृतिक सामग्री से रंग तैयार कर रही हैं। इन रंगों के निर्माण में किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थ का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे यह पूर्णतः प्राकृतिक एवं सुरक्षित है।

**स्वस्थ समाज और स्वावलंबी महिलाएं÷**

सांसद महोदय ने बिहान की महिलाओं के कार्यों का अवलोकन कर उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने संदेश दिया कि इस होली अपने परिवार और मित्रों के साथ सुरक्षित रंगों का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को खरीदकर हम न केवल अपनी त्वचा की रक्षा करते हैं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बनाते हैं।

**क्यों खास है बिहान का हर्बल गुलाल**

त्वचा के अनुकूल 100% प्राकृतिक होने के कारण त्वचा के लिए पूरी तरह सुरक्षित। एलर्जी मुक्तः केमिकल रहित होने से आंखों और त्वचा में जलन या इरिटेशन का खतरा नहीं। सुगम उपयोगः इसे उपयोग के बाद आसानी से धोया जा सकता है। पर्यावरण हितैषी मिट्टी और जल को प्रदूषित नहीं करता।

**महिलाओं के आत्मनिर्भरता का रंग**

बिहान योजना के तहत महिलाओं द्वारा बनाया गया यह गुलाल न केवल सुरक्षित त्यौहार का संदेश दे रहा है, बल्कि 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को भी मजबूत कर रहा है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिहान आउटलेट्स और समूह के केंद्रों से ही गुलाल की खरीदी करें ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिले।

# दूषित पानी की खबरें महज अफवाह, जांच रिपोर्ट में पानी पूरी तरह सुरक्षित: एमआईसी सोनी

### नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को बताया भ्रामक और 'गंदी राजनीति', मेडिकल कॉलेज और एनएबीएल की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पीलिया से मौत की खबरों का किया खंडन



समवेत शिखर संवाददाता

**अम्बिकापुर।** नगरपालिक निगम अंबिकापुर के मोमिनपुरा तथा नवागढ़ क्षेत्र में दूषित पानी सप्लाई के नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के आरोपों का खंडन करते हुए नगर निगम एम आई सी जल प्रदाय प्रभारी जितेंद्र सोनी ने इसे भ्रामक व पूर्णतः असत्य बताया है । उन्होंने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा है कि नेता प्रतिपक्ष बिना किसी आधार के आम जानता के बीच अफवाह फैला कर भय का वातावरण बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि अत्यंत घातक और गंभीर है। उन्होंने इस विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 22 फरवरी को जब से समाचार पत्रों में यह समाचार छपा तब से नगर निगम के अमले ने प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल भ्रमण कर संभावित घरों से नल की पानी का सैंपल इकट्ठा किया तथा जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर व सूरजपुर एन ए बी एल केंद्र में भेजा , जिसकी जांच रिपोर्ट भी आ गई है। जांच रिपोर्ट में पानी के सभी सैंपल मानक पर खरे उतरे हैं तथा रिपोर्ट में पानी से किसी भी प्रकार की बीमारी की आशंका नहीं जताई गई है।

आगे उन्होंने नेता प्रतिपक्ष द्वारा पीलिया से हुई दो मौतों की बात को बिल्कुल झूठा बताया तथा इस पर सीएमएचओ द्वारा जारी रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि दोनों बीमार व्यक्तियों की मृत्यु दूसरे अन्य बीमारियों से होना प्रमाणित है ।

नगर निगम एम आई सी जल प्रदाय प्रभारी जितेंद्र सोनी ने कांग्रेस तथा नेता प्रतिपक्ष द्वारा अंबिकापुर शहर में दूषित जल प्रदाय से पीलिया महामारी का अफवाह फैलाने की गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है । उन्होंने आम जानता को कांग्रेस के इस झूठे अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी है ।

आगे उन्होंने विस्तार से आकड़ों के साथ जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 23 फरवरी को नवागढ़ क्षेत्र से आरजू होटल गली निम्मा ख़ातून, तस्लीम ख़ातून , अली, आवेश, इम्तियाज़ आलम , अकरम, न्यू नटराज काम्प्लेक्स , फ़ैज़ान , अरहम हक , मोहम्मद रहमान, छोटू चिकन शॉप , मुस्लिम अंसारी , मो वसीम तथा जसीम के घरों से 100 एमएल पानी के सैंपल लिए गए जो अपने मानक पर खरे उतरे । इसी तरह 24 फरवरी को पुनः अयान मार्ग मोमिनपुरा हबीब नगर मुर्गी मोहल्ला एवं नवागढ़, पर्राडाड, आरजू होटल क्षेत्र में नाजरीन बेगम, शहनाज़ , सुहैल, रुखसार, सखर आलम, आवेश, मुबारक, आखरो ख़ातून, मोहम्मद मुमताज़ , शहजादी परबीन तथा रेशमा एज़ाज़ , हाज़रा ख़ातून घर, मोहम्मद खुर्शीद अली, मो अली घर , मो महफ़ूज़ आलम जुनैद घर , शाहान सुबान अली घर , तस्लीमा घर , मिन्हाद घर , नज़रीन बेगम घर , मस्जिद घेरा खरसिया नाका के घरों से पानी का सैंपल ले कर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल अंबिकापुर में जांच हेतु भेजा गया जिसके जांच रिपोर्ट में पानी सही पाया गया । पानी जांच के क्रम में 25 फरवरी 2026 को पर्राडाड, अयान मार्ग, रसूलपुर तथा बरेज पारा मोहल्ले में तसलीमा घर , मुख्तार अंसारी, अख्तर अली , हसनैन मोमिनपुरा, मैमुद्दीन अंसारी, सुल्ताना, कलमुद्दीन कादरी , सावरिया इंटरप्राइज़ेज़ के सामने , मो शाहिद रसूलपुर , पब्लिक टेप- एम्बिशन स्कूल गली से पानी का सैंपल लिया गया।

# विकासखण्डों की पंचायतों में कृषि पखवाड़ा का किया जा रहा आयोजन

### किसानों को फसल विविधीकरण व जैविक खेती के लिए किया जा रहा जागरूक

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में 13 फरवरी 2026 से 03 मार्च 2026 तक कृषि पखवाड़ा अंतर्गत कृषक चौपालों का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखण्डों के ग्राम भक्तूडेरा, तुर्री, नगरदा, पलाडीकलां, लहंगा, पतेरापाली, सुन्दरेली, सिपाहीमुडा, सकरेली कलां, जुनवानी, सर्जुनी, मसनियाकलां, अमलीटिकरा, बोरदा, औरदा, बंदौरा, डिक्सी, ढिमानी, जमगहन, खेमड़ा, पिहरीद, बडेपाड़रमुड़ा, बोकरेल, सपिया, भेड़ीकोना, मरघट्टी, बरमांठा, बड़े सीपत, बिरहाभांठा, गोपालपुर, घुरकोट, सेमरापाली, बेनीपाली, बरतुंगा, पुरैनाबुढ़ा, छवारीपाली, बरभांठा, बोहारडीह, सिरियागढ़, बघौद, रेड़ा, अकोलजमोरा, बघनीपाली, खैरमुढ़ा, धौराभांठा, बोडसरा, सिरली, करौवाडीह, छितापंडरिया, आमाकोनी, जुनवानी, ठठारी, धिवरा, अमोदा, भातमाहूल, जमड़ी ग्राम पंचायतों में कृषक चौपाल आयोजित किए गए।




कृषि चौपालों में जिले में व्याप्त जल संकट को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की अपील की गई। आगामी खरीफ वर्ष 2026 की तैयारी के तहत फरवरी से मई 2026 तक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की सलाह दी गई तथा संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की जानकारी दी गई। धरती माता बचाओ अभियान' के अंतर्गत जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही पी.एम. आशा योजना के तहत दलहन एवं तिलहन फसलों के पंजीयन हेतु किसानों का आह्वान किया गया तथा जिले में खरीदी के लिए 06 समितियां पंजीकृत की गई हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी, भूमि विवरण अद्यतन, आधार सीडिंग, अपात्र एवं संदिग्ध प्रकरणों के सत्यापन और सक्रिय किसानों का फार्मर आईडी निर्माण तथा जिले में ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी कर मक्का, दलहन एवं तिलहन फसलों का क्षेत्र विस्तार का कार्य सात प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

एग्रीस्टेक पंजीयन से वंचित किसानों का शिविरों के माध्यम से पंजीयन किया जा रहा है। चौपाल में फसल विविधीकरण, रबी में बीज उत्पादन कार्यक्रम लेने हेतु किसानों को जानकारी दी जा रही है जिसे उन्नत बीज के क्षेत्र में भी किसान आत्मनिर्भर हो सके, किसान क्रेडिट कार्ड (के.सी.सी.) के माध्यम से किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ग्रीष्मकालीन फसल में अनुशंसित उर्वरक का उपयोग हेतु किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

## अवैध महुआ शराब कारोबार का भंडाफोड

**सक्ती।** कलेक्टर के निर्देश एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सक्ती द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। दिनांक 25 फरवरी 2026 को गश्त के दौरान आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वार्ड नंबर 10 जोंगरा निवासी मनोज जायसवाल पिता हरिशंकर जायसवाल अपने घर में महुआ शराब को बिक्री के उद्देश्य से अवैध रूप से संग्रहित कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल ने तत्काल टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की पुष्टि के लिए विभाग द्वारा पहले एक छद्म खरीददार को भेजा गया। जिसने मनोज जायसवाल से महुआ शराब खरीदी। बिक्री की पुष्टि होते ही आबकारी टीम ने मौके पर पहुंचकर विधिवत जांच एवं तलाशी की कार्रवाई की।

# अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्स फेडरेशन का राष्ट्रीय अधिवेशन कुरूक्षेत्र में हुआ

### छत्तीसगढ़ से आरके थवाईत बने राष्ट्रीय सचिव, सुरेंद्र चौधरी अध्यक्ष, वजीर सिंह महासचिव, अरुणा घोष बनी वित्त सचिव नियुक्त







समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर चांपा/ रायगढ़।** देवेंद्र कुमार पटेल प्रदेश महामंत्री छग प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया किअखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर्स फैडरेशन का 2 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन कुरुक्षेत्र केसैनी समाज धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन में 400 प्रतिनिधि 100 आब्जर्वर शामिल हुए । अधिवेशन के दूसरे दिन महासचिव द्वारा सांगठनिक प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष ने वित्त रिपोर्ट प्रस्तुत किए । राष्ट्रीय महामंत्रीऔर कोषाध्यक्ष के प्रतिवेदन पर 23 प्रतिनिधियों ने बहस में हिस्सा लिया। दोनों प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से पास किया गया।

कुरुक्षेत्र में आयोजित इस द्वितीय राष्ट्रीय अधिवेशन मे छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के प्रान्ताध्यक्ष आर.के.थवाईत के नेतृत्व मे सर्व श्री आर एस छत्री प्रदेश सलाहकार जांजगीर, अरुण कुमार वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष रायगढ़ , श्री सुंदर सिंह ठाकुर प्रदेश महामंत्री बिलासपुर, देवेंद्र कुमार पटेल प्रदेश महामंत्री रायगढ, सोहन डहरिया प्रदेश संयोजक अभियंता प्रकोष्ठ जांजगीर, अशोक राठौर प्रदेश सचिव जांजगीर ,डी के शर्मा प्रदेश संगठन सचिव, पी आर कौशिक संभागीय संयोजक बिलासपुर, डी आर श्रीवास संभागीय सचिव बिलासपुर, महेश कुमार साव नगर अध्यक्ष बिलासपुर,आर आर यादव बिलासपुर, पी आर सोनी बिलासपुर, मदन सिंह उपाध्यक्ष रायगढ,टीकाराम पटेल रायगढ़, अनंत सिन्हा प्रदेश उपाध्यक्ष अंबिकापुर शामिल हुए। अधिवेशन में आगामी 3 वर्षों के लिए सर्व सम्मति से राष्ट्रीय सांगठनिक कमेटी का गठन किया गया जिसमें सुरेंद्र चौधरी अध्यक्ष (बिहार) वजीर सिंह महासचिव (हरियाणा), अरुणा घोष वित्त सचिव (पश्चिम बंगाल) निर्मल दास,(उड़ीसा) ,बी.कृष्णमूति (तमिलनाडु) डी वेंकटेशवारलून (आंध्र प्रदेश) को सहायक महासचिव, एन चंद्रशेखर रेड्डी, जय धरण, सालिक मौलिकार, एसपी सिंह, रामधर शर्मा, देविया मथा पट्टी, पला काजा, राजकुमार दुबे,अनंत सिन्हा , करम सिंह धनौवा, को उपाध्यक्ष,गुरु सिद्धा , सुरजीत दास, बुद्धा जी सरकर, मंजीत सैनी , कल्यानम नागेश्वर राव, रामेश्वर सिंह, हरभजन सिंह खुन्नगर, सतीश कुमार राणा, आर.के. थवाइत, प्रभु दास, को सचिव निर्वाचित घोषित किया गया,नव निर्वाचित केंद्रीय कमेटी को अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुभाष लांबा ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। अधिवेशन के समापन अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने बोलते हुए कहा कि पेंशनर्स की मांगों को लेकर आंदोलन जारी रहेंगा। इसके साथ ही सभी मांगों को लेकर देशभर में जिला मुख्यालयो पर आयोजित होने वाले प्रदर्शन में भी भाग लेंगे । आंदोलन के दूसरे चरण में 21 अप्रैल को मांग दिवस के रूप में देशभर में सभी जिलों व राज्यों की राजधानीयो पर विशाल प्रदर्शन करेंगे।

# पत्थलगांव भोजपुरी सम के अध्यक्ष बने धनजंय तिवारी

### हनुमान मंदिर में हुई बैठक

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** इससे पहले बैठक की शुरुआत में भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा कर नवीन कार्यकारिणी बनाने कहा जिस पर भोजपुरी समाज ने नवीन कार्यकारिणी के रूप में

भोजपुरी समाज के बैठक में लंबे कार्यकाल के बाद नवीन कार्यकारिणी का किया गया गठन अध्यक्ष बने धनजंय तिवारी को अध्यक्ष , श्यामनारायण गुप्ता, संजय तिवारी, बंटी सिंह (भांचा) और प्रमोद साहू को उपाध्यक्ष, पवन यादव, जगदीश राठौड़, सचिव, अमर तिवारी को कोषाध्यक्ष, एवं नीरज गुप्ता और हरी जायशवाल को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई

भोजपुरी समाज के संरक्षक मनोज तिवारी ने अभय प्रताप सिंह एवं उनके टीम के पूरे कार्यकाल को बेहतरीन एवं सम को नई ऊँचाई देने वाले बताया जिस तरह अभय सिंह ने भोजपुरी समाज को एकजुट रखते हुए अपना कार्यकाल पूरा किया उसे बनहि भुलाया जा सकता ।अभय प्रताप सिंह ने भोजपुरी समाज के नए अध्यक्ष धनजंय तिवारी एवं सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब एक परिवार की तरह है। सबको साथ लेकर भोजपुरी समाज को नई ऊंचाई देने कार्य करना होगा जिसमें सभी भोजपुरी समाज का साथ मिलता रहेगा।

भोजपुरी समाज के अध्यक्ष धनजंय तिवारी ने कहा कि समाज ने बड़ी जिम्मेदारी दीया है जिसे मैं पूरी जिम्मेदारी से पूरा करने कोशिश करूंगा आप सभी का साथ और हमारे नवीन टीम के साथ भोजपुरी समाज की नई उन्मीद नई ऊंचाई के तरफबढ़ता कदम आगे बढाते चलेंगे हम सब अलग अलग होकर भी एक परिवार की तरह निभाते आये है। उसे और गहराई से आगे बढ़ाएंगे भोजपुरी समाज को आग बढाएंगे।जिसके लिए सभी संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष बड़े भैया अभय प्रताप सिंह के साथ भोजपुरी समाज के हर एक लोग का साथ चाहिए हम सब मिलकर भोजपुरी समाज को नए आयाम नई ऊंचाई देने का प्रयास करेंगे।

उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने कहा कि भोजपुरी समाज ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं बढ़ चढ़ कर पूरा करूंगा समाजिक कार्यो में आगे बढ़ कर कार्य करेंगे

उपाध्यक्ष संजय तिवारी ने अपबे उद्बोधन में कहा कि काफी अर्से से हमारा भोजपुरी समाज एक परिवार की तरह साथ चल रहा है जो बहुत अच्छी बात है। हमारा समाज सभी को साथ मे लेकर आगे बढ़ने जाना जाता है। जब से एक हुए है तभी से हमारी अपनी पहचान भोजपुरी समाज के रूप है जो लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। युवाओ को जोड़ना उन्हें आगे लाना हमारे लिए महत्वपूर्ण होगा।

इस बैठक में संरक्षक बच्चन दुब्बे, मनोज तिवारी, शिव शंकर गुप्ता, अरुण गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, विजय साहू, अभय प्रताप सिंह, कृष्णा सिंह, सुनील गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, अवधेश गुप्ता, रमेश तिवारी, अनिल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, प्रमोद साहू, छोटेलाल गुप्ता, इंद्रपाल यादव, लालबाबू शाह, राजकुमार , कुंदन गुप्ता , बंटी सिन्हा, कुंदन शर्मा, ओझा महराज, राजू साहू, रोशन साहू, प्रमोद सिंह, बिनोद गुप्ता, वीरेंद्र तिवारी, राहुल सहित अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।